**3 राजधानी** आठ दिन में 800 बिके सुपर सेवर कार्ड

**6 अभिमत** भारत से संबंध मजबूत करेंगे अल्बानीज़

**10 विदेश** उत्तर कोरिया ने मिसाइलों का किया परीक्षण

**12 स्पोर्ट्स** गत चैम्पियन जोकोविच तीसरे दौर में



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 214
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर




मैं बचपन से ही विद्रोही तेवर वाली हूं
राष्ट्रीय-9



www.dailypioneer.com


# यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा

● आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में आजीवन कारावास पाए कश्मीरी अलगाववादी पर हैं कई बेहद गंभीर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सबसे अग्रणी अलगाववादी नेताओं में से एक यासीन मलिक को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में उम्रकैद की सजा देते हुए कहा कि इन अपराधों का मकसद देश के दिल पर हमला करना और भारत संघ से जम्मू-कश्मीर को जबरदस्ती अलग करने का था। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने गैर-कानूनी गतिविधियां निरोधक अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग अवधि की सजा सुनाईं।

न्यायाधीश ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की तरफ से की गई मृत्युदंड की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मलिक को जिन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है वे गंभीर प्रकृति के हैं। न्यायाधीश ने कहा, इन अपराधों का उद्देश्य भारत के विचार की भावना पर प्रहार करना था और इसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को भारत संघ से जबरदस्ती अलग करना था। अपराध अधिक गंभीर हो जाता है क्योंकि यह विदेशी शक्तियों और नामित आतंकवादियों की सहायता से किया गया था। अपराध की गंभीरता इस तथ्य से और बढ़ जाती है कि यह एक कथित शांतिपूर्ण राजनीतिक आंदोलन के पर्दे के पीछे किया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि जिस तरह से अपराध किए (शेष पेज 4)



कड़ी सुरक्षा के बीच नई दिल्ली के पटियाला हाउस न्यायालय जाता यासीन मलिक

## आतंकी से लेकर अलगाववादी का सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** प्रशिक्षित आतंकवादी से लेकर कश्मीर में अलगाववादियों का प्रमुख चेहरा बनकर उभरा प्रतिबंधित जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का प्रमुख यासीन मलिक पिछले तीन दशकों में सीमा से सटे अशांत प्रदेश में विभिन्न कारणों से सुर्खियों में रहा। एनआईए अदालत द्वारा बुधवार को उम्र कैद की सजा पाने वाला 56 वर्षीय यासीन मलिक 1990 के दौर में आतंकवाद की शुरूआत के पहले अपने छात्र जीवन के समय से ही जेल आता-जाता रहा। अपनी रिहाई के बाद वर्ष 1994 में हिंसा का रास्ता छोड़कर राजनीति में आने वाले मलिक ने गांधीवादी तरीके से विरोध करने की घोषणा की थी और उसे अलगाववादी खेमे में एक उदारवादी आवाज के तौर पर देखा जाता था। एक पाकिस्तानी कलाकार से शादी करने वाले मलिक की 10 साल की बेटी भी है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मलिक को 2019 की शुरूआत में 2017 में दर्ज आतंक (शेष पेज 4)

## गुपकर घोषणापत्र गठबंधन ने कहा, सजा दुर्भाग्यपूर्ण

**श्रीनगर (भाषा)।** गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) ने बुधवार को कहा कि कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को दिल्ली की अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे शांति के प्रयासों को धक्का लगा है। पीएजीडी के प्रवक्ता एम. वाई. तारिगामी ने एक बयान में कहा कि अदालत के फैसले से अलगाववादी भावनाओं में और इजाफा होगा। तारिगामी ने कहा, यासीन मलिक को आजीवन कारावास की सजा देना दुर्भाग्यपूर्ण है और शांति के प्रयासों को धक्का है। हमें डर है कि इससे क्षेत्र में अनिश्चितता और बढ़ेगी तथा अलगाववादी भावनाएं और बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि एनआईए अदालत ने फैसला सुनाया लेकिन न्याय नहीं दिया। पीएजीडी ने मलिक को सभी कानूनी रास्ते अपनाने का भी सुझाव दिया। वहीं मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले हर्रियत कॉन्फ्रेंस ने बुधवार को दिल्ली की (शेष पेज 4)

## आतंकी साजिश के मामले में पीडीपी नेता वहीद उर रहमान को मिली जमानत

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने आतंकी साजिश के मामले में डेढ़ साल बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वरिष्ठ नेता वहीद उर रहमान पारा को बुधवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि अभियोजन द्वारा जुटाए गए साक्ष्य इतने अधूरे हैं कि पारा को राहत से वंचित नहीं किया जा सकता। पारा की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विनोद चटर्जी कौल एवं न्यायमूर्ति संजीव कुमार की पीठ ने एक लाख रुपए के मुचलके पर उन्हें जमानत प्रदान की तथा उनपर पासपोर्ट जमा करने समेत कई शर्तें भी लगाईं। पंद्रह पन्नों के अपने आदेश में अदालत ने पारा को निर्देश दिया कि जब भी जरूरत होगी, वह जांच अधिकारी के सामने पेश होंगे तथा निचली अदालत की पूर्वानुमति के बगैर जम्मू-कश्मीर संघ शासित क्षेत्र से बाहर नहीं जाएंगे। पारा को पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने (शेष पेज 4)

# विपक्ष भी करे मर्यादा का पालन: योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान**सभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की टिप्पणी को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोंक-झोंक हो गई। जिस पर सदन का माहौल थोड़ा तनावपूर्ण हो गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ सत्ता से मर्यादा की अपेक्षा ना करें, विपक्ष भी इसका पालन करे तो बेहतर होगा।

दरअसल राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए केशव मौर्य ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव का जिक्र करते हुए कहा कि बतौर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में किए गए कामों का गुणगान कर रहे थे लेकिन ऐसा होता तो जनता चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ नहीं करती। उन्होंने अखिलेश यादव द्वारा योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं की

● उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य की टिप्पणी पर भड़के अखिलेश तो मुख्यमंत्री ने दी नसीहत

शुरुआत तत्कालीन सपा सरकार के कार्यकाल में होने के दावों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते थकते नहीं हैं। यह आपको कौन सा रोग है? अगर कोई रोग है तो मैं कहूंगा कि आप जांच करा लीजिए। निवेदन करूंगा कि नेता प्रतिपक्ष जहां से भी चाहें, ठीक से इलाज करा लें।

हर योजना पर समाजवादी पार्टी का स्टिकर चस्पां करने के इस रोग से अब मुक्त हो जाइए। आप पांच साल बाहर रह चुके हैं। अब पांच और साल के लिए फिर बाहर हो गए हैं। आने वाले 25 साल तक आपका नंबर लगने वाला नहीं है। केशव ने कहा कि उन्होंने एक ज्योतिष से समाजवादी पार्टी (शेष पेज 4)

## हर सरकार को अपनी उपलब्धि को बताने का अधिकार: मुख्यमंत्री

**नेता** प्रतिपक्ष और डिप्टी सीएम केशव मौर्य के बीच शुरू हुई भिड़ंत को संभालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सम्मानित नेता के खिलाफ असभ्य शब्दों का प्रयोग उचित नहीं। सवाल सैफई का नहीं है। हम लोग जो विकास कार्य करा रहे हैं या आपकी सरकार के समय जो कार्य हुए होंगे, वह हमारी ड्यूटी थी। सरकार, सरकार होती है और हर सरकार को अपनी उपलब्धि को कहने का अधिकार है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा (शेष पेज 4)

# सिब्बल ने छोड़ी कांग्रेस, सपा के समर्थन से राज्यसभा का पर्चा भरा

● जावेद अली ने भी राज्य सभा के लिए सपा की ओर से पर्चा भरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व** केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल व पूर्व राज्यसभा सदस्य जावेद अली खां ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान सिब्बल के साथ सपा अध्यक्ष के अलावा पार्टी के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव तथा अन्य वरिष्ठ सपा नेता भी मौजूद थे। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सिब्बल को समर्थन देकर आजम खां की नाराजगी को दूर करने की कोशिश की है।

सिब्बल ने भ्रष्टाचार तथा कई अन्य आरोपों में लगभग 27 महीने तक सीतापुर जेल में बंद रहे सपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक आजम खां को उच्चतम न्यायालय से जमानत दिलवाने में उनके वकील के तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खां अपने प्रति कथित बेरुखी को लेकर सपा नेतृत्व से नाराज चल रहे हैं।

आजम से बढ़ती दूरियों के बीच मुस्लिम मतदाताओं को भी साधने का प्रयास करते हुए समाजवादी पार्टी ने संभल के जावेद अली खां पर दोबारा भरोसा जताया है। सपा ने जावेद अली को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बनाकर कई समीकरण साधने के प्रयास किए हैं। जावेद अली खां प्रोफेसर राम गोपाल के काफी करीबी बाने जाते है। 2004 में जब संभल से प्रो. रामगोपाल यादव ने लोकसभा चुनाव लड़ा तो उस दौरान जावेद अली खां ने पूरी मेहनत की थी। जावेद 2014 से 2020 तक राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। सपा ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताते हुए (शेष पेज 4)



लखनऊ में राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते कपिल सिब्बल। साथ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव

# बारामूला में हुई मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर

● सुरक्षा बल की संयुक्त टीम को मिली सफलता, पुलिस अधिकारी शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**सुरक्षा** बलों की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के क्रीरी इलाके के नजीभात क्रासिंग के पास हुए एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादी संगठन के तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में पुलिस अधिकारी मुदासिर अहमद शहीद हो गए। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादियों की पहचान हनीफ, अली भाई और शाह वली के रूप में की है, जो सभी पाकिस्तान के निवासी हैं और पिछले तीन से चार महीनों से इस क्षेत्र में सक्रिय थे। कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि जहां पुलिस बल अपने एक जवान के मारे जाने से दुखी है, वहीं तीन आतंकवादियों को मार गिराना एक बड़ी सफलता है। डीजीपी दिलबाग सिंह के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद मुदासिर अहमद को श्रद्धांजलि दी। उनके पिता ने कहा कि मेरे बेटे ने मासूमों की जान बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी और लड़ते-लड़ते मर गया, मुझे (शेष पेज 4)

## आतंकवादियों ने टीवी अभिनेत्री को मार डाला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों ने एक टीवी अभिनेत्री की उसके घर पर ही गोली मारकर हत्या कर दी और महिला की पहचान अमरीन भट के रूप में की गई है। कश्मीर जोन की पुलिस ने एक ट्वीट करके कहा, रात करीब सात बजकर 55 मिनट पर आतंकवादियों ने जिले के चदूरा इलाके के हुशरू निवासी खजीर मोहम्मद भट की बेटी अमरीन भट को घर पर ही गोली मार दी।

## कैप्टन अभिलाषा बनीं सेना की पहली लड़ाकू विमान चालक

**भाषा।** नई दिल्ली

**कैप्टन** अभिलाषा बराक बुधवार को भारतीय सेना की पहली कॉम्बैट एविएटर (लड़ाकू विमान चालक) बनीं। अधिकारियों ने बताया कि नासिक स्थित कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित समारोह में उन्हें सेना के 36 अन्य पायलटों के साथ विंग्स प्रदान किया गया। एक अधिकारी ने बताया, कैप्टन बराक पहली सफल महिला अधिकारी बन गई हैं जो सेना के उड्डयन कमान में शामिल हुई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि कॉम्बैट आर्मी एविएशन पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद हासिल किया है। कैप्टन बराक हरियाणा की रहने वाली हैं और सितंबर 2018 में उन्हें सेना के हवाई रक्षा कोर में कमीशन मिला था। वह कर्नल (अवकाश प्राप्त) एस ओम सिंह की बेटी हैं। अधिकारी ने बताया कि कैप्टन अभिलाषा ने सेना के उड्डयन में शामिल होने से पहले कई सैन्य पेशेवर पाठ्यक्रमों को पूरा किया था।

# अमेरिकी स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी में 19 बच्चों सहित 21 लोगों की मौत



टेक्सास में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और चिकित्साकर्मी

**भाषा।** ह्यूस्टन

**अमेरिका** में टेक्सास राज्य के एक प्राथमिक स्कूल में एक कक्षा के भीतर 18 वर्षीय बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलीबारी कर 19 बच्चों समेत 21 लोगों की हत्या कर दी और कई अन्य लोग इस घटना में घायल हो गए। इसके बाद पुलिस कार्रवाई में हमलावर मारा गया। घटना के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सांसदों से हथियार संबंधी कानूनों को कड़ा करने की भावुक अपील की। सैन एंटोनियो से 134 किलोमीटर दूर टेक्सास के उवाल्डे

● पुलिस कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया

शहर के रॉब एलीमेंट्री स्कूल में मंगलवार पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे गोलियों की आवाज सुनाई दी। टेक्सास डिपार्टमेंट फॉर पब्लिक सेफ्टी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट क्रिस ओलिवरेज़ के अनुसार, सभी लोग एक ही कक्षा के भीतर हताहत हुए। उन्होंने सीएनएन को बताया कि हमलावर ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और उसने दो शिक्षकों तथा 19 बच्चों की हत्या कर दी। ओलिवरेज़ ने (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,749 | ↓ | 303 | |
| निफ्टी | 16,025 | ↓ | 99 | |
| सोना | 50,935 | ↓ | 13 | /10g |
| चांदी | 61,567 | ↓ | 101 | /kg |

## क्विक न्यूज

### तीन लोस और सात विस सीटों के लिए उपचुनाव 23 को

**नई दिल्ली।** देश के छह राज्यों में तीन लोकसभा और सात विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 23 जून को होंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। लोकसभा सीटों में उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ और रामपुर है जो क्रमशः समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और मोहम्मद आजम खान के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद खाली हुई है। एक लोकसभा सीट पंजाब के संगरूर की है जिसे भगवंत मान ने राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद छोड़ा है। जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें दिल्ली की राजेंद्र नगर सीट है जो आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने राज्यसभा सदस्य बनने के बाद छोड़ी है। अन्य विधानसभा सीटों में झारखंड की मंदार, आंध्र प्रदेश की अतमाकुर और त्रिपुरा की अगरतला, टाउन बोरदोवाली, सुरमा और जुबराजगनर सीट है।

## ज्ञानवापी-शृंगार गौरी प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी** शृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से मुकदमा दाखिल किया गया है। यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री किरन सिंह ने दाखिल किया है। इस दौरान हिंदू पक्ष की ओर से वाद दाखिल करने वाले लोग भी शामिल रहें। इस मामले में दोपहर दो बजे के बाद सुनवाई हुई तो ज्ञानवापी केस सिविल जज ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया। सिविल जज रवि दिवाकर ने नई याचिका को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा है जिसकी सुनवाई के लिए 30 मई नई तिथि मुकर्रर कर दी गई है। अब इस केस की सुनवाई जज महेंद्र पांडेय करेंगे। दूसरी ओर ज्ञानवापी मामले को लेकर चल रही सुनवाई को देखते (शेष पेज 4)

# श्रीराम लला के गर्भगृह पर योगी रखेंगे पहली शिला

● श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयारियों में जुटा, प्रमुख संत धर्माचार्य और मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग होंगे शामिल

● उपमुख्यमंत्री अयोध्या प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी भी रहेंगे मौजूद

**संवाददाता।** अयोध्या

**एक** जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम लला के जन्म स्थान पर वैदिक मंत्रों के पूजन के उपरांत तराशी हुई प्रथम शिला रखेंगे, जिसकी तैयारी ट्रस्ट की तरफ से जोर शोर से की जा रही है। तराशी हुई प्रथम शिला रखे जाने के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी, वरिष्ठ संत, धर्माचार्य, आंदोलन से जुड़े हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अयोध्या जनपद के प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य भी उपस्थित रहेंगे। शिलान्यास के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्री राम लला के गर्भगृह के साथ प्रथम तल का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा करना चाहता है। इसी लक्ष्य को देखते हुए निर्माण कार्य भी बहुत तेजी से किया जा रहा है। मिट्टी के परीक्षण से लेकर के रिटेनिंग वॉल नींव के स्थान पर कंक्रीट का पहाड़ बनाना और वर्तमान समय में फर्श तैयार करने का कार्य तेजी से चल रहा है जिसमें समय समय पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय प्रेस के साथ-साथ समाज को भी मंदिर निर्माण की जानकारी देते रहते हैं। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र का दिल्ली से अयोध्या दौरा तथा हो रहे निर्माण कार्यों के प्रत्येक पहलुओं पर ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय सहित अन्य लोगों के साथ बैठक कर कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश देने से मंदिर का कार्य लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता जा रहा है और जब पिलिंथफर्श का (शेष पेज 4)



श्री राम मंदिर निर्माण के लिए तराशी गई शिलाएं

## आईआरसीटीसी की रामायण यात्रा की शुरुआत 18 जून से

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे के उपक्रम आईआरसीटीसी के भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन 21 जून से 18 दिवसीय रामायण सर्किट यात्रा से शुरू हो रहा है, जिसके अंतर्गत नेपाल स्थित जनकपुर को भी पहली बार ट्रेन से जोड़ा जाएगा।

भारत और नेपाल के दो पवित्र तीर्थ स्थलों अयोध्या एवं जनकपुर को जोड़ती हुई पहली पर्यटक ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट पर प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों का पर्यटन कराएगी। नेपाल स्थित जनकपुर में राम जानकी मंदिर का भ्रमण भी ट्रेन टूर में शामिल होगा। आईआरसीटीसी, लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत गौरव पर्यटक ट्रेनै द्वारा श्री रामायण यात्रा के लिए बुकिंग की जा रही है।

ट्रेन 21 जून को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। भारत गौरव एसी पर्यटक ट्रेन, 21 जून को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 18 दिनों की यात्रा पर रवाना होगी। सिन्हा ने बताया, यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली से 21 जून को रवाना होगी। यह पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। यह दोनों देशों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूती प्रदान करेगी।

यह ट्रेन 18 वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 8000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया, पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में ऐसी तृतीय श्रेणी के 11 कोच होंगे। साथ ही (शेष पेज 4)

# हर जरूरतमंद को उपलब्ध कराया राशन कार्डः योगी

**● मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी का जताया आभार, कहा देश में 80 करोड़ लोगों को मुहैया कराई मुफ्त राशन की सुविधा, यूपी में भी 15 करोड़ को मिला लाभ**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में बीमारी से कई गुना ज्यादा मौतें भुखमरी से होती थीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मैं इसके लिए धन्यवाद देना चाहूंगा कि कोराना जैसी वैश्विक संकट के बावजूद उन्होंने देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मुहैया करायी। यूपी में भी तकरीबन 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला। भाजपा की डबल इंजन की सरकार दीपावली के बाद से तो मुफ्त खाद्यान्न के साथ-साथ मुफ्त दाल, तेल, रिफाइंड, नमक और अंत्योदय कार्ड धारकों को एक किग्रो चीनी भी उपलब्ध करा रही है। जो सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है।



मुख्यमंत्री बुधवार को विधान परिषद में प्रश्न प्रहर के दौरान बसपा सदस्य भीमराव अम्बेडकर की ओर से पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। अम्बेडकर ने मुख्यमंत्री से सवाल किया था कि निशुल्क खाद्यान्न योजना के अन्तर्गत बीपीएल कार्ड धारकों के अतिरिक्त अन्य किन लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अंबेडकर को इस संवेदनशील मुद्दे को उठाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सवाल उठाकर उन्होंने अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब जानते हैं कि 2017 में सरकार आने के बाद हमारी सरकार ने हर उस जरूरतमंद के लिए, जिसे खाद्यान्न से वंचित किया गया था उन्हें राशन कार्ड उपलब्ध करवाने का कर्य किया गया है। इससे बड़ा दूसरा प्रमाण और क्या हो सकता है कि इस सदी के सबसे बड़ी महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश के अन्दर यहां के निवासी हों या हमारे प्रवासी कामगार और श्रमिक हों, इन सबको न केवल खाद्यान्न के किट उपलब्ध कराए गए बल्कि मुफ्त में राशन की व्यवस्था, भारत सरकार के स्तर पर भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण खाद्यान्न योजना के माध्यम से भी और राज्य सरकार के माध्यम से भी उपलब्ध करवाए गए और यह व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई कि किन्ही कारणों से अगर किसी परिवार ने अपना राशन कार्ड नहीं बनवाया है तो नेशनल पोर्टेबिलिटी का जो सिस्टम लागू हुआ है, इसका उद्देश्य ही यही है कि अगर यूपी का कोई श्रमिक मध्य प्रदेश में महाराष्ट्र में दिल्ली में कर्नाटक में, केरल में कहीं रह रहा है या वहां का कोई श्रमिक या नागरिक उत्तर प्रदेश में रह रहा है तो हम उस राशन कार्ड को जो उसने वहां बनवाया है और नेशनल पोर्टेबिलिटी के साथ जुड़ा हुआ है तो उसे खाद्यान्न की सुविधा कहीं भी प्राप्त हो सकती है। मुख्यमंत्री ने सदन को जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के अन्दर हम लोगों ने इस व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ही सभी 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में ई-पॉस मशीन लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं जिन्होंने पूरे देश को वन नेशन-वन राशन कार्ड से जोड़ा। इसे आधार से लिंक करने के साथ ही ई-पोश मशीन के माध्यम से कोई भी उत्तर प्रदेश का व्यक्ति महाराष्ट्र में रह रहा हो या फिर महाराष्ट्र का व्यक्ति उत्तर प्रदेश में रह रहा हो, उसे राशन की सुविधा प्राप्त हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद करिए देश में महामारी से ज्यादा मौतें उसके बाद होने वाले कॉम्प्लिकेशन या फिर भुखमरी से होती थीं। इस देश में वर्ष 1880-1885 के बीच में उस समय राष्ट्रवादी मनुष्यों ने और बंकिम चन्द्र उपाध्याय ने आनन्द भट्ट उपन्यास की स्थापना की थी। वह उस समय के अकाल के बारे में तथा तमाम प्रकार के महामारियों से ग्रसित भारत में हुई मौतों के बारे में था।

# भाजपा सरकार ने तोड़ दी है अपराधियों की कमरः पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में राज्यभा के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपराधियों की कमर तोड़ दी है। लूट, हत्या, डकैती और बलात्कार जैसे मामलो में कमी आई है। इन्वेस्टर्स समिट को जमीनी स्तर पर साकार किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में गांवों और शहरों में पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। हमारी सरकार में किसानों का 36,000 करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया गया है। हमारी सरकार का लक्ष्य डिजिटल व्यापार का है। यह पहली सरकार है जो इथेनॉल बना रही है, उत्तर प्रदेश इथेनॉल आपूर्ति में सबसे बड़ा प्रदेश है। 65 मेडिकल कॉलेज में से 35 मेडिकल कॉलेज को प्रदेश सरकार के संरक्षण में संचालित हो रहा है। हमारी सरकार में सबका साथ सबका का विकास हो रहा है। मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। वहीं इससे पहले भोजनावकाश के पश्चात सदन की बैठक अपराह्न 4 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह 'व्यस्त' के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। इसके बाद कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया।

# मछुआ समुदाय को सबसे पहले कल्याण सिंह सरकार ने दिए थे पट्टे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में बुधवार को प्रश्न काल के दौरान सपा सदस्य राजपाल कश्यप की ओर से मछुआ समुदाय के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना चाहिए कि झूठ बार-बार बोलने से सत्य नहीं हो सकता और सत्य यह है कि मछुआ सरकार को पट्टे सबसे पहले वर्ष 1991 में भाजपा सरकार ने दिए।

सपा सदस्य राजपाल कश्यप ने मुख्यमंत्री से प्रश्न किया था कि क्या मछुआ समुदाय को बालू, मौरंग खनन आदि के पट्टे देने पर सरकार विचार कर रही है। उक्त सुविधा कभी मछुआ समुदाय को दी गई थी और यदि हां तो कब और यदि नहीं तो क्यों? सरकार की ओर से इस संबंध में लिखित जवाब दिया गया कि वर्तमान में खनन नीति-2027 प्रख्यापित की गई। जिसके अन्तर्गत प्रदेश में उपखनिजों (यथा बालू, मौरंग आदि) के खनन पट्टे ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्य से दिए जाने का प्राविधान है। यह भी जानकारी दी गई कि खनन पट्टे वर्ष 1994 में दिए गए थे। सरकार के सवाल के जवाब में राजपाल कश्यप ने कहा कि मछुआ समुदाय इस समय बहुत खराब स्थिति में है। उसका सारा रोजी-रोजगार छिन चुका है। सपा सरकार में मुलायम सिंह यादव ने मछुआ समुदाय की 17 जातियों को पट्टे उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया था। जिसे बाद की सरकारों ने खत्म कर दिया। अब जो मछली के शिकार का पट्टा मिलता है उस पर भी बड़े लोगों काबिज जो जाते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या सरकार मछुआ समुदाय को अनुसूचित जाति-जनजाति में शामिल कर रही है। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने ऐतराज किया। उन्होंने कहा कि तारांकित प्रश्न में वह सरकार से नीतिगत सवाल नहीं पूछ सकते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। हमें एक बात ध्यान देनी चाहिए कि झूठ को बार-बार बोलकर सत्य नहीं साबित किया जा सकता। मछुआ सरकार को सबसे पहले 1991 में बीजेपी की कल्याण सिंह सरकार ने पट्टा दिया। बाद में कुछ सरकारों ने इसमें संशोधन किए हों वह अलग बात। उन्होंने कहा कि बाद में हाईकोर्ट ने जब इन पट्टों पर ऐतराज जताया और सरकार को एक निर्धारित पॉलसी बनाकर ही पट्टे जारी करने के आदेश दिए। वर्तमान में पॉलसी के तहत ही पट्टे जारी होते हैं। न्यायालय और एनजीटी समय-समय पर पर्यावरण और नदियों की अविरलता को लेकर समीक्षा करने के उपरान्त आदेश पारित करती रहती है। राज्य सरकार 25 करोड़ जनता के हितों की रक्षा के प्रति सचेत है। इसी वजह से हम जनता के समर्थन से दोबारा सत्ता में आए।

उन्होंने कहा कि 37 वर्षों बाद कोई सरकार बहुमत के साथ रिपीट हुई है। आप लोगों को भी जनता के इस समर्थन का सम्मान करना चाहिए। मुख्यमंत्री के बयान के बाद नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि सरकार कम से कम सदन में विरोधाभारी बात न करे।

# परिवहन विभाग के बेड़े में जल्द ही शामिल होंगी 2250 नई बसें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश परिवहन विभाग के बेड़े में जल्द ही 2250 नई बसें शामिल होने जा रही हैं। राज्य सरकार 2250 नई बसें खरीदने जा रही है। यह जानकारी विधान परिषद में प्रश्न काल के दौरान निर्दल समूह के सदस्य राज बहादुर सिंह चंदेल द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने दी। निर्दल समूह के राज बहादुर सिंह चंदेल ने परिवहन मंत्री से सवाल किया कि कानपुर नगर के अन्तर्गत उन्नाव डिपो में कितनी बसें विभिन्न रूटों पर संचालित की जा रही हैं। इनमें ऐसी कितनी बसें हैं जो निर्धारित किलोमीटर की समय सीमा समाप्त होने पर भी चलाई जा रही हैं। क्या जर्जर हालत में संचालित की जा रही बसों को निष्प्रयोज्य घोषित करते हुए नई बसें उन्नाव डिपो को उपलब्ध कराएंगे। जवाब में परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि उन्नाव डिपो में 78 बसें विभिन्न मार्गों संचालित की जा रही हैं। वर्तमान में 20 बसें ऐसी हैं जो निर्धारित किलोमीटर पूर्ण कर चुकी हैं परन्तु यह 20 बसें संचालन योग्य होने के कारण संचालित की जा रही हैं। अयोग्य व प्रतिस्थापन की अर्हताएं पूर्ण करने वाली बसों को निष्प्रयोज्य घोषित किया जाएगा। उन्होंने सदन को जानकारी दी कि कोराना के चलते नई बसें नहीं खरीदी जा सकी हैं। उन्होंने बताया कि सरकार 1150 बसें तुरंत खरीदने जा रही है। इसके अलावा एक हजार और बसें भी खरीदी जाएंगी। वहीं राज बहादुर चंदेल के एक अन्य सवाल के जवाब में परिवहन राज्यमंत्री ने बताया कि परिवहन निगम स्तर पर प्राप्त सूचना के आधार पर माह अप्रैल में कुल 145726 संविदा चालक कार्यरत थे। विनिमितीकरण की कार्यवाही दस वर्षों से अधिक की अवधि से कार्यरत कार्मिकों के आधार पर नहीं बल्कि नियमावली के प्राविधानों के अन्तर्गत की जा रही है। नियमावली के अनुसार 31 दिसंबर 2021 तक या इससे पूर्व से संविदा के आधर पर नियोजित व्यक्तियों के विनियमतीकरण पर, अन्यथा अपेक्षित अर्हताएं रखने पर विचार करने की व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा भी उक्त अनुसार ही पात्र व्यक्तियों के विनियमतीकरण का प्रस्ताव शासन की अनुमति के लिए भेजा गया है, जिस पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## अंग्रेजो के जमाने के जेल मैनुअल को बदलेगी बीजेपी सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार अंग्रेजों के जमाने में बने जेल मैनुअल को बदलने जा रही है। इस संबंध में बदलाव की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही परिणाम सामने आएगा। यह जानकारी प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने विधान परिषद में सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में दी। कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने वर्ष 2016 में सभी राज्य सरकारों को जेल मैनुअल में बदलाव करने के आदेश जारी किए थे लेकिन यूपी में तत्कालीन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि योगी सरकार के समय में इस पर कार्रवाई प्रारंभ हुई है।


**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत कार्य हेतु जनरल सप्लायरों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 17.05.2022 के अनुसार 01 कार्य हेतु निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की तिथि व समय | 02.06.2022 अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 01.06.2022 दोपहर 1:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 02.06.2022 सायं 4:00 बजे |
| कार्य की संख्या | 01 कार्य |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

**प्र0 मुख्य अभियन्ता (मा0/प्र0)**
**नगर निगम कानपुर**

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कानपुर**


# आज तक के इतिहास में सबसे विफल सरकारः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए उन्होंने मौजूदा योगी सरकार को प्रदेश के इतिहास में अब तक की सबसे विफल सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय चारों ओर अराजकता और असुरक्षा का माहौल है। सामूहिक बलात्कार की घटनाओं में इजाफा हुआ है। विकास कार्य अवरूद्ध हुए है। प्रदेश सरकार ने अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल में ऐसा कोई विकास कार्य नहीं किया जिसकों लेकर वह अपनी उपलब्धि बता सकें।

कभी कोरोना वैक्सीन को भाजपा का टीका बताकर इसे ना लगवाने की अपील पर सफाई देते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि वह वैज्ञानिक नहीं हैं लेकिन दुनियाभर में बहुत से लोगों ने कोरोना का टीका नहीं लगवाया था। कोरोना संक्रमण की वजह से मौतों को लेकर अखिलेश यादव की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख पर तंज कसा और याद दिलाया कि उन्होंने कोरोना टीके को



बीजेपी का टीका बता दिया था। अखिलेश ने कहा कि यह रटाया जाता है कि सपा के समय में सिर्फ 4 जिले में बिजली जाती थी। बिजली गई थी सरकार की थोड़ी गर्मी निकल गई। अपनी गर्मी निकालने के लिए कुछ अधिकारी सस्पेंड कर दिए। अखिलेश ने कहा कि गर्मी खत्म नहीं हो सकती। मान लीजिए बनारस का चुनाव था। एमएलसी चुनाव में बीजेपी ने अपना प्रत्याशी उतारा वहां निर्दलीय जीत गया। बीजेपी की गर्मी उतर गई। जहां तक बिजली उत्पादन का सवाल है तो सरकार बताए कि पांच साल में बिजली का कौन सा कारखाना लगाया? मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि पांच साल में यूपी में कितनी बिजली बढ़ाई है। हमें तो एक-एक प्लांट याद है।

# माध्यमिक शिक्षा का स्तर गिराने का आरोप लगाकर सपा ने किया वाकआउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** ने सरकार पर माध्यमिक शिक्षा में गलत नीतियां लागू करने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। सपा सदस्य नरेश चन्द्र उत्तम, डॉ. मान सिंह यादव एवं आशुतोष सिन्हा ने कार्यस्थगन के रूप में मामला उठाते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण माध्यमिक शिक्षा का स्तर गिर रहा है। सूचना के ग्राह्यता पर रण विजय सिंह, लाल बिहारी सिंह यादव, डॉ. मान सिंह यादव, नरेश चन्द्र उत्तम एवं नेता विरोधी दल डॉ. संजय लाठर ने विचार व्यक्त किए। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। शून्य काल के दौरान नियम 105 के अन्तर्गत कार्यस्थगन के रूप में सपा ने प्रदेश में बेरोजगारी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाते हुए बेरोजागारों को रोजगार दिलाने की मांग की। इसके अलावा बसपा के अतर सिंह राव, भीमराव अम्बेडकर एवं दिनेश चन्द्रा ने 18.5.2022 को सुबह 5 बजे फ्रेंड्स कालोनी जिला इटावा के निवासी सुनील कुमार दोहर की कार से कुचलकर हत्या करने का मामला उठाया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के दीपक सिंह ने प्रदेश के गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति ने मिलने के संबध में सवाल उठाते हुए सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराए जाने की मांग की। नेता सदन ने आश्वासन दिया कि प्रक्रिया चल रही है और सभी पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति मुहैया करा दी जाएगी। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में पहली अप्रैल, 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने और निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने प्रदेश के वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवा शर्तें निर्धारित करने एवं विनियमित करने के साथ शिक्षकों को 15000 रुपए प्रतिमाह आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनके खाते में भेजे जाने की मांग करते हुए प्रकरण कार्यस्थगन के रूप में उठाया। इन सभी पर अधिष्ठाता ने कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए प्रकरणों को आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार को संदर्भित कर दिया।

**योगी-2 सरकार का पहल बजट आज**

# करीब सवा छह लाख करोड़ रुपए होगा बजट का आकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट गुरुवार को सदन में प्रस्तुत करेगी। इसे पहले ही बजट के माध्यम से सरकार चुनाव के दौरान जनता के बीच रखे गए श्लोक कल्याण संकल्प पत्र में शामिल अधिकांश योजनाओं और वादों को पूरा करने की कोशिश करती नजर आएगी। बजट का खाका खींचा जा चुका है। बजट का फोकस किसानों, महिलाओं, युवाओं पर होने का अनुमान है। गुरूवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यूपी के बजट प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद इसे सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। वर्ष 2022-23 के इस पूर्ण बजट का आकार करीब 6.15 लाख करोड़ रुपये का होने का अनुमान है। इस धनराशि में से करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत मद विकास



कार्यों और नई योजनाओं के लिए होगा। राज्य का यह अब तक का सबसे बड़े आकार का बजट होगा। प्रदेश सरकार के बजट में इस बार संकल्प पत्र की छाप नजर आएगी। संकल्प पत्र में शामिल प्रदेश सरकार की 70 फीसदी से अधिक घोषणाओं व योजनाओं को बजट में लिया जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट से समाज के सभी वर्गों के लिए कुछ नया दिखेगा। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत वित्तीय सहायता को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने, विधवा व निराश्रित महिलाओं की पेंशन में वृद्धि, मेधावी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत मुफ्त स्कूटी वितरण जैसे संकल्पों के लिए भी बजट इंतजाम किए जाने की संभावनाएं हैं। गंगा एक्सप्रेसवे व डिफेंस कारीडोर के लिए भी रकम का इंतजाम होगा। प्रदेश सरकार के संकल्प पत्र की सबसे अहम घोषणा किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दिए जाने के लिए बजट का प्रबंध हो सकता है। सरकार इस बार भी इससे पूर्व बनी सरकार की तरह अपने पहले बजट को किसानों पर केंद्रित रख सकती है। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने पर राज्य सरकार को सालाना करीब 1800 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करना होगा। किसानों के आलू, प्याज, टमाटर जैसी फसलों का न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित करने के लिए भामाशाह भाव स्थिरता कोष बनाने की घोषणा भी बजट का हिस्सा होने की उम्मीद है। योगी सरकार अपने इस पहले बजट के जरिये चुनावों में किए गए वादों को पूरा करते हुए दिखेगी। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना लगातार छठी बार सदन में बजट पेश करेंगे।

सुरेश खन्ना के मुताबिक यह बजट पेपरलेस होने के साथ ही एक समावेशी बजट होगा जिसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। बजट में महिलाओंए युवाओं और किसानों को प्राथमिकता दी गई है और यूपी के इतिहास का यह सबसे बड़ा बजट होगा। इस बजट के जरिये यूपी के तमाम ख्वाब पूरे होंगे यूपी देश का सबसे संपन्न राज्य बनने की राह पर आगे बढ़ेगा। विधानसभा चुनाव के कारण चुनाव से पूर्व प्रदेश सरकार पूर्ण बजट नहीं प्रस्तुत कर सकी थी बीते साल दिसंबर में चार महीने का लेखानुदान सदन में प्रस्तुत किया गया था ताकि जरूरी खर्चे का प्रबंध हो सके इसके बाद अब गुरुवार को सदन में पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रदेश के सभी मंडलों में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन यूनिट की स्थापनाए थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित करने की योजना भी बजट में शामिल किया जा सकता है। पीडब्ल्यूडी के हिस्से 30 हजार करोड़ रुपये का बजट आने की उम्मीद है, बजट में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा जोर विवि और आईटीआई की स्थापना पर होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्वास्थ्य संबंधी ढांचागत सुविधाएं, कम कीमत में दवा उपलब्ध कराने के लिए छोटे-छोटे केंद्र और नए डायलिसिस केंद्रों की स्थापना के लिए भी बजट प्रावधान होगा।


Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई - 400070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) ख्पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (लखनऊ-लालबाग शाखा का एलसी नंबर : 00041412) राजेश कुमार (कर्जदार) शशि (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 16,04,569/- (रूपए सोलह लाख चार हजार पांच सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 12, खसरानंबर 39 पर स्थित, लोहारमऊ फैजुल्लागंज, निकट नंदा फार्म, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00002293) अरविंद तिवारी (कर्जदार) प्रियंका पांडे (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 15,46,408/- (रूपए पंद्रह लाख छियालीस हजार चार सौ आठ मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 11 पर मकान, खसरा नंबर 279/2, हाइट बिल्ड टेक हरदुआगंज देहात, कोइल, जिला अलीगढ, उत्तर प्रदेश-202001 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002690) विजय कुमार (कर्जदार) अंजू विश्वकर्मा (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 14,94,942/- (रूपए चौदह लाख चौरानवे हजार नौ सौ बयालीस मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 30, अराजी नंबर 26 का भाग, ग्राम जारौली कानपुर, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (नासिक शाखा का एलसी नंबर : 00007775) ध्यानेश्वर बालनाथ थोराट (कर्जदार) सुनीता बालनाथ थोराट (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 13,27,803/- (रूपए तेरह लाख सत्ताईस हजार आठ सौ तीन मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्रिंस हेरिटेज, एफ नंबर 1, द्वितीय तल, प्लान के अनुसार यूनिट 4 निकट कन्हैया ढाबा, आगरा रोड, निकट रिलायंस पेट्रोल पम्प, ओजार नासिक, महाराष्ट्र-422206 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002287) अमित कुमार (कर्जदार) दुर्गेश (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 11,88,090/- (रूपए ग्यारह लाख अठासी हजार नब्बे मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 18, अराजी नंबर 730 का भाग, बैरी अकबरपुर कछार, कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208017 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर : 00000518) अभिलाष वर्मा (कर्जदार) पूनम वर्मा (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 10,40,342/- (रूपए दस लाख चालीस हजार तीन सौ बयालीस मात्र) एनपीए (11-03-2022) | फ्लैट नंबर 555 सी, तृतीय तल, न्याय खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003545) भास्कर सिंह राजपूत (कर्जदार) देव ऋषि राजपूत (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 9,97,795/- (रूपए नौ लाख सत्तानवे हजार सात सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 59, अराजी 571 मिन, मकसूदाबाद, कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208001 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00000236) धीरज कुमार (कर्जदार) चंद्र पाल सिंह (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 9,21,982/- (रूपए नौ लाख इक्कीस हजार नौ सौ बयासी मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 55 एवं 56 पर मकान का भाग, पुष्प विहार कालोनी, ग्राम मुकर्रबपुर पल्हेडा, रूड़की रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (लखनऊ-लालबाग शाखा का एलसी नंबर : 00042001) संत लाल (कर्जदार) रेणु (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 9,10,154/- (रूपए नौ लाख दस हजार एक सौ चौवन मात्र) एनपीए (11-03-2022) | खसरा नंबर 21 क मिनजुमला पर प्लॉट पर मकान, इब्राहीमपुर, तहसील सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00001310) कड़े सिंह (कर्जदार) रेखा देवी (सह-कर्जदार 1) नारायण सिंह (सह-कर्जदार 2) | 25-04-2022/रू. 8,64,205/- (रूपए आठ लाख चौंसठ हजार दो सौ पांच मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 22, 23 एवं 28 पर मकान का भाग, खसरा नंबर 322, श्री धाम कालोनी, निकट कृष्णा गार्डन, मौजा औरंगाबाद, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281004 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00002663) सत्यवीर सिंह (कर्जदार) वर्षा (सह-कर्जदार 1) | 25-04-2022/रू. 8,44,687/- (रूपए आठ लाख चौवालीस हजार छह सौ सतासी मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 23 पर मकान, खसरा नंबर 861, विशेष एन्क्लेव, मौजा बैनपुर, निकट गणपति स्मार्ट सिटी, आगरा, उत्तर प्रदेश-282007 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00004089) विजय कुमार (कर्जदार) अंजू विश्वकर्मा (सह-कर्जदार 1) | 25-04-2022/रू. 8,26,207/- (रूपए आठ लाख छब्बीस हजार दो सौ सात मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 30, अराजी नंबर 26 का भाग, जारोली, कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208027 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003441) सर्वेश कुमार (कर्जदार) ओमलता यादव (सह-कर्जदार 1) | 25-04-2022/रू. 6,18,627/- (रूपए छह लाख अठारह हजार छह सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 42, अराजी नंबर 1504, बुधपुर मचरिया, कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208027 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00001951) सोनू (कर्जदार) पूजा विश्वकर्मा (सह-कर्जदार 1) | 25-04-2022/रू. 5,43,266/- (रूपए पांच लाख तेतालीस हजार दो सौ छियासठ मात्र) एनपीए (11-03-2022) | एच नंबर 269, ब्लॉक मिनी एलआईजी स्कीम जारोली, फेज-2, जारौली, कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208027 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00001578) पंकज कुमार सिंह (कर्जदार) राधिका सिंह (सह-कर्जदार 1) | 25-04-2022/रू. 4,76,677/- (रूपए चार लाख छहत्तर हजार छह सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (11-03-2022) | भूखंड सं. ए-164 काली पश्चिम बिजनौर, खसरा नंबर 529 व 529 द का भाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00002599) सतपाल चौहान (कर्जदार) दिव्या चौहान (सह-कर्जदार 1) | 25-04-2022/रू. 1,48,306/- (रूपए एक लाख अड़तालीस हजार तीन सौ छह मात्र) एनपीए (11-03-2022) | फ्लैट 005, अपर ग्राउंड फ्लोर (रियर आरएचएस) खसरा नंबर 153 पर प्लॉट, गोल्डन नेस्ट 1, ग्राम बसई बाहुद्दीन, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00001592) नीरज कुमार (कर्जदार) राकेश कुमार (सह-कर्जदार 1) सीमा बत्रा (सह-कर्जदार 2) | 26-04-2022/रू. 75,97,750/- (रूपए पचहत्तर लाख सत्तानवे हजार सात सौ पचास मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर टी-32 ए एवं टी-23, म्युनिसिपल नंबर 2/60 बी, गोविंदपुरी, मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00003113) लोकेश शर्मा (कर्जदार) पंकज शर्मा (सह-कर्जदार 1) नितिन शर्मा (सह-कर्जदार 2) लक्ष्मी कुमारी (गारंटर 1) वंदना शर्मा (गारंटर 2) मधु शर्मा (गारंटर 3) | 26-04-2022/रू. 36,41,786/- (रूपए छत्तीस लाख इकतालीस हजार सात सौ छियासी मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 491 पर मकान, पश्चिमपुरी आवास योजना, मौजा देहतोरा लोहामंडी वार्ड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282007 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001290) मनीष कुमार पंकज (कर्जदार) मीरा कुमारी (सह-कर्जदार 1) अवधेश कुमार (सह-कर्जदार 2) | 26-04-2022/रू. 22,42,400/- (रूपए बाईस लाख बयालीस हजार चार सौ मात्र) एनपीए (11-03-2022) | अराजी नंबर 520, मौजा लालपुर मीरापुर, बसाही, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221204 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 00001857) प्रिंस तिवारी (कर्जदार) विद्योत्तमा तिवारी (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 21,00,869/- (रूपए इक्कीस लाख आठ सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 253 के भाग पर मकान, खसरा नंबर 1491, बालाजी एन्क्लेव, निकट विष्णु ड्राईक्लीनर, ग्राम रईसपुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00001583) अवधेश सिंह (कर्जदार) ईछा (सह-कर्जदार 1) शैलेन्द सिंह (सह-कर्जदार 2) | 26-04-2022/रू. 19,37,974/- (रूपए उन्नीस लाख सैंतीस हजार नौ सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (11-03-2022) | प्लॉट नंबर 43 के भाग पर मकान, खसरा नंबर 451, न्यू सुरचा विहार, मौजा रोहटा, ग्वालियर रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00004268) समशाद अली (कर्जदार) कुरैसा बेगम (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 18,65,326/- (रूपए अठारह लाख पैंसठ हजार तीन सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (11-03-2022) | अराजी नंबर 55, मौजा गोधाना, परगना धूस चंदौली, चंदौली, उत्तर प्रदेश-232101 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर : 00000616) इरफान अहमद (कर्जदार) | 26-04-2022/रू. 18,21,692/- (रूपए अठारह लाख इक्कीस हजार छह सौ बानवे मात्र) एनपीए (11-03-2022) | खसरा नंबर 185 मिन, 186, 188, 189 का भाग, बाके सन सिटी, पीर बहोरा, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (लखनऊ-लालबाग शाखा का एलसी नंबर : 00043263) आशीष यादव (कर्जदार) मालती यादव (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 17,81,706/- (रूपए सत्रह लाख इक्यासी हजार सात सौ छह मात्र) एनपीए (11-03-2022) | फ्लैट नंबर 203, विरासत पैलेस, प्लॉट नंबर 33 और 34 तथा प्लॉट नंबर 35 के भाग पर निर्मित, खसरा नंबर 111 मिन, खड़गपुर, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00004267) दीपक कुमार शाही (कर्जदार) रेखा शाही (सह-कर्जदार 1) | 26-04-2022/रू. 17,33,488/- (रूपए सत्रह लाख तैंतीस हजार चार सौ अठासी मात्र) एनपीए (11-03-2022) | अराजी नंबर 1002 क, मौजा धरना, परगना मवई, चंदौली, चंदौली उत्तर प्रदेश-232101 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 26-05-2022
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जाम की समस्या से निजात दिलाना प्राथमिकता: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाये, ताकि लोगों के जीवन में सुगमता आये। शहरों का वातावरण स्वच्छ व सुरक्षित हो तथा लोगों को सड़क पर चलने पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाना प्राथमिकता में होना चाहिए। जिस भी सड़क पर जाम की समस्या है, सर्वे करके उसे दूर करें।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान जहां सड़क दुर्घटनायें अधिक होती हैं, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तकनीकी सुधार कराया जाये। यातायात नियमों का सख्ती से पालन करायें। शहरों में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाये। सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण, पार्किंग तथा अवैध रूप से संचालित आटो, टैक्सी, बस स्टैण्ड के विरुद्ध विशेष ध्यान देते हुये अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों/सड़कों पर धार्मिक आयोजन न हो। इसके लिये धर्मगुरुओं से सौहार्दपूर्ण वातावरण मे निरन्तर संवाद बनाये रखा जाये। व्यापारियों से संवाद बनाकर यह सुनिश्चित किया जाये कि दुकानदार अपनी दुकान निर्धारित सीमा के भीतर ही लगायें। इसी तरह रेहड़ी, पटरी दुकानदार भी अपने तय स्थान पर ही दुकानें लगायें। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी कार्यालय स्वच्छ एवं व्यवस्थित दिखें। चौराहों का आवश्यकतानुसार सौन्दर्यीकरण कराया जाये। नगर निकायों में जुड़े नये गांवों में भी साफ-सफाई सहित अन्य नगरीय सुविधायें उपलब्ध करायी जायें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सुड़क सुरक्षा पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। स्कूली वाहनों की फिटनेस सही रहे, इसकी सतत निगरानी रखें। फिटनेस गड़बड़ मिले तो सख्त कार्रवाई करें।

# लखनऊ शहर में खत्म होगा तारों का मकड़ जाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रबन्ध** निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम अनिल ढींगरा ने बुधवार को मुख्यालय में प्रेस प्रकार वार्ता कर मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि लखनऊ को विद्युत सम्बन्धी मामले में आदर्श शहर बनाने के क्रम में तारों के मकड़ जाल को खत्म करने का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है। इसमें अधिकांश स्थानों पर मकड़ जाल का प्रमुख कारण इन्टरनेट एवं टेलीफोन कम्पनियों के है। जिनके विरुद्ध शहर में अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें कई स्थानों पर उपरोक्त कार्यवाही का सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुआ है।

प्रबन्ध निदेशक ढींगरा ने बताया कि रिवैम्पड योजना के अन्तर्गत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., के विद्युत उपभोक्ताओं के यहां 79 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने का कार्य प्रस्तावित है। स्मार्ट प्रीपेड लगने से उपभोक्ताओं को बिलिंग सम्बन्धी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी योजना में 150 नये विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य भी कराये जाने की योजना है। उपकेन्द्रों के निर्माण से निगम से उपभोक्ताओं की लो वोल्टेज एवं रोस्टिंग की समस्या को खत्म करने में सफलता प्राप्त होगी तथा परिवर्तकों की क्षमता में भी वृद्धि होगी। जिससे निगम विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम होगा तथा राजस्व में आशातीत बढ़ोत्तरी होगी। 1912 पर उपभोक्ताओं की समस्याओं के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया की सेन्टर पर लगभग 90 कर्मचारी 24 घंटे रहते है। प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल द्वारा इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए 1912 सेन्टर का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है तथा अधिकारियों को शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु आदेशित किया गया है। आंधी तूफान जैसी दैवीय आपदा से निपटने के लिए विभाग में व्यापक पैमाने पर तैयारी की जा रही इससे हमेशा सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले क्षेत्र लखीमपुर, सीतापुर, उन्नाव एवं लखनऊ के क्षेत्र विशेष को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिला बीएचडब्ल्यू एसोसिएशन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष धनंजय तिवारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी व्याख्या के कारण उत्पन्न हो रही विसंगति के निराकरण हेतु एक ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला पुरुष का क्षेत्र परिवर्तन उपकेंद्र बदलकर उनके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ही किया जाए जैसा कि शासनादेश की मंशा है। जबकि प्रदेश के सीएमओ द्वारा इस संवर्ग को क्षेत्र परिवर्तन के नाम पर स्थानांतरित किए जाने की व्यवस्था अपनाई जा रही है। जिसके आधार पर इस संवर्ग का भयंकर शोषण अधिष्ठान देख रहे कर्मचारी के साथ-साथ सीएमओ द्वारा किए जाने की योजना है।

# प्रदर्शनी में वॉश आर्ट तकनीक की कला बच्चे सीखें



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हुसैनगंज** मेट्रो स्टेशन पर चल रहे सोशोटैक एंड डवेलपमेंट के समर मेट्रो फेयर में 5 दिवसीय समर वर्क शॉप कम आर्ट एक्सहिबिशन खत्म होने के आखरी छोर पे है। अपने अंतिम और 5वें दिन के लिए वॉश आर्ट तकनीक की कला कार्यशाला वंचित बच्चों को सिखाने के लिए की गई थी कि तकनीक कैसे काम करती है। साथ ही डॉ नंदिनी (एमिटी विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और नैदानिक मनोवैज्ञानिक) द्वारा करियर परामर्श पर एक दिलचस्प सेशन हुआ। बुधवार को हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर चल रही पांच दिवसीय समर वर्कशाप के अंतिम दिन डवेलपमेंट की संस्थापक नेहा माथुर ने कहा हम कुछ ऐसा व्यवस्थित करना चाहते थे, जहां बच्चे वास्तव में सीख सकें, बढ़ सकें और खोज सकें कि उन्हें क्या पसंद है। असली प्रतिभा उन जगहों पर होती है, जिन्हें हम आम तौर पर नज़रअंदाज कर देते हैं।

## आठ दिन में 800 बिके सुपर सेवर कार्ड

**लखनऊ।** मेट्रो यात्रियों को किफायती दाम में विश्वस्तरीय यात्रा देने की पहल सफल होती दिख रही है। अभी सुपर सेवर कार्ड को लांच किए दस दिन भी नहीं बीते कार्ड लेने वालों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। मात्र 8 दिनों में 8 सौ सुपरसेवर कार्ड बिक चुके हैं। इससे यात्रियों को सुविधा के साथ आर्थिक भार भी कम पड़ रहा है। राजधानी में सुपर सेवर कार्ड लांच होते ही यात्रियों में खासा लोक प्रिय हो गया है। सुपरसेवर कार्ड से न टिकट लेने की जरूरत हैं, और न टोकन। ऐसे में यात्री इसे अधिक पसंद कर रहे हैं। दरअसल 17 मई को लखनऊ मेट्रो के सुपर सेवर कार्ड को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने लॉन्च किया था। सुपर सेवर कार्ड लॉन्च होते ही मेट्रो यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो गया है। मेट्रो यात्रियों ने मात्र 8 दिनों में ही लगभग 800 सुपर सेवर कार्ड खरीद लिए हैं। लखनऊ मेट्रो के सुपर सेवर कार्ड से अब यात्री मात्र 1400 रुपये में 30 दिनों तक असीमित मेट्रो यात्रा का फायदा उठा रहे हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय शुरू करेगा तीन नए पाठ्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नये** शैक्षणिक सत्र से लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की ओर तीन नये पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। इस बावत बुधवार को सम्पन्न हुई बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में निर्णय लिया गया है। पाठ्यक्रम में पहला हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य शीर्षक के अन्तर्गत सह-पाठ्यक्रम स्नातक स्तर के तृतीय सेमेस्टर। दूसरा महिला और उद्यमिता कौशल विकास और तीसरा महिला नेतृत्व और प्रबंधन शीर्षक के अन्तर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्नातक स्तर के चतुर्थ सेमेस्टर के लिए प्रस्तावित किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे पाठ्यक्रमों को राज्यपाल की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रारंभ करने पर जोर दिया गया है। ये पाठ्यक्रम युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

## रोजगार के बढ़ेंगी संभावनाएं

महिला अध्ययन संस्थान की कोआर्डिनेटर डॉ अर्चना शुक्ला ने बताया कि सह पाठ्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विभिन्न रूपों को पेश करना है। वास्तविक जीवन की स्थिति में परिवर्तन और चुनौतियों से निपटने के लिए और विद्यार्थियों को इस बारे में जागरूक करने के लिए किं लिंग आधारित हिंसा मानसिक स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव डालती है। यह पाठ्यक्रम रोजगार की संभावनाओं द्वार खोलेगी।

# डांसर सपना चौधरी की अंतरिम जमानत अदालत ने आठ जून तक बढ़ाई

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** एसीजेएम शांतनु त्यागी ने डांस का कार्यक्रम रद्द करने व टिकट का पैसा भी वापस नहीं करने के एक मामले में मशहूर डांसर सपना चौधरी की अंतरिम जमानत की मियाद आठ जून तक के लिए बढ़ा दी है। बुधवार को अदालत के समक्ष सपना चौधरी हाजिर हुई व अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की। बीते 10 मई को इस मामले में मुल्जिमा सपना चौधरी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया था। साथ ही अदालत से अंतरिम जमानत पर रिहा करने की दरख्वास्त की थी। अदालत ने 25 मई तक सशर्त अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। बता दें कि 14 अक्टूबर 2018 को इस मामले की एफआईआर एसआई फिरोज खान ने थाना आशियाना में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 13 अक्टूबर 2018 को स्मृति उपवन में दोपहर तीन बजे से रात्रि 10 बजे तक सपना समेत अन्य कलाकारों का प्रोग्राम था। जिसके लिए प्रति व्यक्ति तीन सौ रुपए में ऑनलाइन व ऑफलाइन टिकट बेचा गया था। इस प्रोग्राम को देखने के लिए हजारों टिकट धारक मौजूद थे। लेकिन रात्रि 10 बजे तक सपना चौधरी नहीं आई तो उन्होंने हंगामा कर दिया। इसके बाद टिकट धारकों का पैसा भी वापस नहीं किया गया।

# अवैध रूप से निवास करने वाले बांग्लादेशी बाप-बेटे को चार साल की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एटीएस** की विशेष अदालत ने भारत में अवैध रुप से निवास करने के मामले में दोषी करार दिए गए बांग्लादेशी नागरिक उमर मोहम्मद उस्मानी व तनवीर को चार.चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही इन दोनों पर साढ़े पांच.पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है।

वर्ष 2021 में एटीएस ने इन्हें सहारनपुर से गिरफ्तार किया था। यह दोनों बाप.बेटे हैं और बांग्लादेश के जिला कोक्स बाजार के रहने वाले हैं। यह भारत में अवैध रुप से निवास कर रहे थे। इनके पास से कूटरचित दस्तावेज व जाली पासपोर्ट बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर लखनऊ में थाना एटीएस में दर्ज हुई थी। विवेचना के बाद इनके खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने आदि के साथ ही विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। विचारण के दौरान इन मुल्जिमों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था।

## दुराचारी को 20 साल का कारावास

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पॉक्सो** के विशेष जज राम बिलास प्रसाद ने एक नाबालिग युवती से दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम इमरान अंसारी को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 50 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 21 जनवरी 2018 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना बाजारखाला में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील शशि पाठक के मुताबिक मुल्जिम 11 साल की पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया था।

# गोल मार्केट की पार्किंग शुरू नहीं करने पर कर निरीक्षक निलंबित

## ● पार्किंग पर नगर आयुक्त ने अधिकारियों को विभागीय वसूली के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** में खराब पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने पर नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गयी। खाराब पार्किंग व्यवस्था पर चिंता जताते हुए नगरआयुक्त द्वारा हजरतगंज में मल्टीलेवल पार्किंग की खराब लिफ्ट पर जोनल अधिकारी हजरतगंज को तत्काल लिफ्ट को मरम्मत करने का निर्देश दिया। वसूली के लिए शिफ्टवाइज कर्मियों की तैनाती करने का आदेश दिया। वहीं गोल मार्केट की पार्किंग को शुरू न करने पर कर अधीक्षक का 10 दिनों का वेतन काटने और कर निरीक्षक को निलंबित करने का निर्देश दिया।

बुधवार को लालबाग, नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने बैठक कर अधिकारियों को नगर निगम की पार्किंग से विभागीय वसूली करते हुए शिफ्टवाइज 2-2 कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए। इसके साथ पार्किंग कौसफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शिफ्टवाइज एक एक कर्मचारियों की तैनाती किया जाए। भूमिगत पार्किंग में लाइटिंग व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। मल्टीलेवल, भूमिगत पार्किंग में बूम बैरियर और सीसीटीवी सिस्टम और हैंडहेल्ड मशीनें लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ पार्किंग को बैंक एकाउंट से लिंक कराया जाए। निशातगंज की गोल मार्केट की सील को नियमानुसार खोल कर चालू करने का निर्देश दिया है। 16 मार्च को नगर आयुक्त ने पार्किंग को सील करने की कार्रवाई की थी, लेकिन दोबारा पार्किंग को संचालित नहीं किया गया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा नाराजगी जताई गयी। कर अधीक्षक आनंद सिंह का 10 दिन का वेतन काटने और राजस्व निरीक्षक श्रेणी एक उमेन्द्र कुमार को निलंबित करने का निर्देश दिया है। जोनल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यही नहीं पुलिस का सिपाही पार्किंग रहते पाए जाने पर कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखने का निर्देश दिया है। चन्दर नगर स्थित आलमबाग की भूमिगत पार्किंग में पुराने ठेकदारों के लगे हुए कर्मचारियों को तत्काल हटाकर नए कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए। इसके साथ ही पार्किंग में जलभराव की समस्या के निस्तारण के लिए चीफ इंजीनियर महेश वर्मा को आदेशित किया गया।

## लावारिश खड़ी गाड़ियों को नीलामी का निर्देश

**पार्किंगों** में चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के लिए मासिक पास जारी किए जाएं। विभागीय स्टाफ के लिए नि:शुल्क पास की व्यवस्था की जाए और पास गाड़ियों के फ्रंट शीशे पर चस्पा हो। पार्किंगों में किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों का संचालन होते पाए जाने पर सम्बन्धित जोनल अधिकारी, कर राजस्व निरीक्षक उत्तरदायी होंगे। पार्किंगों में लम्बे समय से लावारिस अवस्था में खड़े वाहनों की अधीक्षक सूची बनाकर नीलामी प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया जाए।

# नालों की सफाई के औचक निरीक्षण के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा नाले नाली की सफाई का वार्डों में गुरुवार से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। सफाई की दी गयी अवधि समाप्त होने के बाद नाले नाली की सफाई की रिपोर्ट तलब की है। इसके लिए अलग-अलग जोन के अधिकारी निरीक्षण कर डिजिटल रिपोर्ट महापौर को सौंपेंगे।

## ● आज से अलग -अलग जोन के अधिकारी करेंगे वार्डों में नाले-नाली का निरीक्षण

बुधवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने गुरुवार से अधिकारियों को नाले की सफाई का निरीक्षण करने के निर्देश दिया है। महापौर की दी गयी अवधि खत्म होने के बाद मानसून से पहले नाला की सफाई करनी थी। इसके लिए महापौर द्वारा पत्र लिखकर नालों की सफाई की जांच गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। विभिन्न जोन के वार्डों में जाकर जांच करनी होगी। सुबह से ही मौके पर पहुंचकर चेकिंग अभियान को शुरू करना होगा, जिससे इसकी रिपोर्ट महापौर को सौंपी जा सके। नालो के साथ समस्त वार्डों में नाली सफाई की चेकिंग के लिए अलग विभागों और अलग जोन के अधिकारियों को भेजने के लिए निर्देशित किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान डिजिटल डायरी बनाकर पूरी रिपोर्ट भी तलब की। गौरतलब है कि महापौर संयुक्ता भाटिया ने 19 मई को सफाई से संबंधित एसएफआई और जेडएसओ की बैठक की थी और मानसून से पूर्व पूरे लखनऊ में नालियों और छोटे नालों की सफाई कराने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया था। महापौर ने इसके लिए 25 मई तक का अल्टीमेटम भी दिया था। लेकिन उसी दिन मीटिंग से लौटते समय महापौर के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। बीते वर्ष मानसून आने पर ल नालों की सफाई में भारी लापरवाही पाए गई थी, जिसके चलते नाला जाम की समस्या खड़ी हो गयी थी। हालांकि महापौर ने स्वयं कई नालों का औचक निरीक्षण कर जल्दी ही नालों को साफ कराकर समस्या का निस्तारण कराया था।

# 6 से 14 जुलाई के बीच लॉ कालेज करायें इंटरनल असेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो सीपी सिंह ने बुधवार को विधि से सम्बद्ध सभी लॉ कालेजों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की। बैठक के दौरान सभी ला कॉलेजों से उनके लॉ कालेज में एलएलबी 3 वर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर के शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। बैठक के दौरान अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो सीपी सिंह ने कहा कि कोविड-19 द्वारा छात्रों का जो नुकसान हुआ है उसकी प्रतिपूर्ति के लिए और छात्र हित में सत्र विनियमित करने की दृष्टि से ग्रीष्मावकाश में भी शिक्षण कार्य लॉ कॉलेज में जारी रहना चाहिए। ताकि शिक्षा सत्र को नियमित किया जा सके। मीटिंग में उपस्थित कॉलेज के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि संकाय अध्यक्ष के पूर्व के निर्देश के अनुसार शिक्षण कार्य लगातार चल रहा है और सिलेबस समाप्त होने तक लगातार चलता रहेगा। जिस पर संकाय अध्यक्ष ने 6 जुलाई से 14 जुलाई 2022 तक इंटरनल असेसमेंट अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त संकाय अध्यक्ष द्वारा कंप्यूटर से पेपर को पढ़ाने का भी निर्देश दिया गया।

# बेरोजगारों से करोड़ों की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● फर्जी फाउंडेशन बनाकर लखनऊ में खोला कार्यालय मृदा परीक्षण कराने के लिए निकाली वैकेंसी

**फर्जी** फाउंडेशन बनाकर मृदा परीक्षा कराने के लिए फर्जी वैकेंसी निकालने और कूटरचित नियुक्ति पत्र देकर नौकरी के नाम पर लगभग 200 करोड़ बेरोजगारों से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है। एसटीएफ ने गिरोह के सरगना सहित तीन जालसाजों को कासगंज जिले से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से फर्जी मोहरें, बैंकों की चेकबुक, पासबुक और लेटर पैड बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम पता संदीप त्रिपाठी निवासी पंचशील अपार्टमेंट विकल्पखण्ड गोमतीनगर लखनऊ, अभिषेक कुमार निवासी मकान यशोदानगर थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर और पुनीत कुमार निवासी ग्राम लोधामई थाना मिरहची जनपद एटा बताया। पूछताछ में गिरफ्तार किए गए गिरोह के सरगना संदीप त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2012 मे यूपीटीयू से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक करने के बाद 2017 तक विभिन्न आईटी कम्पनियों में साफ्टवेयर डेवलपर के तौर पर काम किया। इसके बाद वर्ष 2018 में उर्वी फाउंडेशन की लॉचिंग की। जिसमे लोगों को यह बताया कि इस फाउंडेशन द्वारा मृदा परीक्षण किया जाता है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के हर ब्लाक में भर्ती निकाली। जिसमें लोगों को नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिसकी रजिस्ट्रेशन फीस 25000 रुपए रखी। इसके बाद 3 महीने मे ही एजेंटों के माध्यम से लगभग 200 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनको टेबलेट व लैपटाप दे दिया।

# केजीएमयू व एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल के बीच एमओयू

## ● प्रदेश में कैंसर केयर नेटवर्क के विस्तार में मिलेगा सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कैंसर** की स्क्रीनिंग, उपचार और देखभाल को और गुणवत्तापूर्ण व सुलभ बनाने के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय और एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल के बीच बुधवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत प्रदेश में कैंसर के इलाज को सुदृढ़ बनाने के बारे में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन किया जाएगा। दोनो संस्थानों का मानना है कि अध्ययन के परिणाम कैंसर के बेहतर इलाज में प्रदेश सरकार के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगे।

विवि में आज एमओयू पर केजीएमयू के कुलपति ले जनरल डॉ बिपिन पुरी और एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल के एमडी डॉ विलियम हसेलटाइन ने हस्ताक्षर किये। बता दें कि एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना उत्तर प्रदेश के लिए राज्य स्वास्थ्य एजेंसी साचीज को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है। एक्सेस हेल्थ ने कैंसर देखभाल सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम को प्रदेश में लागू करवाने के लिए रोश इंडिया हेल्थ इंस्टीट्यूट से हाथ मिलाया है। दोनों संस्थान साचीज के साथ मिलकर कैंसर केयर के लिए पूरे प्रदेश में अस्पताल नेटवर्क तैयार करने में मदद करेंगे। इसके तहत प्रदेश में कैंसर देखभाल के प्रावधानों के विश्लेषण की योजना बनाई गई है। केजीएमयू और एक्सेस हेल्थ के बीच होने वाला यह अध्ययन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा अनुशंसित मानकों पर किया जायेगा। अध्ययन से कैंसर देखभाल प्राप्त करने के लिए रोगी की यात्रा या मार्ग और विभिन्न स्तरों पर आने वाली चुनौतियों को भी समझा जाएगा। कैंसर हृदय रोग के बाद मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। वर्ष 2020 में विश्व में लगभग एक करोड़ लोगों की कैंसर से मृत्यु हुई। भारत में कैंसर के नए मामलों की संख्या वर्ष 2008 में करीब साढ़े नौ लाख थी और वर्ष 2035 में बढ़कर 17 लाख हो जाने का अनुमान है। भारत में पश्चिमी देशों की तुलना में कैंसर के मामले कम हैं लेकिन मृत्यु दर अधिक है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना उत्तर प्रदेश में लगभग 38 फीसद आबादी को अन्य बीमारियों सहित कैंसर का उपचार प्रदान करती है। इसमें चिकित्सा, विकिरण और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के तहत उपचार शामिल हैं। इस अवसर पर ऑंकोलाजी विभाग के अध्यक्ष और एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ के बाद यूपी एसटीएफ ने कुख्यात शूटर को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एसटीएफ ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर दिल्ली में हुई मुठभेड़ के दौरान एक-एक लाख के ईनामी अपराधी सन्नी काकरान व अतुल के साथी व कुख्यात शूटर संदीप उर्फ बासी को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान संदीप के पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया। उसके पास से .30 बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद हुए।

एसटीएफ को शुक्रवार को सूचना मिली कि थाना कंकरखेड़ा, मेरठ क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की घटना का वांछित एवं एक-एक लाख रुपए के ईनामी अपराधी सन्नी काकरान व अतुल का साथी तथा गोगी व दीपक बॉक्सर गैंग का शार्प शूटर संदीप उर्फ बासी प्रात: चार से पांच बजे के बीच अपने साथी से मिलने शनि बाजार क्रासिंग नरेला इन्डस्ट्रियल एरिया, दिल्ली स्पलेण्डर बाइक से आने वाला है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने नरेला इन्डस्ट्रियल एरिया के नजदीक पहुंचकर दिल्ली पुलिस के साथ घेराबंदी की। प्रात: पांच बजे एनएच-1 की तरफ से बाइक से आते समय संयुक्त टीम ने रोकना चाहा तो उसने अपनी बाइक गिराकर पुलिस टीमों पर फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस द्वारा अपना बचाव करते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। जिसमें संदीप उर्फ बासी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसे तत्काल नजदीकी राजा हरीशचन्द्र अस्पताल पहुंचाया गया।

एसटीएफ के अनुसार अभियुक्त संदीप उर्फ बासी विभिन्न जघन्य अपराधों में वांछित था। जो मुख्यत: थाना कंकरखेड़ा, मेरठ क्षेत्रान्तर्गत 20 मई 2022 को हुई हत्या की घटना के अलावा पहली मई 2022 को यमुनानगर में हुई पेट्रोल पम्प लूट सहित यूपी, उत्तराखंड व हरियाणा में हुई लूट की कई घटनाओं में शामिल रहा है।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण का मानक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में संवेदनशील और पारदर्शी प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। लोक शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। उन्होंने प्राप्त होने वाली शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व प्रभावी निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का मेरिट के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में जनसुनवाई-समाधान में लम्बित संदर्भों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण का प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बित संदर्भों की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। जनपद, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर पर लम्बित संदर्भों की भी समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत को ऊपर से नीचे भेज देने मात्र से उसका निस्तारण नहीं होता। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण का मानक होना चाहिए। शिकायत जायज होने पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री अरविन्द कुमार, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री एसपी गोयल, व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## यूपी श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष पं. सुनील भराला ने की मुख्यमंत्री से भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष पं. सुनील भराला एवं बोर्ड के सदस्य अजीत कुमार जैन द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। पं. सुनील भराला ने प्रमुख रूप से 1952 के दशक से उत्तर प्रदेश के 12 क्षेत्रीय कार्यालयों के अन्तर्गत 15 जनपदों कानपुर, लखनऊ, रायबरेली प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चन्दौली, गोरखपुर, आगरा, हाथरस, फिरोजाबाद, बरेली, रामपुर, गाजियाबाद, सहारनपुर में स्थापित श्रमिक बस्तियां, जिनमें एक या दो कमरे के कुल 29587 गृह स्थापित हैं। इन श्रमिक बस्तियों के अध्यासियों की समस्याओं का निराकरण उड़ीसा तथा दिल्ली आदि राज्यों की भांति किए जाने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही इन श्रमिक बस्तियों में अवैध रूप से रहने वालों को वहां से अलग किये जाने हेतु भी अनुरोध किया गया। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की बस्तियों से सम्बन्धित समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिए आश्वस्त किया।

# गीडा में खुलेगा पैरा मेडिकल कॉलेज और 100 बेड का हॉस्पिटल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूं** तो गोरखपुर पहले से ही पूर्वांचल, सटे हुए बिहार और नेपाल की तराई के इलाके के लिए शिक्षा का केंद्र रहा है। ऐसे में अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण शिक्षा के लिहाज से संभावनाओं का क्षेत्र रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में खासी तरक्की हुई है। खास कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद। इन्हीं संभावनाओं के नाते गीडा गोरखपुर (औद्योगिक विकास प्राधिकरण) भी शैक्षणिक संस्थाओं की पसंद बन रहा है।

यहां पहले से ही करीब 20 शिक्षण संस्थान है। इनमें से आईटीएम (इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट), केआईपीएम-कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एन्ड फार्मेसी, बीआईटी (बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ) पूर्वांचल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल कॉलेज, पूर्वांचल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजायन, जयपुरिया स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल और ताहिरा स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस जैसे बड़े शिक्षण संस्थान हैं। यहां के इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं मेडिकल के करीब 12 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से गीडा में स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की स्थापना की जा रही है। इसके लिए विभाग को छह एकड़ भूमि भी आवंटित की जा चुकी है। इसके अलावा मेसर्स बुद्धा मेडिकल ट्रस्ट द्वारा करीब 5 एकड़ में पैरा मेडिकल कॉलेज और 100 बेड के हॉस्पिटल का निर्माण प्रस्तावित है। इसके निर्माण में करीब 10 करोड़ की लागत आएगी और 50 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके अलावा भी कई शिक्षण संस्थाएं पाइपलाइन में हैं। उम्मीद है कि जैसे-जैसे यहां का औद्योगिक विस्तार होगा। इनके लिए टाउनशिप बसेगी। शैक्षणिक संस्थाओं के लिए यह पूरा क्षेत्र आकर्षण का और केंद्र बनेगा। अगर गोरखपुर के मौजूदा शैक्षणिक परिदृश्य की बात करें तो यहां पहले से ही पण्डित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) और बीआरडी मेडिकल कॉलेज हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भी अपनी सेवाएं देना प्रारंभ कर चुका है। 28 अगस्त 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से गोरखपुर को एक साथ दो विश्वविद्यालयों की सौगात मिली। करीब 268 करोड़ रुपए की लागत से 52 एकड़ में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया गया।

# जीबीसी-3 से बदलेगा वातावरण वैश्विक कंपनियां हो रहीं आकर्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की उद्योग और निवेश के मामले में बन रही अग्रणी छवि की वजह से विश्व की शीर्ष कंपनियां अब प्रदेश में इकाईयां लगाने की इच्छुक हो रही हैं। पिछले 5 वर्षों में, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इलेक्ट्रानिक्स, खाद्य व खाद्य प्रसंस्करण, और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है, और ऐसा करने वाली कंपनियों में वे भी शामिल हैं जो दुनिया के कई देशों में कार्यरत हैं।

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को और ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए तीसरी ग्राउन्ड ब्रेकिंग सेरमोनी (जीबीसी) आगामी 3 जून को प्रस्तावित है जिसमे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 2000 से अधिक इकाईयों के लिए भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट समूहों के 60 से अधिक उद्योगपति भी उपस्थित रहेंगे। इन इकाईयों पर लगभग रु 75 हजार करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रतिष्ठित समारोह के आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने की दिशा में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं और इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मुख्य समारोह 3 जून को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया है। इसके बाद उप्र देश के प्रमुख औद्योगिक राज्य के रूप में स्थापित हो जाएगा। प्रस्तावित आयोजन देश-विदेश के औद्योगिक समूहों का उत्तर प्रदेश में विश्वास बढ़ने का प्रतीक है। पिछले 5 वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश में औद्योगीकरण और निवेश के लिए सरल व सहज वातावरण बनाया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी ने फरवरी 2018 में पहले इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया था। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुई पहली जीबीसी सम्पन्न में 61,800 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को जमीन पर

# वृद्ध महिलाओं के लिए वृंदावन में शुरू हुआ कृष्ण कुटीर

● **प्रदेश व केंद्र सरकार के मध्य संचालन को लेकर हुआ एमओयू**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार तथा केंद्र सरकार के मध्य बुधवार को दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में 1000 बेड के वृंदावन स्थित कृष्ण कुटीर के संचालन के सम्बंध में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। सचिव, महिला एवं बाल विकासए भारत सरकार की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से निदेशक महिला कल्याण मनोज राय द्वारा हस्ताक्षर किये गये। वृंदावन स्थित कृष्ण कुटीर लगभग 3.5 एकड़ में 54 करोड़ की लागत से तैयार कराया गया है। जिसमें एक साथ 1000 वृद्ध अथवा विधवा महिलाओं को आवासित किये जाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही यहाँ महिलाओं को फिजियोथेरेपी सहित आवश्यक जाचें, दवायें आदि की भी व्यवस्था की गई है। कृष्णकुटीर में महिलाओं के नि:शुल्क आश्रय, भोजन, स्वास्थ्य व चिकित्सा, देखरेख, जीवन कौशल, मनोरंजन, भ्रमण आदि का पूर्ण प्रबंध है। विभाग द्वारा निगरानी हेतु पूरे में परिसर सीसीटीवी कैमरे लगायें गयें हैं। परिसर में 10-10 बेड के 100 कमरों सहित, मॉडयूलर रसोई, एक साथ खाना खाने हेतु डाइनिंग हाल, ओपन थिएटर, प्रशिक्षण सभागार, आईसोलोशन रूम, आदि की व्यवस्था है। साथ ही परिसर में ही 150 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाकर उसे संचालित कराया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 150 महिलायें यहां आवासित हैं। विभाग निरंतर प्रयासरत है कि इन्हें कौशल विकास मिशन के साथ मिलकर नवीनतम ट्रेड्स में कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाये। इस मौके पर महिला कल्याण निदेशक मनोज राय ने कहा कि प्रदेश सरकार और हमारा विभाग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु प्रतिबद्ध है।

# सीनियर सिटीजन के लिए मसीहा बनी एल्डर लाइन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में 'प्रोजेक्ट एल्डरलाइन' सेवा काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है। लगभग पिछले एक वर्ष की अवधि में 67,027 से अधिक अकशनेबल कॉल्स सहित इस टोल फ्री नंबर पर 2,40,335 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। बुजुर्गों की पेंशन, कानूनी मुद्दों पर मुफ्त जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किए जाने साथ ही उनकी भावनात्मक रूप से मदद करने और उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार के मामलों में सहायता करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने 17 मई 2021 को पूरे राज्य में हेल्पलाइन को प्रभावी ढंग से लागू किया था।जिसे एक साल में जबरदस्त रिस्पोंस मिला है। अब तक, अधिकांश कॉल करने वालों ने सरकारी कल्याण योजनाओं, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, कोविड सपोर्ट, कानूनी सहायता और भावनात्मक सहारे के लिए के बारे में कॉल कर के जानकारी मांगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई यह टोल-फ्री हेल्पलाइन-14567- उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (यूपीकान) द्वारा संचालित है। यूपीकान के प्रबंध निदेशक प्रवीण सिंह ने बताया कि हेल्पलाइन सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक चालू रहती है तथा इसके द्वारा 48 घंटों के भीतर वरिष्ठ नागरिकों को मदद पहुंचाई जाती है । हेल्पलाइन से बुजुर्गों को मुफ्त जानकारी, मार्गदर्शन, दुर्व्यवहार के मामले में हस्तक्षेप, भावनात्मक समर्थन प्रदान करती है। शिकायतों के समाधान के लिए हर जिले में एक फील्ड रिस्पांस ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की गई है। 'एल्डरलाइन' सेवा के द्वारा चिकित्सा या व्यक्तिगत आपात स्थिति, अवसाद, अकेलापन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

## साइन्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सीएमएस छात्रा सम्मानित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, यूनाइटेड वर्ल्ड कैम्पस की मेधावी छात्रा दिव्यांशी शर्मा को अन्तर्राष्ट्रीय साइन्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन हेतु 'सार्टिफिकेट ऑफडिस्टिंक्शन' प्रदान कर सम्मानित किया गया है। दिव्यांशी ने इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आईबीटी) के अन्तर्गत करीब 17 देशों के छात्रों के बीच साइन्स प्रतियोगिता में अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। सीएमएस संस्थापक डा जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्रा को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई।

## कैंसर रोकथाम पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**लखनऊ।** इंस्ट्रीयूट ऑफ बायो साइंस एंड टेक्नोलॉजी, श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24 और 25 मई 2022 को कैंसर जीव विज्ञान रोकथाम और चिकित्सा विषय पर दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन और कुलगीत के साथ हुआ जिसके बाद कुलाधिपति पंकज अग्रवाल उप कुलाधिपति पूजा अग्रवाल, डॉ ए के सिंह, डॉ सुनील सिंह, निदेशक, आईबीएसटी ने स्वागत भाषण दिया। डॉताबिश किदवई ;संयोजक ने सभी को सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य से अवगत् कराया। मुख्य अतिथि एसजीपीजीआईएमएस के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. गौरव अग्रवाल थे। उन्होंने कैंसर तथा उसके सामान्य कारणों एवं विशेष रूप से स्तन कैंसर के बारे में अवगत् कराया। उद्घाटन सत्र के दौरान सम्मेलन की सार.पुस्तिका का विमोचन हुआ। इसके पश्चात् बीबीएयू, लखनऊ के प्रो बलराज मित्तल एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान के प्रमुख डॉ सुधीर मल्होत्रा ने कैंसर के जीव विज्ञान, जीनोमिक्स एवं चिकित्सा विज्ञान से सम्बन्ध के बारे में बताया। सऊदी अरब, कतर, स्वीडन, पोलैण्ड एवं यूएसए से विभिन्न शोध कर्ताओं ने इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान वार्ता की। स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टीट्यूट के साइलाइ लैब के वैज्ञानिक डॉ वारिद अहमद ने कैंसर कोशिकाओं की अमरता को रोकने के लिए टेलोमियर को लक्षित करने के बारे में बताया। डॉ प्रशांत कुमार, वैज्ञानिक, एस्ट्राजेनेका पीएलसीए पोलैण्ड ने कैंसर जीव विज्ञान के क्षेत्र में इनसिलिको अनुसंधान की प्रगति के बारे में बताया। इसके अतिरिक्तए सत्र की अध्यक्षता किंग सऊदी विश्वविद्यालय की प्रोफेसर निकहत जमाल सिद्दीकी ने की एवं पारम्परिक कैंसर उपचारों के विकल्प के बारे में नैनों कणों के योगदान के बारे में बताया।

## आम आदमी पार्टी ने 26 जिलों में बनाए जिलाध्यक्ष

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने संगठन निर्माण की प्रक्रिया को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए बुधवार को यूपी के 26 जिलों में नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। इन सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की घोषणा आप यूपी प्रभारी संजय सिंह ने की है। लखनऊ से रोहित श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। जबकि कानपुर में उमेश यादव, लखीमपुर खीरी में वलीम खान, बाराबंकी में धर्मवीर, गाजियाबाद में सचिन शर्मा, अम्बेडकर नगर के राजेन्द्र कुमार वर्मा को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आप सांसद संजय सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश में आम आदमी पार्टी बूथ स्तर तक संगठन निर्माण की प्रक्रिया में जुटी है। संजय सिंह खुद संगठन निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। यूपी में आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी बड़ी तैयारी में जुटी है। इसके लिए सभी वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। नए सिरे से संगठन निर्माण कर इस बार नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी बड़ी जीत दर्ज करने में जुटी है। इसके लिए सभी जिलो में जिला संगठन प्रभारी बनाए गये हैं। आम आदमी पार्टी परिवर्तन योद्धा भी बनाने की तैयारी में जुटी है जो पार्टी के रीढ़ होंगें। ये परिवर्तन योद्धा भी जनता की स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे।

## मनरेगा के छह करोड़ बकाया, प्रधानों ने काम ठप करने का दिया अल्टीमेटम

**मोहनलालगंज।** मनरेगा से कराए गए पक्के कार्यों की तकरीबन छह करोड़ की बकाएदारी ने पंचायतों को लगभग साल भर से कर्जदार बना रखा है। बकाया भुगतान नहीं होने से सप्लायरों ने निर्माण सामग्री की उधारी करने से साफ इंकार कर दिया है। जिसे लेकर परेशान मोहनलालगंज ब्लाक की सभी 78 ग्राम पंचायतों के प्रधानों का आक्रोश फूट पड़ा है। प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह की अगुवाई में नाराज ग्राम प्रधानों ने बकाए का भुगतान होने तक मनरेगा से पक्के कार्य नहीं कराने का अल्टीमेटम दिया है। पंचायत सहायक सामुदायिक शौचालय केयरटेकर व गोपालकों के प्रतिमाह मानदेय और बिजली बिल के भुगतान का अतिरिक्त बोझ पड़ने से ज्यादातर पंचायतों में धनाभाव के चलते विकास कार्य ठप हैं। प्रधानों ने इन सभी खर्चों का भुगतान शासन से कराए जाने और पंचायतों के अनुदान में की गई तीस फीसदी कटौती का आदेश वापस लिए जाने की पुरजोर मांग उठाई है। भूसे की आसमान छूती कीमतों को लेकर प्रधानों ने आश्रय केन्द्रों में रखे गए छुट्टा गोवंश का पेट भरने के लिए चारे के लिए तय धनराशि 30 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति गोवंश करने की मांग की।

## भूमि पूजन कर यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन ने तालाब खोदाई का किया शुभारम्भ



**मोहनलालगंज।** अमृत सरोवर योजना के जरिए ग्रामीण आबादी को सैर-सपाटे के लिए आकर्षक पर्यटन केन्द्र की सौगात मिल सकेगी। योजना से न केवल गांव का जलस्तर सुधारने में मदद मिलेगी बल्कि हरियाली बढ़ने से पर्यावरण भी सुधरेगा। बुधवार को मोहनलालगंज के जबरौली गांव में अमृत सरोवर योजना के तहत भूमि पूजन कर तालाब खुदाई का शुभारंभ करने पहुंचे यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए चेयरमैन ने कहा विभिन्न योजनाओं के जरिए सरकार लगातार गांव में शहरी सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिश कर रही है। यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन ने इस दौरान निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र का निरीक्षण कर इंतजामों का जायजा लिया और गोवंश को फल खिलाए। मनरेगा से बनाए गए खेल मैदान का निरीक्षण कर चेयरमैन ने पौधरोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

# प्रदूषण की रोकथाम जरूरी है: डॉ. नवनीत सहगल

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डा. नवनीत सहगल ने फर्रूखाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और बंद इकाइयों को जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम जरूरी है, लेकिन आर्थिक गतिविधियों को चालू रखना है। फर्रूखाबाद में ब्लाक प्रिंटिंग ओडीओपी उत्पाद है, इससे बड़ी संख्या में कारीगर जुड़े हुए है। वहां लगभग 250 छापे खाने की इकाईयां है, जिसमें 108 इकाइयां बंद है, क्योंकि इन इकाइयों से निकलने वाला प्रदूषित पानी सीधे गंगा नदी में जाता रहा है। उन्होंने कहा कि एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार प्रदूषित पानी गंगा नदी में न जाये, इसके लिए शीघ्र ही फर्रूखाबाद में सामान्य सुविधा स्कीम के सीईटीपी लगाकर इस समस्या से निजात दिलाया जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जब तक यह प्लांट स्थापित नहीं हो जाता, तब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर इकाइयों को शुरू कराया जाय। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इसी प्रकार जनपद मुरादाबाद में कई इकाइयां वायु प्रदूषण उत्पन्न करने के कारण बंद है, वहां भी पीतल का उत्पाद ओडीओपी प्रोडक्ट है। मुरादाबाद बड़ी संख्या में पीतल व ताबें से बने बर्तन आदि का विदेशों में निर्यात हो रहा हैए लेकिन इकाइयों द्वारा उत्पाद तैयार करने के लिए कोयले का ज्यादा उपयोग किया जा रहा है, जिससे हवा का क्यूआई मानक से ज्यादा हो जाने के कारण कई इकाइयों को बंद करना पड़ा। सरकार इन्हें पुन: शुरू करायेगी और कोयले के स्थान पर गैस से इकाइयां चलाने को प्रमुखता दी जा रही है। इकाइयों के संचालन हेतु गैस संयंत्र का लगाने के लिए सरकार आवश्यक सुविधाएं भी देगी। साथ ही शीघ्र ही गैस पाइप लाइन के माध्यम से इकाइयों को गैस सप्लाई की जायेगी।

# सिलेसिलेवार चोरियों से लोगों में दहशत, पुलिस नाकाम

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**खुझौली** इलाके में बेखौफ चोर सिलसिलेवार वारदातें अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। अकेले दहियर और आसपास के गांव में ही चोरी की कई वारदातें सामने आ चुकी हैं। ताजा मामला निजी स्कूल में सोलर पैनल और बैट्री चोरी का है। लेकिन पुलिस की कार्रवाई महज मौका.मुआयने तक ही सीमित होकर रह गई है। लिहाजा दहशतजदा लोगों को रतजगा कर पहरेदारी करनी पड़ रही है। मोहनलालगंज के दहियर गांव में खेतों में लोहे के एंगल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में किसान देवसरन और शिवसरन के खेत से भी बेखौफ चोर लोहे के 18 एंगल उखाड़ ले गए। इससे पहले कोठरी का ताला तोड़कर ट्यूबवेल इंजन पार्ट्स भी चोरी हो चुके हैं। यही नहीं एक अन्य किसान के ट्रैक्टर की बैट्री चोरी को भी अंजाम दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त किसान सुशील कुमार के खेत से पहली बार में सोलर सबमर्सिबल पम्प और दूसरी बार में हजारों रुपये के सोलर पैनल चोरी किए जा चुके हैं। ताजा मामला इन्द्रजीत खेड़ा में निजी स्कूल के चैनल का कुण्ढ़ा काटकर इन्वर्टर व बैट्री और सोलर पैनल चोरी का है। हर बार पीड़ित लोगों की शिकायत पर पुलिस टीम मुआयना कर वापस लौट जाती है। लेकिन ताबड़तोड़ चोरियां कर रहे गिरोह तक पहुंचने में पुलिस नाकामयाब है।

**चौकी इंचार्ज गश्त कर रहे और बेखौफ गिरोह चोरी:** मोहनलालगंज के खुझौली इलाके में ताबड़तोड़ चोरियां कर रहा गिरोह चौकी इंचार्ज और उनके गश्ती दल को लगातार चकमा देकर वारदातें अंजाम दे रहा है। चौकी इंचार्ज का दावा है कि वह खुद पुलिसकर्मियों के साथ सारी रात गश्त कर रहे हैं। लेकिन लगातार हो रही वारदातें पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगा रही हैं। जिसे लेकर अधिकारियों ने भी फ्टकार लगाई है।

**क्या कहते हैं एडीसीपी:** एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया साउथ जोन की टीमें लगातार चोरों के गिरोह की धरपकड़ कर रही हैं। पुराने शातिर अपराधियों से पूछताछ और प्रभावी गश्त के जरिए चोरी की वारदातों को रोंका जाएगा। एडीसीपी ने बताया खुझौली इलाके में टीम गठित कर जल्द ही चोरों के गिरोह को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

**कुछ प्रमुख वारदातें...**

- इन्द्रजीत खेड़ा में निजी स्कूल से इन्वर्टर.बैट्री और सोलर पैनल चोरी।
- दहियर में किसान देवसरन और शिवसरन के खेत से लोहे के 18 एंगल चोरी।
- किसान सुशील कुमार के खेत से सोलर सबमर्सिबल और सोलर पैनल चोरी।
- कारोबारी महेश साहू के मकान से डायनमो समेत अन्य सामान चोरी।

# पेज एक का शेष

### यासीन मलिक...

गए थे, वह साजिश के रूप में थे, जिसमें उकसाने, पथराव और आगजनी करके विद्रोह का प्रयास किया गया था, और बहुत बड़े पैमाने पर हिंसा के कारण सरकारी तंत्र बंद हो गया था। हालांकि उन्होंने संज्ञान लिया कि अपराध करने का तरीका, जिस तरह के हथियारों का इस्तेमाल किया गया था, उससे वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विचाराधीन अपराध सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दुर्लभतम मामले की कसौटी में विफल हो जाएगा। अदालत ने जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) नेता मलिक को दो अपराधों - आईपीसी की धारा 121 (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना) और यूएपीए की धारा 17 (यूएपीए) (आतंकवादी गतिविधियों के लिए राशि जुटाना)- के लिए दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई गई। सुनवाई के दौरान मलिक ने दलील दी कि उसने 1994 में हिंसा छोड़ दी थी।

### आतंकी से...

के वित्तपोषण संबंधी मामले में गिरफ्तार किया था। मलिक का जन्म श्रीनगर स्थित मैसूमा इलाके में तीन अप्रैल 1966 को हुआ था। मलिक वर्ष 1989 में तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण मामले में भी सुनवाई का सामना कर रहा है। इसके अलावा, वर्ष 1990 में जेकेएलएफ आतंकवादियों द्वारा श्रीनगर में वायुसेना कर्मियों पर हमले का मामला भी चल रहा है। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे।

### गुपकर घोषणापत्र...

एक अदालत द्वारा अलगाववादी नेता मोहम्मद यासीन मलिक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने की निंदा की। बयान में कहा गया, यासीन मलिक ने संघर्ष के समाधान के लिए 1994 से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीका अपनाया। वह कश्मीर समस्या से जुड़े पक्षों- जम्मू कश्मीर के लोग, भारत और पाकिस्तान- के बीच संवाद और समझौते के पक्षधर हैं। वह लगातार इसके समाधान के लिए काम कर रहे हैं।

### आतंकी साजिश...

25 नवंबर, 2020 को गिरफ्तार किया था और उन्हें नौ जनवरी, 2021 को जमानत मिली थी। लेकिन वह जम्मू की जेल से रिहा नहीं हो सके और उन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध जांच (कश्मीर) शाखा ने गिरफ्तार कर लिया था। यह शाखा अब राज्य जांच एजेंसी में तब्दील कर दी गई है। पारा के वकील शरीक रियाज ने फैसले के बाद पीटीआई-भाषा से कहा, यह एक सुष्पष्ट आदेश है, जिसमें जुटाए गए साक्ष्य को गहनता से परखा गया एवं प्रथम दृष्टया इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि आरोप अधूरे हैं।

### विपक्ष भी...

के भविष्य के बारें में पूछा तो उसने बताया कि अगले 25 साल तक सपा को प्रदेश में मौका नहीं मिलेगा। डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव से मुखातिब होते हुए कहा कि सड़क किसने बनाई है, एक्सप्रेस-वे किसने बनाया है, मेट्रो किसने बनाई है, जैसे लगता है कि आपने अपनी सैफई की जमीन बेचकर यह सब बनवा दिया है। इससे नाराज नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव खड़े हो गए और मौर्य पर बेहद तल्ख टिप्पणी की। इसके बाद सपा के तमाम सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर हंगामा करने लगे।

### हर सरकार...

अध्यक्ष सतीश महाना से अनुरोध किया कि सदन में कहीं गईं असंसदीय बातें विधानसभा की कार्यवाही से हटवा दी जाएं। उन्होंने कहा कि एक घंटे से ज्यादा पूरा सदन नेता प्रतिपक्ष को सुनता रहा है। बड़ी शालीनता के साथ वह भी उनकी बातें सुन रहे थे। उन्होंने अपनी बात की है लेकिन जब उपमुख्यमंत्री अपनी बात रख रहे हैं तो बीच में रनिंग कमेंट्री का मतलब क्या है? एक सम्मानित नेता के खिलाफ असभ्य शब्द का प्रयोग हो, तू-तू शब्द का प्रयोग हो। यह उचित नहीं। मैंने कल भी देखा था कि संसदीय मंत्री को लेकर जिस तरीके की भाषा का प्रयोग किया गया था, आज वही फिर हो रहा है। उन्होंने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की ताकत है लेकिन उपमुख्यमंत्री अगर अपनी बात रख रहे हैं तो हमें शालीनता से सुनना चाहिए। बहुत सारी बातें नेता प्रतिपक्ष की भी गलत हो सकती थीं लेकिन हमने सुना। हमें जो स्वीकार करना होगा उसे करेंगे और उसका जवाब भी देंगे लेकिन बीच में इस तरह की उत्तेजना दिखाना उचित नहीं है।

### सिब्बल ने...

उन्हें राज्यसभा भेजने का मन बनाया है। उत्तर प्रदेश की 11 राज्यसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हो गई और मतदान 10 जून को होगा। प्रदेश की 403 सदस्ईय विधानसभा में सपा के 111 सदस्य हैं और वह तीन उम्मीदवारों को आसानी से राज्यसभा भेज सकती है जिसके तहत बुधवार को सपा ने कपिल सिब्बल व जावेद अली खां को समर्थन देते हुए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। शेष एक सीट पर अभी सपा ने पत्ते नही खोले हैं। फिलहाल सबसे ऊपर नाम राष्ट्रीय लोक दल प्रमुख जंयत चौधरी का चल रहा है।

### बारामूला में...

उस पर गर्व है। इस बीच, मंगलवार को सौरा इलाके में हुए आतंकी हमले पर टिप्पणी करते हुए, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल मारा गया था। आईजीपी ने कहा कि हमले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो स्थानीय आतंकवादियों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे टीआरएफ/ एलईटी के एक स्थानीय कमांडर गांदरबल के आदिल और एक अन्य नव-नियुक्त आतंकवादी हैं। हम उन्हें जल्द ही बेअसर कर देंगे।

### अमेरिकी स्कूल...

कहा कि यह एक छोटी सी कक्षा है, इसमें 25 से 30 छात्र कहीं भी हो सकते हैं, साथ ही वहां दो शिक्षक भी थे... उस कक्षा में कितने छात्र थे, इसकी सटीक संख्या नहीं है। जांचकर्ताओं का कहना है कि हमलावर एक हैंडगन, एक एआर-15 अर्ध-स्वचालित राइफल और उच्च क्षमता वाली मैगजीन से लैस था।

### ज्ञानवापी-शृंगार...

हुए ज्ञानवापी परिसर और काशी विश्वनाथ परिसर ही नहीं, बल्कि कोर्ट परिसर में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। सुरक्षा कड़ी होने के साथ ही हर आने जाने वाले पर नजर रखने के साथ ही संबंधित जगहों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही थी। इस बाबत पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। बुधवार को सुबह से लेकर दोपहर तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहने से लोगों की आवाजाही भी कम रही। वैदिक सनातन संघ के जीतेंद्र सिंह बिसेन की पत्नी किरन सिंह की याचिका में मांग की गई है कि ज्ञानवापी परिसर में तत्काल प्रभाव से मुस्लिम पक्ष का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। ज्ञानवापी का पूरा परिसर हिंदुओं को सौंपा जाए। भगवान आदि विश्वेश्वर स्वयंभू ज्योर्तिलिंग जो अब सबके सामने प्रकट हो चुके हैं उनकी तत्काल पूजा- पाठ शुरू करने की इजाजत दी जाए। अदालत ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई के लिए 25 मई की तिथि तय की है। इसी मामले से जुड़ा डॉ. कुलपति तिवारी का भी वाद है, जिसे जिला जज की अदालत में उभयपक्षों के साथ रखा गया है। दरअसल पूर्व महंत कुलपति तिवारी ने ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग की पूजा-अर्चना करने की मांग रखी है। इस मामले की भी सुनवाई चल रही है। जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से मुकदमे की पोषणीयता को लेकर उठी मांग पर गुरुवार 26 मई को दोपहर में सुनवाई की जानी है।

### श्रीराम लला...

कार्य मई माह के अंत में पूर्ण हो रहा तो ट्रस्ट अब बुधवार एक जून को कुशल शिल्पकारों द्वारा सितंबर 1990 में निर्मित हुए गर्भगृह के प्रथम शिला को शुभ मुहूर्त में संतों और संघ परिवार के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वैदिक पूजन के साथ रखकर इसे स्मरणीय बनाने की तैयारी में जोर शोर से कर रहा है।

### आईआरसीटीसी की...

आधुनिक किचन कार से यात्रियों को उनकी बर्थ पर ही शाकाहारी स्वादिष्ट भोजन परोसा जाएगा। ट्रेन में यात्रियों के मनोरंजन व यात्रा की जानकारी आदि प्रदान करने हेतु इन्फोटेन्मेंट सिस्टम भी लगाया गया है। स्वच्छ शौचालय के साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन, भारत सरकार की पहल देखो अपना देश के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने टूर के बुकिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पेटीएम व रेज़रपे जैसी पेमेंट गेटवे फर्मों से करार किया है जिससे भुगतान डेबिटाक्रेडिट कार्ड के माध्यम से आसान किश्तों में भी किया जा सके। पहले आने वाले 50% यात्रियों को यात्रा किराया में 5% की छूट मिलेगी। आईआरसीटीसी ने इस 18 दिनों की यात्रा के लिए 62,370 रुपए प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 मई, 2022



## जैपुरिया बाबतपुर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत हुआ कार्यक्रम

# सावधान रहेंगे तो सेफ भी

### ● डीएसपी जगदीश कालीरमन ने विद्यालय के छात्र-छात्राओ को दी सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सेठ एम. आर. जैपुरिया** स्कूल बनारस के बाबतपुर कैम्पस में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक जगदीश कालीरमन व चेयरमैन दीपक बजाज एवं अन्य गणमान्य दीप प्रज्वलन कर किया। डीएसपी जगदीश कालीरमन ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में यातायात दुर्घटनाओं से प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मृत्यु होती है। यातायात दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात के नियमों का और छोटी–छोटी सावधानियों का पालन करना बेहद जरुरी है। बाइक चालक निर्धारित रफ्तार में गाड़ी चलाएं और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही चार पहिया गाड़ियों के ड्राइवर को गति पर नियंत्रण रखना चाहिए और सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। कई बार इन असावधानियों के कारण न केवल चालक स्वंय बल्कि दूसरे लोगों के साथ भी दुर्घटना हो जाती है। बच्चों को यातायात नियमों और इसकी जागरुकता से जुड़ी शपथ का पाठ भी कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र दृ छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने सम्बोधित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज,आयुष्मान बजाज व शैक्षणिक प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे।

## घरों से लाखों के आभूषण और नगदी चोरी

**सकलडीहा/चन्दौली।** पुलिस की रात्रि गश्त के बावजूद चोरों का हौसला बुलंद है। मंगलवार की देर रात चोरों ने टिमिलपुर गांव के दो घरों में घुसकर दो लाख से अधिक के आभूषण सहित हजारों रूपया नगदी चुराकर चंपत होगये। चोरी की बढ़ती लगातार घटना को लेकर लोगों में दहशत व्याप्त है। पीड़ित परिवार की ओर से कोतवाली में चोरी की घटना का लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है। चोरों का हौसला बुलंद है। कोतवाली से चंद दूरी पर टिमिलपुर गांव में एक शिक्षक पंकज श्रीवास्तव के घर से चोरों ने सोने की एक चैनए अंगूठी सहित हजारों रूपये नगदी लेकर फरार होगये। उसी गांव में किशोरी यादव के घर से चोरों ने पीछे के रास्ते से घर में घुसकर कमरे में रखा तीन अटैची लेकर फरार होगये। अटैची से सोने की अंगूठीए सोने की चैनए दुल्हन पायल सहित चांदी अन्य आभूषण व पांच हजार नगदी चुराकर चंपत होगये। सुबह नींद खुला तो घर का टूटा आलमारी देख लोग परेशान होगये। खोजबीन शुरू किया तो घर से दूर खेत में टूटी अटैची मिलने पर पुलिस को सूचना दिया। इस बाबत कोतवाल विनोद मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटना की जांच कर शीध्र ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

### बीजपुर पुलिस ने किया चार आरोपियों का चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थाना की पुलिस ने बुधवार को थानाक्षेत्र के दो ग्राम सभाओं के अलग अलग मामलों में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार करके उन सभी को शांतिभंग करने के आरोप में सीआरपीसी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान की कार्रवाई की। पहला मामला ग्राम सभा डोडहर का है जहाँ आवेदक सूर्यबली के आवेदन के जांच के दौरान दो आरोपी विवाद करने लगे थे। पुलिस ने ग्राम सभा डोडहर निवासी 19 वर्षीय श्यामलाल पुत्र राजकुमार केवट व दुद्धी कोतवाली के ग्राम कटौली के 20 वर्षीय अंगद पुत्र जोतिष प्रसाद का चालान किया है। दूसरा मामला थानाक्षेत्र के ग्राम सभा नेमना का है, पारिवारिक विवाद को लेकर पुलिस ने प्रथम पक्ष के 38 वर्षीय बासुदेव गुप्ता पुत्र लालचंद गुप्ता व द्वितीय पक्ष के 36 वर्षीया कौसिल्या देवी पत्नी बासुदेव गुप्ता का चालान किया है।

# पीएम से संवाद के लिए गर्भवती महिलायें प्रशिक्षित

### ● योजना के तहत 30 महिलायें हुईं चयनित

### महिलाओं से योजना के लाभ की लेंगे जानकारी

**मिर्जापुर।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 30 महिला लाभार्थियों को प्रधानमंत्री से संवाद के लिए चयनित किया गया है। चयनित महिला लाभार्थियों को बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में प्रशिक्षित किया गया। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम समन्वयक महिप पाण्डेय ने दी। जिला कार्यक्रम समन्वयक ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि 31 मई को प्रधानमंत्री शिमला से देश के हर जनपद से लाभार्थियों से संवाद करेगे। जिसके लिए 30 लाभार्थियों का चयन किया गया है। संवाद में पीएम योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं से योजना के विषय में संवाद करेगे। उसी के तहत लाभार्थियों से संवाद करके उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री योजना में लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके। इसके लिए राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रही है। गर्भवती महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए जनपद में तैनात आशा व एएनएम के माध्यम से योजना का प्रचार.प्रसार किया जाता रहा है। लेकिन प्रचार.प्रसार होने के बावजूद भी कुछ महिलायें योजना से वंचित रह जाती हैं। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग व प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना के लिए हेल्प नम्बर जारी किया है। हेल्प लाइन नं0 7998799804 पर कॉल कर गर्भवती महिलायें घर बैठे योजना के विषय में सारी जानकारी ले सकती हैं। साथ ही पंजीकरण चिकित्सकीय सलाह और गर्भ के दौरान क्या.क्या सेवन करें उसके विषय में भी जानकारी मिलेगी।

### योजना की अब तक की रिपोर्ट

जिला कार्यक्रम समन्वयक डा0 महीप पाण्डेय ने बताया कि जिले में योजना की शुरूआत से अब तक 37667 महिलाओं को लाभ दिया जा चुका हैं। जिसका अब तक 14 करोड़ 12 लाख 12 हजार रूपये भुगतान किया जा चुका है। वहीं 42856 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण हुआ है। जिसका भुगतान 8 करोड़ 32 लाख 59 हजार रूपया भुगतान किया गया। योजन के तहत जिले को प्रदेश में इक्कीस वां स्थान प्राप्त है व मडल में प्रथम स्थान प्राप्त है ।

### पंजीकरण की सुविधा

जिला कार्यक्रम सहायक विजय शंकर गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना में लाभार्थियों का पंजीकरण जनपद के 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 43 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा 326 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों समेत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में नि:शुल्क व्यवस्था किया गया है।

# भाकपा माले ने निकाला न्याय के लिए न्याय मार्च

**संवाददाता।** चकिया/चन्दौली

**निशा यादव** को न्याय दो, निशा यादव हत्याकांड की न्यायिक जांच कराओ, निशा यादव की पीटकर हत्या करने वाले पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार करो, निशा यादव हत्याकांड में स्थानीय विधायक के संलिप्तता की जांच कराओ, नारे के साथ निशा यादव को न्याय दो संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर स्थानीय शिकारगंज बाजार में न्याय मार्च निकाला गया तथा सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए निशा यादव को न्याय दो संघर्ष मोर्चा के सह संयोजक भाकपा (माले) जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने कहा कि पिछले 23 मई से जिले के तमाम बाजारों में न्याय मार्च निकाला जा रहा है जो निशा यादव को न्याय दिलाने की लड़ाई को तेज करने की मुहिम है, 28 मई को पूरे जिले से लोकतंत्र पसंद न्याय पसंद लोग निशा यादव के गांव मनराजपुर पहुंचेंगे और पीड़ित कन्हैया यादव के घर से सैयदराजा थाने तक निकलने वाले न्याय मार्च में शामिल होंगे। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष बिजई राम ने कहा कि यह केवल निशा यादव को न्याय दिलाने की लड़ाई नहीं पूरे प्रदेश में पुलिस राज के खिलाफ लड़ाई है। इंकलाबी नौजवान सभा जिला सह सचिव रमेश चौहान ने कहा कि निशा यादव को न्याय दिलाने की लड़ाई अनवरत जारी रहेगी जब तक उनकी हत्या करने वाले पुलिसकर्मियों को जेल नहीं भेज दिया जाता। मार्च में प्यारी देवी, लल्लन देवी, मंगरा देवी, सुरेश चौहान, गिरजा चौहान, पिंटू चौहान, रमाशंकर, जितेंद्र, धर्मेंद्र सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## गांव में सरोवर खुशहाली की है सौगात: बीडीओ

**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली

**क्षेत्र के** खड़ेहरा गांव में बुधवार को बीर दामोदर दास सावरकर अमृत सरोवर नाम से तालाब के सुंदरीकरण के लिये भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा पूर्व जिलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख अरूण जायसवाल बीडीओ सतीश चंद्र त्रिपाठी के साथ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर गांव की चौमुखी विकास और खेल मैदान बनाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सर्वेश कुशवाहा सांसद प्रतिनिधि व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि जहां सरोवर होता है। वहा सकुन के साथ खुशहाली और हरियाली रहती है। शासन की ओर से गांवों की सरोवर को अमृत सरोवर के रूप में तब्दील कर सुंदरीकरण किया जा रहा है। वही विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख अरूण जायसवाल व बीडीओ सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने गांव के विकास के लिये हर संभव सहयोग का भरोशा दिया। अंत में अतिथिगण व अधिकारीगण ग्राम प्रधान दीनबंधु राजभर के साथ बीर दामोदर दास सावरकर अमृत सरोवर का भूमि पूजन किया। इस मौके पर एडीओ पंचात आनंद यादव, सचिव धर्मेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान दीनबंधु राजभर, बाबूलाल, अदालती राजभर, रामअवतार गुप्ता, गोपाल राजभर, यशवंत सिंह, बदरुद्दीन अंसारी, चंद्रभान सिंह आदि लोग उपस्थित थे ।

# पेयजल परियोजना का निर्माण कार्य 15 जून तक किया जाय पूर्ण: जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** डीएम की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय परिसर में कल सायं जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास द्वारा आवंटित निर्माण कार्यों की शीघ्र पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित नामित एजेन्सी व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। डीएम ने राबर्ट्सगंज पेयजल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली, तो अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि निर्माण कार्य जारी है, जिस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया कि पेयजल परियोजना को निर्माण का कार्य 15 जून, 2022 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। डीएम ने जिला पंचायत द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन मद से निर्माणाधीन सड़कों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी है। डीएम ने प्रदीप सिंह एससीएम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। पीडब्ल्यूडी निर्माण खण्ड–2 अधिशासी अभियन्ता कन्हैया झा से सड़कों के कार्य प्रारंभ व अनुबंध की प्रगति के संबंध में जानकारी ली, तो उनके द्वारा बताया गया कि 13 सड़कों के अनुबन्ध का कार्य होना है, इसे करा लिया जायेगा। सड़कों के अनुबन्ध का कार्य अब तक पूर्ण न किये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि धनराशि का आवंटन चार माह पूर्व कर दिया गया था, अब तक अनुबन्ध का कार्य नहीं किया गया था, यह कार्य की शिथिलता को दर्शाता है, सड़कों के अनुबंध का कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये। लोनिवि द्वारा जिन सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, उसे निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और कार्य के प्रगति की फोटोग्राफभी बैठक के दौरान प्रस्तुत करें। जिला खजिन फाउण्डेशन मद से आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रगति के संबंध में आरईडी विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि 30 जून, तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास मद से स्थानीय जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाय। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने के साथ ही समय से काम को भी पूरा किया जाय। डीएम ने कहा कि जो परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, उनकी तकनीकी जॉच भी करायी जाय और निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाये। शासन की मंशा के अनुरूप जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास द्वारा काफी महत्वांकाक्षी परियोजनाओं को शामिल किया गया है, लिहाजा गुणवत्ता के साथ काम को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये, किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। एडीएम अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–2 अधिकारी, विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी अजय शंकर शर्मा लेखाकार खनन विभाग सहित निर्माण एजेन्सियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## सिज़ोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक रोग पर जागरूकता अभियान चलाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मनमानस ट्रस्ट** की डायरेक्टर सेटलर डॉली सिंह के द्वारा विश्व सिज़ोप्रेनिया दिवस पर मानसिक रोग के बारे मे दृशाश्वमेघ घाट पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गंगा आरती के जनक बाबू महाराज थे। साइकोलॉजिस्ट डॉली सिंह के द्वारा बताया गया कि पूरे विश्व् स्तर पर हर तीन सौ मे से एक व्यक्ति को और भारत मे एक हज़ार की जनसंख्या मे से तीन व्यक्ति को सिज़ोप्रेनिया बीमारी है। सिज़ोप्रेनिया एक गंभीर मानसिक रोग है जिसे आम भाषा मे पागलपन की बीमारी भी कहा जाता है। जैसे भय लगना, असामान्य व्यवहार करना, अतार्किक् बातें करना, बेवजह सक, शंका करना, अवास्त्विक्क चीजो का दिखाई व् सुनाई देना, बेवजह घर से भागना, अपने आप में हसना व खुद से बातें करना इत्यादि। बीमारी की गंभीरता और बढ़ते विस्तार को देखते हुए डॉली सिंह ने बताया कि भारत मे एक लाख कि जनसंख्या पर केवल तीन मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक सक्रिय रूप से कार्यरत है। मेन्टल हेल्थ प्रोफेशनलस् को बढ़ावा देने की अति आवश्यकता है। ताकि उपचार का विस्तार हो।

# 29875 गर्भवती महिलाओं ने कराया पंजीकरण

### ● स्वास्थ्य और पोषण के साथ दी जा रही हैं परामर्श सेवाएं

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिले में** मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 1 मई से 31 मई तक एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के जरिए सप्लाई चेन को सुदृढ़ करते हुए हर लाभार्थी तक आयरन कैल्शियम, एल्बेंडाजोल और फोलिक एसिड की गोली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ इसके सेवन के लिए जागरूक किया जा रहा है। 25 मई 2022 तक जनपद के विकास खंड घोरावल में 5546, चोपन में 5517, दुद्धी में 3197, म्योरपुर मे 5969, केकराही मे 4793, चतरा में 1546, नगवा में 2017 व विकास खंड बभनी में 1290 गर्भवती महिलाओं को दवा वितरण के साथ ही उन्हें सुरक्षित मातृत्व को लेकर जागरूक किया गया। जिले मे 55792 का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष 29,875 गर्भवती महिलाओं को दवा वितरण के साथ ही सुरक्षित मातृत्व को लेकर जागरूक किया गया है। अब तक कुल 54 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस ठाकुर ने बताया की शासन से मिले दिशा निर्देश के तहत जनपद में अभियान 31 मई 2022 तक चलाया जाएगा। जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों की ओपीडी, आईपीडी, मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक एवं वीएचएसएनडी सत्र के माध्यम से जन जागरूकता एवं आयरन फोलिक एसिड कैल्शियम, एलबेंडाजोल एवं फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया अभियान का मकसद प्रत्येक गर्भवती व धात्री महिला तक आयरन, कैल्शियम एलबेंडाजोल व फोलिक एसिड की गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। गर्भवती महिलाओं में इन दवाओं के प्रति व्याप्त मिथकों व नकारात्मकता का निराकरण करते हुए जागरूकता पैदा करना भी एक बड़ा मकसद है। उन्होंने बताया अभियान के लिये एएनएम, स्टॉफ नर्स, मैटरनल हेल्थ कंसलटेंट आशा व आंगनबाड़ी की सेवा ली जा रही हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ आर जी यादव ने बताया एएनएम की भूमिका उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती की शीघ्र पहचान और एएनसी के दौरान उनका प्रबंधन सुनिश्चित करना, आशा की भूमिका गर्भवती तथा धात्री महिलाओं की ड्यू लिस्ट तैयार करना और शीघ्र–अति शीघ्र गर्भवती का प्रथम त्रैमास पंजीकरण कराना होगा। मैटरल हेल्थ कंसलटेंट की भूमिका अभियान से पूर्व समस्त इकाइयों पर लॉजिस्टिक एवं आवश्यक औषधि की आपूर्ति नोडल अधिकारी के साथ सहयोग करते हुए उपलब्धता सुनिश्चित कराना हैं।

# एमए हिन्दू दो वर्षीय पाठ्यक्रम पर कुलाधिपति की मुहर लगी, प्रवेश प्रक्रिया नए सत्र से प्रारम्भ होगी: कुलपति

### ● एमए हिन्दू अध्ययन राजभवन से स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विवि वाराणसी बहुप्रतीक्षीत दो वर्षीय एमए हिन्दू अध्ययन (हिन्दू स्टडी) पाठ्यक्रम पर कुलाधिपति की मुहर लगकर राजभाव की स्वीकृति प्राप्त होने की सूचना विवि को प्राप्त हुई। कुलपति ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को संचालित करने के लिये राजभवन ने स्वीकृति प्रदान कर इसी शैक्षिक सत्र से प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। इस पाठ्यक्रम को काशी हिन्दू विवि, वाराणसी एवं लालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पाठ्यक्रमों का समीक्षा करके उक्त पाठ्यक्रम को यहां पर तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से तत्व एवं प्रमाण विमर्श, वाद परम्परा एवं शास्त्रों के अर्थ निर्धारण की पद्धति, भारतीय दर्शन (शास्त्रार्थ), वेदो, पुराणों एवं दर्शन के सार तत्व, पाश्चात्य ज्ञानमीमांसा, रामायण, महाभारत, स्थापत्य, लोकवार्ता, हिन्दू कला, नाट्य एवं भाषा विज्ञान, सैन्य विज्ञान, जैन, पाली, फारसी, प्राकृत आदि विषयों को रखा गया है। तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित है। कुलपति ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत इस विश्वविद्यालय में शीघ्र ही प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ किया जायेगा। पाश्चात्य दार्शनिकों का तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

### एमए हिन्दू अध्ययन दो वर्षीय पाठ्यक्रम संक्षिप्त परिचय

उक्त पाठ्यक्रम में दो वर्षीय और चार सेमेस्टर का है जिसमें प्रत्येक सेमेस्टर में चार–चार प्रश्न पत्र कुल 100–100 अंकों के होंगे। प्रश्न पत्र–'प्रथम सेमेस्टर' (01)– 'संस्कृत परिचय'– (संस्कृताध्ययन के ऊद्देश्य और प्रयोजन, सन्धि , समास आदि)।

### ज़रूरतमंद महिलाओं के स्वास्थ्य पर हो सुधार

**प्रयागराज।** फाउन्डेशन के प्रयासों को सहयोग प्रदान करने के लिए सिरोना बेचे जाने वाले हर प्रोडक्ट पर रुपए एक का योगदान देता है। जिसका उपयोग देश में वंचित एवं ज़रूरतमंद महिलाओं के मैन्स्ट्रुअल स्वास्थ्य एवं हाइजीन में सुधार लाने के लिए किया जाता है। मैन्स्ट्रुअल हाइजीन डे 28 मई के मौके पर जाने माने भारतीय महिला हाइजीन ब्राण्ड सिरोना ने अपनी सीएसआर शाखा सिरोना हाइजीन फाउन्डेशन के साथ मिलकर देश भर में ज़रूरतमंद महिलाओं को पांच हजार मैन्स्ट्रुअल कप दान में देने की घोषणा की है।

## क्विक न्यूज

# व्यापार मंडल की बैठक में साप्ताहिक बंदी पर हुई चर्चा

**पड़ाव/चन्दौली।** व्यापार मण्डल व सूजाबाद नगर पंचायत के सभी सम्मानीय व्यापारियों स्थानीय प्रबुध्दजनो एंव सम्बंधित अधिकारीयों की एवं आवश्यक बैठक सरकार के उदेश्यों के मद्दे नजर स्थानीय स्कूल द एकेडमी इ. कालेज प्रांगण में आयोजित की गयी जिसमे सूजाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के ईओ साहब अजीत सिंह जी पड़ाव व्यापार मण्डल अध्यक्ष शुभम गुप्ता स्थानीय पुलिस चौकी इंचार्ज जलीलपुर कृष्ण कुमार गुप्ता व सूजाबाद चौकी प्रभारी संदीप तिवारी सूजाबाद निगरानी सीमित के अध्यक्ष विजय पटेल की मौजूदगी में सरकार के विकाश योजानओ एवं उदेश्यों को साकार करने की दृष्टि से आज बाजार के पटरी व्यवसायों को व्यवस्थित करने के लिए बाजार में एक दिन की साप्ताहिक बंदी के लिए एवं व्यापारिक की समस्याओ के निराकरण हेतु सभी व्यापारी लोग यहाँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजमणि मिश्रा ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मण्डल अध्यक्ष शुभम गुप्ता जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक राजेश यादव जी ने किया।

### बैठक सम्पन्न

**मिर्जापुर।** पांडेपुर स्थित नगर पूर्वी मंडल कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की आगामी कार्यक्रम पर टिफिन बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र कि क्षेत्रीय मंत्री अर्चना शुक्ला जी उपस्थित रहीं। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं बैठक का संचालन ज़िला महामंत्री ;कि0 मो0द्ध नागेश्वर तिवारी ने किया।अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेशए जिला उपाध्यक्ष मानस दुबेए आशुतोष त्रिपाठीए प्रशांत पांडेए संदीप शुक्लाए महेंद्र मौर्या एवं मंडलों के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री गण उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से 21 मई 2022 से 14 जून 2022 तक आयोजित कार्यक्रम के विषय में चर्चा हुई। 30 मई को माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम 5 जून को सुशासन दिवसए स्वच्छता दिवस एवं पर्यावरण दिवस के तहत मनाया जाएगा। हर विधानसभा स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा ज़िला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दी।

### जरूरतों को पूरा करने के लिए हर तरह की सुविधा

**वाराणसी।** एचडीएफसी बैंक और भारत के सबसे बड़ेबी2बी फार्मा मार्केटप्लेस रिटेलियो ने आज को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की एक नईरेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये बी2बी क्रेडिट कार्ड मुख्य रूप से मर्चेंट सेगमेंट में केमिस्टऔर फार्मेसी के लिए बनाए गए हैं। ये बी2बी क्रेडिट कार्ड रिटेलियो के 1 लाखसे भी अधिक मौजूदा ग्राहकों के साथ–साथ नए ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होंगे। इस साझेदारी के द्वारापहले चरण में 1.4 लाख से भी अधिक व्यापारियों को कवर किया जाएगा। इस बी2बी क्रेडिट कार्ड रेंज के जरिए दोनों भागीदारों की साख एवं शक्ति का लाभ उठातेहुए ग्राहकों को बेहतर मूल्य और अनुभव प्रदान किया जाएगा।

### उपभोक्ताओं की बचत का विशेष ख्याल

**वाराणसी।** अन्तर्राष्टीय यात्राएं फिर से शुरू हो चुकी हैं और भारतीय लोग छुट्टी मनाने एवं काम के सिलसिले में विदेश यात्राएं कर रहे हैं। इसी के मद्देनज़र भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी छुट्टियों के इस सीज़न अपने उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक इंटरनेशनल रोमिंग पैक लेकर आए हैं। वर्तमान में वी विभिन्न क्षेत्रों के ऑपरेटर्स के साथ रोमिंग के लिए जुड़ा है और अपने उपभोक्ताओं को विदेश यात्रा का सहज एवं चिंतामुक्त अनुभव प्रदान करता है। वी इंटरनेशनल रोमिंग पैक के साथ उपभोक्ता दुनिया भर के प्रमुख यात्रा गंतव्यों में बेजोड़ रोमिंग नेटवर्क पर अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स एवं डेटा रोमिंग का चिंतामुक्त अनुभव पा सकते हैं।

# वैश्य समाज की एकजुटता के लिए 5 जून को हो रहा अखिल भारतीय प्रतिनिधि सम्मेलन: शैलेंद्र

**संवाददाता।** मिर्ज़ापुर

**अखिल भारतीय वैश्य** महासम्मेलन की बैठक का आयोजन रतनगंज स्थित रेस्टोरेंट में हुआ। जिसमें वक्ताओं ने 5 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में वैश्य बंधुओं के सहभागिता की अपील की। प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरि ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में अस्सी फीसदी योगदान करने के बावजूद राजनीति के क्षेत्र में हम पिछड़े हुए हैं वैश्य समाज के 367 घटकों व उपवर्गों को मिलाकर हमारी आबादी कुल जनसंख्या की बीस फीसदी है। हमें एकजुट हो कर अपने ताकत की पहचान करानी होगी तभी हम अपने समाज को राजनीति के क्षेत्र में आगे ला सकते हैं। वैश्य समाज सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाने व वैश्य समाज के लोगों की संख्या सबसे अधिक होने के बावजूद भी हमारा वैश्य समाज हमेशा से उपेक्षित रहा है।

महिला जिलाध्यक्ष उमा जायसवाल ने कहा कि अब वैश्य उपवर्ग एकसाथ संगठित हो कर आगे बढ रहे हैं उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि समाज की महिलाएं भी समाज में एकजुट होकर अपनी पहचान बनाए। व्यापारी नेता मुकेश साहू ने कहा कि आज वैश्य समाज हर क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रहा है व्यापार, इंजीनियरिंग, शिक्षा, कला, चिकित्सा व प्रशासन के क्षेत्र में हमने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है हमारे लिए यह बड़े अफसोस की बात है कि वैश्य समुदाय को सत्ता का वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिस पर उसका अधिकार है।

वरिष्ठ नेता पन्नालाल बुंदेला ने कहा की वैश्य समाज के संगठित न होने के कारण तमाम राजनीतिक दल अपने.अपने दांव पेच से वैश्य वर्ग का उपयोग कर लेते हैं परंतु उसके बदले वैश्य वर्ग को कुछ भी हांसिल नहीं होता है। प्रमुख वैश्य नेता संतोष ऊमर व राहुल बरनवाल ने वैश्य समाज के योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए चर्चा की। उन्होंने कहां की प्राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भामा साह, राम मनोहर लोहिया व लाला लाजपत राय जैसी महान विभूतियां वैश्य समाज से हैं। बैठक में ज्ञानचंद गुप्ता, नयन जायसवाल, गणेश ऊमर, मनोज जायसवाल, अमिताभ ऊमर, बृजेश गुप्ता, गुंजा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, अतिन गुप्ता आदि रहे।

# सीएमओ के औचक निरीक्षण में गैरहाजिर मिलीं चिकित्सक

### ● रामनगर के लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय में खामियों पर दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवां।** वाराणसी



**सीएमओ** डा. संदीप चौधरी ने रामनगर के लाल बहादुर चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों पर उन्होंने चेतावनी दी। अनुपस्थित चिकित्सक का एक दिन का वेतन रोकने को कहा। डा. चौधरी मंगलवार को प्रात: 9:00 बजे लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर, पहुंचे। निरीक्षण के समय डा. मीनाक्षी दूबे के अतिरिक्त सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निर्देश दिया कि डा. मीनाक्षी दूबे का आज की तिथि का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण लिया जाये तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक पाये जाने पर ही उक्त तिथि का वेतन आहरित किया जाये। चिकित्सालय परिसर में कुछ मास्क बेचने वाले दुकान लगा रखे थे, जिसे हटाने हेतु निर्देश दिया गया। चिकित्सालय में पीने के पानी के जगह शेड नहीं लगा था उसे लगाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि ओपीडी में निर्धारित समय से उपस्थित होकर ओपीडी कार्य करना सुनिश्चित करें। महिला वार्ड में मरीजों की संख्या बहुत ही कम थी, जिससे प्रतीत होता है कि महिला विभाग के कर्मचारी अपने कार्यों में रूचि नहीं लेते हैं एवं सक्रिय नहीं हैं। महिला विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्य सम्पादित करें, जिससे कि अधिक से अधिक महिला मरीजों को इलाज मिल सके। चिकित्सालय में रेफरल रजिस्टर बनाया जाये तथा किसी भी मरीज को रेफर करने से पूर्व 108 एम्बुलेन्स को बुलाया जाय। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अरुण कुमार मौर्य मौजूद थे। इसके पूर्व सोमवार को सीएमओ ने पं. दीन दयाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 मई, 2022



# दिल की देखभाल

## दिल्ली का प्रयास

**दिल्ली** सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में उल्लेखनीय कदम उठाते हुए सार्वजनिक स्थलों पर एईडी लगाने की योजना बनाई है। यह अचानक दिल का दौरा पड़ने पर मरने वालों की संख्या घटाने की दिशा में प्रशंसनीय कदम है। दिल्ली सरकार ने शहर के सार्वजनिक स्थलों पर दिल की देखभाल के उपकरण लगाने का प्रस्ताव किया है। रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों व बाजारों जैसे भीड़ वाले स्थानों पर आटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रीलेटर्स-एईडी लगाए जाएंगे। न्यूनतक प्रशिक्षण से आम जनता भी आसानी से इन पोर्टेबल एईडी का प्रयोग कर सकती है। इसके पीछे विचार एंबुलेंस आने तक दिल के दौरे से पीड़ित व्यक्ति का दिल स्थिर रखना है। अचानक दिल का दौरा पड़ने पर दिल की विद्युतीय व्यवस्था विफल हो जाती है और वह अप्रत्याशित रूप से खून पंप करना बंद कर देता है। इससे हृदय गति असामान्य हो जाती है तथा नाड़ी की गति तेजी से बढ़ती है। यदि एईडी तत्काल उपलब्ध हो तो यह बिजली के झटके देकर दिल की सामान्य धड़कन बहाल कर सकता है। इसे डिफाइब्रीलेशन कहते हैं। लेकिन इसमें समय महत्वपूर्ण है। दिल के दौरे से सात से दस मिनट में मौत हो सकती है। इसलिए एईडी का समय रहते प्रभावी प्रयोग होना चाहिए। भारत में सभी मौतों का 10 प्रतिशत अचानक दिल का दौरा पड़ने से इसलिए होता है कि मरीजों को एंबुलेंस की प्रतीक्षा करनी पड़ती है या वे अस्पताल देर से पहुंचते हैं। इस संदर्भ में दिल्ली सरकार का कदम अत्यधिक उल्लेखनीय है। अमेरिका व यूरोप में सार्वजनिक स्थानों पर एईडी लगाने की नीति इस शताब्दी के प्रारम्भ में ही लागू हुई है। आज इस प्रकार के लाखों उपकरण इन देशों में काम कर रहे हैं। ये सभी एंबुलेंसों में लगे होते हैं। इसी प्रकार अधिकांश सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में ये लगे होते हैं। अब अत्यधिक जोखिम वाले हृदय रोगियों के घर में भी एईडी लगाने पर विचार हो रहा है।



दिल्ली सरकार को गौर करना चाहिए विदेशों में साफ्टवेयर डेवलपरों ने ऐसे एप विकसित किए हैं जो लोगों को ये उपकरण तलाशने में सहायक होते हैं। यदि आपातस्थिति में एईडी की सहायता लेनी हो तो ऐसे डेटाबेस तक पहुंच जरूरी है। इस कार्यक्रम का दिल्ली से बाहर विस्तार होने पर हमें सीपीआर-कार्डियो पल्मोनरी रिसक्सियेशन में प्रशिक्षित लोगों की भी जरूरत पड़ेगी जो चिकित्सा स्वयंसेवकों के रूप में सामने आ सकते हैं और उनको एप पर तलाशा जा सकता है। प्रस्ताव का प्रमुख तत्व लोगों को एईडी के प्रयोग में प्रशिक्षित करना है। उपकरण लगाने से पहले दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग तथा शहर के अस्पतालों को एकसाथ आ कर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने तथा आम जनता के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की जरूरत होगी। राष्ट्रीय राजधानी में उपलब्ध एंबुलेंस सेवाओं को एक साझा डेटाबेस से जोड़ना चाहिए। सार्वजनिक स्थलों पर एईडी लगाने के मामले में सरकार को कुछ मुद्दों पर संवेदनशील होना होगा। पहला मुद्दा आसान है। उनको ऐसे भीड़ वाले स्थानों पर लगाना होगा जहां अस्पताल के बाहर दिल का दौरा पड़ने की संभावना अधिक हो। एईडी की आवश्यकता बड़े आवासीय क्षेत्रों, खासकर स्वास्थ्य केन्द्रों से दूर वाले स्थानों में भी है। मलिन बस्तियों व अनाधिकृत कालोनियों में भी इनकी आवश्यकता है जहां गरीब लोग रहते हैं और जहां कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से समय-पूर्व मरने वालों की संख्या अधिकतम होती है। ऐसी मलिन बस्तियों में स्थान तलाशना एक चुनौती होगी, जब तक सरकारी स्कूलों या पुलिस थानों को ऐसे उपकरण लगाने के लिए तैयार न किया जाए। इस प्रस्ताव के समुचित क्रियान्वयन व सफलता के लिए सरकार तथा जनता के बीच काफी समन्वय की आवश्यकता होगी।

# भारत से संबंध मजबूत करेंगे अल्बानीज़

## पिछले वर्षों में आस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने लेबर पार्टी के भीतर अपनी स्थिति मजबूत की है और वे भारत की प्रासांगिकता अच्छी तरह समझते हैं।



**आशुतोष मिश्र**
(इंस्टीट्यूट फार आस्ट्रेलिया इंडिया इंगेजमेंट के सीईओ)



आस्ट्रेलिया ने परिवर्तन के लिए मतदान किया तथा एक नए प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ का चयन किया जो 1996 से न्यू साउथ वेल्स के ग्रिंडलर से सदस्य हैं। 'एल्बो' के नाम से लोकप्रिय एंथोनी का पार्टी में उभार केविन रड की केविल07 व्यवस्था में हुआ जिसमें उनको मंत्री पद दिया गया था। 2010 के त्रिशंकु सदन में अल्बानीज़ ने निर्दलीय सदस्यों का समर्थन प्राप्त कर सरकार चलाने में सहायता की क्योंकि वह पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी थी। 2013 के चुनाव में पराजय के बाद जब आस्ट्रेलिया लेबर पार्टी ने उनके बजाय बिल शार्टन को नेता चुना तो उनको उप प्रधानमंत्री का पद दिया गया। इसके बाद 2019 में एएलपी की आश्चर्यजनक पराजय हुई और शार्टन के नेता पद से इस्तीफे के बाद अल्बानीज़ इसके नेता बन गए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अल्बानीज़ ने बहुत चुनौतीपूर्ण समय में पार्टी का नेतृत्व संभाला। उनको विभिन्न गुटों को एकजुट करने, जनता तथा बिजनेस क्षेत्रों में लेबर की नीतियों व मूल्यों के प्रति विश्वास पैदा करने तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से नेता के रूप में अपना अधिकार स्थापित करने की चुनौतियां मिलीं। उन्होंने इन सभी मोर्चों पर अच्छा प्रदर्शन किया। भले ही अनेक लोग उनकी नेतृत्व शैली, स्पष्टता व क्षमताओं को पसंद न करते हों, पर लेबर समूह के भीतर तथा संसद में उनकी शांति व समझौते करने की क्षमता को निश्चित रूप से स्वीकार किया जाता है। सर्वोपरि महत्व की बात है कि उनमें एक सफल राजनेता की तरह धैर्य धारण करने का गुण है।

आखिरकार 2022 आने तक उनका समय आ गया। मीडिया में शुरुआती संदेह के बाद उन्होंने धीरे-धीरे कर जनता में भावी प्रधानमंत्री के रूप में अपनी छवि बनाई। उन्होंने राजनीति के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रखा, निर्णय लेने में समावेशन को महत्व दिया, मूल आस्ट्रेलियावासियों के प्रति सद्भावना प्रकट की तथा बेरोजगारों में उम्मीद जगाई। उन्होंने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-विरोधी आयोग का वादा कर आस्ट्रेलियाई जनता में विश्वास पैदा किया। उनकी विजय को बलात्कार व यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ मजबूत सत्ता-विरोधी लहर के नतीजे के रूप में देखा गया। इसमें बढ़ती महंगाई, ईंधन की बढ़ती कीमतों, जलवायु प्रतिबद्धताओं के कमजोर पड़ने, वेतन वृद्धि ठहर जाने तथा स्काट मोरीसन द्वारा कोविड टीकों व प्राकृतिक विभीषिकाओं से निपटने में अक्षमता का भी प्रमुख योगदान रहा।

हाल में क्वींसलैंड बाढ़ से निपटने में मोरीसन की अनिश्चित प्रतिक्रिया ने एएलपी को उनकी संघीय सरकार पर निशाना लगाने में बहु-प्रतीक्षित हथियार दे दिया। मोरीसन को अपने दो संसदीय साथियों क्रिश्चियन पोर्टर व एलेन टज के खिलाफ ब्रिटनी हिगिन्स के बलात्कार व हमला आरोपों को भी झेलना पड़ा। उन पर इन मामलों में कठोरता न बरतने का आरोप लगा जिससे पार्टी को भारी नुकसान हुआ तथा उनकी सार्वजनिक छवि को भी गहरा धक्का लगा। मैरी पेन को 'महिलाओं की प्रधानमंत्री' कहने से भी उनको महिलाओं का समर्थन नहीं मिला। अल्बानीज़ को 76 सीट का बहुमत मिलने की आशा है और इस प्रकार उनको जलवायु परिवर्तन एक्टिविस्टों-इस्केपटील्स व ग्रीन्स की दया पर नहीं निर्भर रहना पड़ेगा। हालांकि, उनको उद्योगों की उम्मीदें पूरी करने के लिए ज्यादा संसाधन एकत्र करने होंगे तथा जलवायु नीति में कुछ लचीलापन दिखाना होगा। उनको आस्ट्रेलिया को 'नवीकरणीय ऊर्जा सुपरपावर' बनाने की दिशा में भी कदम उठाने होंगे। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी समाप्त होने के बाद महत्वपूर्ण संसाधन क्षेत्र जीडीपी वृद्धि के लिए बहुत जरूरी है। आईएमएफ ने अपने नवीनतम अनुमान में इसके 4.2 प्रतिशत पहुंचने की भविष्यवाणी की है। संसाधन उद्योग मानता है कि आधुनिक समाज बनाने तथा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए ज्यादा खानों, खनिजों व धातुओं की आवश्यकता होगी। यह अल्बानीज़ सरकार के लिए एक चुनौतीपूर्ण पहेली बनी रहेगी।

नई दिल्ली के लिए, आस्ट्रेलिया की भारत नीति में निष्पक्षता का अर्थ यह होगा कि वह सरकार बदलने के साथ नीतिगत निरंतरता को बाधित न करे। पुलवामा हमले के बाद नए विदेश मंत्री तथा सिनेट में तत्कालीन विरोधी दल नेता पेनलाप वांग ने 'जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के खिलाफ क्रूर आतंकी हमले की निन्दा' की थी। अप्रैल में नेता विरोधी दल के रूप में एंथोनी अल्बानीज़ ने भी 'गहरे होते संबंधों' तथा आस्ट्रेलिया इंडिया आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौते-एलेक्टा का स्वागत किया था।

2017 में एल्बानीज़ ने संसदीय संबंध मजबूत करने, दोनों देशों की जनता के बीच संबंध बढ़ाने तथा सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक व राजनीतिक मुद्दे समझने के लिए एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने अपनी यात्रा की समाप्ति पर लिखा था, 'संसदीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा कि अगली यात्रा के पहले आस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधियों को 17 साल प्रतीक्षा न करनी पड़े।' उनके द्वारा विकसित दृष्टिकोण अब लाभदायक सिद्ध होगा।

अल्बानीज़ अच्छी तरह भारत की प्रासांगिकता समझते हैं जो विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस 2020 रिपोर्ट के अनुसार 'बिजनेस सुगमता सूचकांक' में 63वें स्थान तक पहुंच गया है। इस प्रकार वह छठी सबसे तेज विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था है और उसने फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है। अब वह व्यापार व विकास पर संयुक्त राष्ट, सम्मेलन-अंकटाड की विश्व निवेश रिपोर्ट 2020 के अनुसार, 2019 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा नवां देश था। विश्व बौद्धि संपदा संगठन-वाइपो द्वारा प्रकाशित वैश्विक खोज सूचकांक-जीआईआई के अनुसार भारत खोज में 52वें स्थान पर है, जबकि वह 2018 में 57वें स्थान पर था। वह इस मामले में मध्य व दक्षिण एशियाई देशों में सर्वोच्च स्थान पर है। बाजार संवेदनशीलता के मामले में 'कर्ज सुगमता' व 'बाजार पूंजीकरण' में भारत 20वें स्थान पर, 'घरेलू बाजार बिक्री' में तीसरे स्थान पर तथा 'छोटे निवेशक सुरक्षा सुगमता' में छठे स्थान पर है। बिजनेस संवेदनशीलता के मामले में भारत 2018 में 51वें स्थान से प्रगति कर अब 27वें स्थान पर आ गया है।

इसी प्रकार वह 'विश्वविद्यालय-उद्योग शोध सहयोग' में 23वें स्थान पर है। यह तथ्य आस्ट्रेलिया में अकादमिक पक्ष में दिलचस्पी लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ज्ञान व तकनीक में प्रमुख सफलतायें प्राप्त कर चुका है। कुल निर्यातों के प्रतिशत के रूप में उसकी आईसीटी सेवाओं का निर्यात एक प्रतिशत है। इसके साथ ही वह 'सृजनात्मक वस्तु निर्यातक' सूची में भी 22वें स्थान पर है। हाल ही में एंथोनी अल्बानीज़ ने टोकियो में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेता इस बात से संतुष्ट हैं कि उनके देशों के बीच रणनीतिक व द्विपक्षीय संबंधों को अलग-थलग रूप से नहीं देखा जा सकता है। इसका अर्थ है कि उनकी नजरें द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के साथ अपने देशों के चारों ओर घट रही घटनाओं पर भी हैं।

# राज्यसभा में बढ़ेगी भाजपा की गिनती

**कल्याणी शंकर**
(वरिष्ठ पत्रकार)



उच्च सदन के जल्द होने वाले चुनावों में क्षेत्रीय दलों को दो राष्ट्रीय दलों, सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस से अधिक लाभ हो सकता है। राज्यसभा का नया दलीय समीकरण जल्द ही सत्तारूढ़ भाजपा को फायदा देते हुए उसे एक प्रकार से लोकसभा का प्रतिबिंब बनेगा। लेकिन सदस्यों की संख्या बढ़ने के बावजूद भाजपा को अभी बहुमत नहीं मिलेगा। जून-जुलाई में आगामी राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनावों के कारण भाजपा और विपक्षी दलों के लिए दांव ऊंचे हैं। राज्य विधानसभाओं की संरचना में कोई भी बदलाव राज्यसभा को प्रभावित करेगा।

57 राज्यसभा सीटों के लिए आगामी द्विवार्षिक चुनावों और 10 जून को दो उप-चुनावों के बाद सदन में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। कुछ सेवानिवृत्त सदस्य वापस आ सकते हैं, जबकि अन्य के साथ शायद ऐसा नहीं होगा। द्विवार्षिक चुनावों के बाद क्षेत्रीय दलों को दो राष्ट्रीय दलों - सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस से अधिक लाभ हो सकता है।

क्षेत्रीय क्षत्रप पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब और तमिलनाडु जैसे कई राज्यों पर शासन करते हैं। अंतिम तीन राज्य गठबंधन सरकारें हैं। युवा आम आदमी पार्टी (आप) सत्तारूढ़ दिल्ली और पंजाब राज्यसभा द्विवार्षिक चुनावों में सबसे अधिक लाभ में रही है। इसने पांच सीटें जीतीं, जिसके साथ सदन में इसकी संख्या आठ हो गई है। क्षेत्रीय दल 57 में से, 25 सीटों से अपनी संख्या बढ़ाकर 27 कर सकते हैं।

दूसरे, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल (2014-2019) के दौरान, कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष मजबूत था और अधिकांश बिलों के लिए बाधाएं पैदा करता था। भाजपा, जिसके 2012 में सिर्फ 47 सदस्य थे, लेकिन अब उसने तीन अंकों को छू लिया है। मोदी के नेतृत्व में बनी दूसरी सरकार में संख्या बदल गई, जिससे सरकार को कई विवादास्पद विधेयकों को आगे बढ़ाने में मदद मिली, जिसमें अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और जम्मू-कश्मीर का विभाजन शामिल है।

सेवानिवृत्त होने वाले 59 सदस्यों में से 25 भाजपा के हैं, जबकि उसके सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के दो और अन्नाद्रमुक के तीन हैं। सिकुड़ते राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास 59 में से 31 सीटें हैं। यह एनडीए के लिए चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि यह 7 से 9 सीटें तक हार सकता है। जहां तक अन्य दलों का सवाल है, समाजवादी पार्टी के पास तीन हैं, बीजू जनता दल चार, बहुजन समाज पार्टी दो और तेलंगाना राष्ट्र समिति तीन। इसके विपरीत, वाईएसआर कांग्रेस, अकाली दल और राष्ट्रीय जनता दल के पास एक-एक है।



आंध्र प्रदेश में, भाजपा उन तीन सीटों से हार जाएगी, जिन पर वर्तमान में चार सीटों पर मतदान हो रहा है। 2019 में वाईएसआरसीपी की व्यापक जीत का मतलब है कि उसे सभी चार सीटें मिलेंगी। इसी तरह, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) को चुनाव में दोनों सीटें मिलेंगी। बीजू जनता दल (बीजद) का तीनों सीटों पर कब्जा बना रहेगा। बिहार में, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अपनी एक सीट से दो सीट तक सुधार करेगा, और आप पंजाब में दोनों सीटों पर जीत हासिल करेगी, जो पहले कांग्रेस और अकाली दल के पास थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने कांग्रेस को एक सीट की पेशकश की है, जो पहले भाजपा के पास थी।

तीसरा, 2014 के बाद से मुख्य विपक्षी दल, कांग्रेस पार्टी और सिकुड़ सकती है। चुनावी तौर पर कांग्रेस पार्टी 2014 और 2019 में मिले झटकों से उबर नहीं पाई है और तब से एक के बाद एक राज्य खोती जा रही है. उच्च सदन के आगामी द्विवार्षिक चुनावों के बाद राज्यसभा में इसकी संख्या और कम हो जाएगी। पार्टी को आंध्र प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिलेगी, राजस्थान में 4 से 2 पर आ जाएगी, और झारखंड और छत्तीसगढ़ से एक-एक सीट हार जाएगी। इसके अलावा, अभी और 2024 के बीच, 65 सीटों के लिए चुनाव होंगे, लेकिन कांग्रेस की संभावना कम है तथा उसकी ताकत और भी कम हो जाएगी।

चौथा, सभी पदों पर युवाओं को 50 प्रतिशत हिस्सा देने के लिए हाल ही में उदयपुर के प्रस्ताव के कारण कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं को राज्यसभा की सीट नहीं मिल सकती हैं। पी चिदंबरम, कपिल सिब्बल, जयराम रमेश और अंबिका सोनी जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। देखना होगा कि कांग्रेस यह प्रस्ताव लागू करती है या नहीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सहित कुछ केंद्रीय मंत्री भी राज्यसभा से सेवानिवृत्त होंगे। हालांकि, उनके वापस आने की पूरी संभावना है। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से चार में भारी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने लगभग सभी बड़े नेताओं को समायोजित करने में सक्षम होगी।

इसके विपरीत, कांग्रेस देश में भौगोलिक रूप से सिकुड़ रही है। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी केवल चार राज्यों-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने दम पर तथा महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन में जूनियर पार्टनर के रूप में शासन कर रही है। इन परिस्थितियों में 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कांग्रेस पार्टी का राज्यसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्यसभा में एक नया सभापति बनने की संभावना है। यदि वर्तमान उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू को राष्ट्रपति के रूप में पदोन्नत किया जाता है अथवा उनको राज्यसभा में उप-सभापति के रूप में दूसरा कार्यकाल नहीं मिलता है तो इसकी संभावना है।

## आप की बात

### मंदिर-मस्जिद पर बहस

**अयोध्या** में राम मंदिर बनाए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन साल बाद भारत में वापस एक बार फिर मस्जिद-मंदिर पर बहस बड़े जोर-शोर से प्रारम्भ हो रही है। अचानक अदालतों में याचिकाओं की बाढ़.सी आ गई। ऐसे समय जब यूक्रेन-रूस युद्ध से समूचे विश्व में सामरिक बदलाव हो रहे हैं, कोविड़ 19 महामारी से 62 लाख लोगों की मौत के बाद भी वायरस का ख़तरा बना हुआ है एवं साल 2019 में भारत में वायु प्रदूषण से दुनिया भर में सबसे अधिक लगभग 17 लाख लोगों की मृत्यु हो गई तब इस बहस का क्या औचित्य है। जब देश इन गंभीर आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा हैं तब भारत में 400,500, 600 या हज़ार साल पहले किसने कितने मंदिर तोड़े या बनाए और वर्तमान में इनका क्या हो इस पर बहस ज़ोर पकड़ रही है। उम्मीद है कि अदालत मामले सुनते समय 1991 के उपासना स्थल क़ानून पर भी गौर करेगी जिसके अनुसार, 1947 में जो धार्मिक उपासना स्थल जिस स्थिति में थे, आज भी वे वैसे ही बनें रहेगें और इसमें किसी भी न्यायिक उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- **निधि जैन**, गाजियाबाद

### भारत की प्रशंसा

**पीड़ितों** की सेवा और वसुदेव कुटुंबकम की नीति से ही भारत के कदम फिर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कोरोना काल में जिस मुस्तैदी से देश की सरकार ने जरूरतमंद देशों को दवा और टीके भेजे हैं उसी का नतीजा है कि जापान में क्वाड समिट में दुनिया के दिग्गज देश भारत की सेवा की सराहना करते नहीं थक रहे हैं। अपने कर्मों के कारण चीन को जो लताड़ मिली है उसे ड्रैगन को सबक के रूप में लेना चाहिए। क्वाड समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियों किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की भारतीय नीतियों की सराहना और चीन जैसे दुनिया के दुश्मन देश को लताड़ना इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री सेवा की हमारी सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने में कितने सफल साबित हुए हैं। भारत महामारी के संकट में जिस तरह वसुधैव कुटुंबकम के नाते जरूरतमंद देशों के लोगों के लिए दवा और टीके लेकर मुस्तैद खड़ा रहा उसने आपदा में अवसर देखने वाले देशों के मुंह पर करारा तमाचा भी लगाया है। विश्व नेताओं द्वारा भारत की प्रशंसा से देश की जनता भी बहुत प्रसन्न है।

- **अमृतलाल मारू,** धार मप्र


### भगवान बुद्ध का संदेश

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दुनिया को हिंसा, अराजकता, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से मानवता को बचाने के लिए बुद्ध के बताए रास्तों पर चलने की सलाह दी है। आज यह मार्ग दुनिया की हर चुनौतियों का सामना कर सकता है। आज विश्व में लगातार बढ़ते जा रहे हैं आतंकवाद के खात्मे के लिए यही मार्ग सर्वोपरि है। गौतम बुद्ध ने विश्व को मानवता, प्रेम, सहिष्णुता व एक दूसरे की भलाई का जो संदेश दिया था आज उनके इस संदेश को सभी ने भुला दिया है इसी कारण आज आपसी भाईचारा एक तरह से खत्म हो गया है एवं मारकाट लड़ाई झगडे का वातावरण अधिक बढ़ता जा रहा है। हर देश एक दूसरे की काट करने में लगा हुआ है, युद्ध का वातावरण बनता जा रहा है अतः ऐसे समय में गौतम बुद्ध के भाईचारे, प्रेम, आपसी विश्वास, सहिष्णुता के संदेश ही कारगर हो सकते हैं। हमारे देश भारत ने इन्हीं मार्गों पर चलकर सभी को मानवता का संदेश देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस उचित सलाह पर भारत समेत सारी दुनिया को अमल करने की जरूरत है।

- **राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**मुझे** मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता। मैं पत्थर पर लकीर खींचता हूं।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यदि** चीन ताइवान पर हमला करता है तो अमेरिका सैनिक रूप से हस्तक्षेप करेगा। यह बोझ यूक्रेन हमले से भारी होगा।

- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**यह** सरकार हिटलर, मुसोलिनी व स्टालिन से भी खराब है। वे देश का संघीय ढांचा तोड़ रहे हैं।


- **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

प्रयागराज में ऑनर किलिंग

# प्रेमी युगल को पिस्टल से मारी गोली, युवक की मौत, युवती गम्भीर

● नैनी के चक हीरानन्द मोहल्ले में बुधवार भोर की घटना, इंटर के छात्र छात्रा प्रेमी युगल ● मृतक के पिता ने युवती के पिता समेत तीन के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**नैनी, प्रयागराज।** संगम नगरी के यमुनापार इलाके में स्थित नैनी कोतवाली अंतर्गत चक हीरानंद मोहल्ले में बुधवार भोर में प्रेमी युगल को गोली मार दी गई। जिसमें गोली लगने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि युवती को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शक के आधार पर युवती के ढाबा संचालक पिता को मय लाइसेंसी पिस्टल के हिरासत में ले लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार दोनों एक ही कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे। प्रथम दृष्टया मामला ऑनर किलिंग का प्रतीत हो रहा है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक हीरानंद मोहल्ले में डॉ मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज के समीप रहने वाले सुनील मिश्रा मूल रूप से कौंधियारा थाना क्षेत्र के काटी गांव के रहने वाले हैं। गांव के समीप ही रजीवन राजमार्ग पर वह ढाबा चलाते हैं। उनकी पुत्री आयुषी मिश्रा 19 वीडियो कॉलोनी स्थित महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटर की छात्रा है। उसके साथ अर्णव सिंह 22 पुत्र सत्य प्रकाश सिंह निवासी पीएसी कालोनी नैनी प्रयागराज रहता था। सत्य प्रकाश के पिता एलआईसी में अभिकर्ता हैं। वह मूल रूप से सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में अक्सर चैटिंग करते थे। आयुषी के पिता ने बताया कि बुधवार को भोर में अर्णव और आयुषी दोनों छत पर थे। तभी गोली चलने की आवाज आई।


युवक और युवती की फ़ाइल फ़ोटो और घटनास्थल पर मुआयना करते एसएसपी।

जब छत पर जाकर देखा तो दोनों खून से लतपथ पड़े थे। जिसमें अर्णव की मौत हो चुकी थी। लड़की गम्भीर अवस्था में पड़ी थी। इसकी पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती करा दिया। दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी परिजनों को दी गई। पुलिस के अनुसार मौके से चार खोखे भी बरामद हुए हैं। सीओ करछना राजेश यादव के मुताबिक जांच में प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। लड़की की फुफेरी बहन ने बताया कि आयुषी और अर्णव में प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया कि छात्रा और युवक के बीच दोस्ती थी और इंस्टाग्राम पर दोनों चैटिंग करते थे। अर्णव के पिता सत्य प्रकाश ने बताया कि उनका लड़का भोर में टहलने निकला था। उसके बाद वह लौटा नहीं। मोबाइल पर उन्हें घटना की जानकारी मिली। लड़के के पिता सत्य प्रकाश सिंह ने लड़की के पिता सुनील मिश्रा, संस्कार मिश्रा और सुशांत मिश्रा के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। सूचना पाकर एसएसपी अजय कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

### युवती के पिता की कहानी में झोल

**प्रयागराज।** पुलिस के अनुसार लड़की के पिता अमूमन ढाबे से रात के दो से ढाई बजे लौटते थे लेकिन मंगलवार की रात में दस बजे ही वह वापस घर आ गए। अर्णव भोर में आयुषी से मिलने गया था। लड़की के पिता का दावा है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो लड़की के हाथ मे पिस्टल थी और खून से लतपथ पड़ी थी। लड़का मृत पड़ा था। लड़की के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लड़की के पिता की कहानी में बहुत झोल नजर आ रहा है। लड़के के पिता सत्य प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे को तीन लोग बुलाकर ले गए और हत्या कर दी।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

● मंडलायुक्त ने की अयोध्या विजन डाक्यूमेंट 2047 के प्रगति कार्यो की समीक्षा, समन्वय बनाकर काम करें अफसर

**अयोध्या।** अयोध्या विजन डाक्यूमेंट 2047 के प्रगति कार्यो की मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की गयी। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण के आसपास के कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा मण्डलायुक्त द्वारा एवं पाक्षिक समीक्षा उत्तर प्रदेश शासन के आवास विकास के प्रमुख सचिवध्नोडल अधिकारी द्वारा की जाती है। इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य विभागों के अन्तर समन्वय बनाना एवं गतिरोधो को दूर कर निर्माण कार्यो में तेजी लाना है। इस बैठक में लगभग 26 विभागोंध्कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लियाए जिसमें एयरपोर्ट अर्थारिटी भारत सरकार, राजस्व, लोक निर्माण, नगर विकास/नगर निगम, जलनिगम, विद्युत, विकास प्राधिकरण, राजकीय निर्माण निगम, आवास विकास परिसर, राज्य निर्माण सहकारी संघए कान्सटेक्सन एण्ड डिजाइन, पर्यटनए रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग आदि विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे के प्रथम फेजए द्वितीय फेज एवं अन्य फेज के निर्माण के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इसमें विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि हवाई पट्टी के ओवर हेड लाईनों को हटाकर कार्य को तेजी से किया जाय। हवाई अड्डे के निर्माण के आसपास के जलनिकासी व्यवस्था एवं जल जमाव की स्थिति न हो इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया, जिसमें अपर डीएम वित्त राजस्व की अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया जिसमें सिंचाई, पीडब्लूडी और एयरपोर्ट के प्रतिनिधि आदि के प्रतिनिधि रहेंगे जो एक सप्ताह में उसकी रिपोर्ट देंगे जिससे कि भविष्य में कोई जलनिकासी की समस्या न हो। साथ ही अकबरपुर.फैजाबाद मार्ग के फोरलेन चैड़ीकरण के लिए वृक्षों को उचित मात्रा में हटाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि बरसात का मौसम आने वाला है जो भी कार्य चल रहे है उसको प्राथमिकता से पूरा किया जाय तथा विभागों द्वारा स्वयं कमेंटमेंट किया गया है कि 15 जून तक कार्य जो करने है उसको कर लिया जाय। विशेष रूप से माझा बरहटा के निर्माण कार्यो में धीमी प्रगति के होने पर अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई एवं लोक निर्माण को निर्देश दिया जाय कि मौके पर देखकर इसका समाधान करें तथा कोई राजस्व विभाग सम्बंधी बिन्दु हो तो भी उसको निस्तारित किया जाय। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि जो भी कार्य वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष हो रहे है उसका वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य अलग.अलग टेबुलो में अंकित किया जायए जिससे कि उसके वित्तीय प्रगति के साथ साथ भौतिक प्रगति का भी आकलन हो सके। अयोध्या विजन के समीक्षा में बिन्दुवार समीक्षा जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि इस बैठकों में जो अधिकारियों द्वारा तिथि निश्चित किया जाता है उसके सापेक्ष कार्यो को किया जाय तथा मंदिर के आसपास के कार्यो में रात्रि के शिफ्ट में कार्यो को प्राथमिकता दिया जाय। विशेषकर जल निगमए सिंचाई एवं विद्युत विभागए पीडब्लूडीए नगर निगम आदि को मौके पर पहुंचकर बेहतर समन्वय से कार्य करना चाहिएए जिससे आम श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत न हों। एयरपोर्ट अर्थारिटी के प्रतिनिधि श्री राजीव फुलश्रेष्ठ से कहा गया कि कोई भी समस्या हो तत्कालीन सम्बंधित अधिकारियों को बताये या जिलाधिकारी को भी बताये, जिससे उसका निराकरण हो सके।

## समर कैम्प में बच्चों ने किया योग प्राणायाम का अभ्यास

**प्रयागराज।** प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद प्रयागराज में बुधवार को समर कैंप का शुभारंभ सूर्य नमस्कार के साथ प्रारंभ हुआ। शारीरिक आचार्य शिव कुमार सिंह ने बच्चों को योग आसन प्राणायाम कराते हुए योग के महत्व को विस्तार से बताया। साथ ही विद्यालय की आचार्या श्रद्धा श्रीवास्तव एवं रोली मालवीय ने समर कैंप में प्रतिभाग कर रहे बच्चों को बेकार वस्तुओं से क्राफ्ट और सजावट की वस्तुओं का निर्माण कराते हुए भैया बहनों से घर में पड़ी बेकार वस्तुओं को किस प्रकार से हम प्रयोग कर सकते हैं। इसके विषय में बताया। कला के अध्यापक प्रमोद द्विवेदी ने बच्चों को चित्रकारी करने का हुनर सिखाया।विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने समर कैंप में सम्मिलित बच्चों के कार्यों का अवलोकन किया और उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि इसी प्रकार निरंतर नवीन कार्यों को सीख कर क्रियान्वित करते हुए नई नई वस्तुओं का निर्माण करते रहें और योग को अपने दिनचर्या का विशेष अंग बनाएं। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग नियमित करें। समर कैंप का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## युवा कलाकारों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**प्रयागराज।** पिछले तीस सालों से ज़ी टीवी भारतीय युवाओं को अपना सिंगिंग डांसिंग और एक्टिंग टैलेंट दिखाने के लिए एक ग्लोबल मंच उपलब्ध करा रहा है। इस वीकेंड भी लोगों को एक स्पेशल ट्रीट मिलेगी। जहां सभी टैलेंटेड कंटेस्टेंट्स इस शो में खास मेहमान बनकर पहुंचे। बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार और खूबसूरत मॉडल से एक्ट्रेस बनी मानुषी छिल्लर की मौजूदगी में कुछ शानदार एक्ट्स प्रस्तुत करेंगे। शूटिंग के दौरान जहां सारे यंग बच्चों की परफॉर्मेंस जजों को मंत्रमुग्ध कर देगी। अक्षय कुमार ने खुलासा किया कि कैसे फिल्म तराजू के गाने हसीना गोरी गोरी की शूटिंग के दौरान उन्होंने सोनाली बेंद्रे और रेमो डिसूज़ा के साथ शानदार वक्त बिताया था। सुपर जजों और अक्षय कुमार ने डीआईडी लिटिल मास्टर्स के मंच पर इस सुपर हिट गाने को रिक्रिएट भी किया। तीनों ने मिलकर परफॉर्म किया और अपने दिलकश अंदाज जोश और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। डीआईडी लिटिल मास्टर्स पांच इस शनिवार और रविवार रात नौ बजे ज़ी टीवी पर आएगा।

## महिलाओं को जागरूक करते हुए 1090 के बारे में बताया गया

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भीटी थाना क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने (खासकर महिलाओं को) के उद्देश्य से भीटी पुलिस की 4 सदस्यीय टीम ने ग्राम इटावा चंदौका काही में मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबल खुशबू दुबे कांस्टेबल प्राची के द्वारा महिलाओं को जागरूक करते हुए 1090 फोन नंबर के बारे में बताया गया जानकारी देते हुए खुशबू दुबे ने कहा कि अगर आपसे कोई असम्मानजनक तरीके से व्यहार करता है तो तुरंत 1090 पर सूचित करें यदि घरेलू हिंसा होती है तो तुरंत 1090 पर सूचित करें। फोन अथवा इंटरनेट पर कोई परेशान करता है तो भी 1090 पर सूचित करें अगर सार्वजनिक स्थल या किसी अन्य कार्य स्थल पर छेड़खानी या हिंसा होती है तो तत्काल 1090 पर सूचित करें। पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी साइबर अपराध धोखाधड़ी बैंक से पैसा निकाल लेना इस तरह की ठगी होने पर 1930 डायल करके घटना की सूचना तत्काल दर्ज कराने के बारे में बताया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक सम्पन्न

● डीएम ने अवैध पार्किंग तथा डग्गामार वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

●ओवर लोडिंग वाहनों के विरूद्ध भी छेड़ा डाएगा व्यापक अभियान


फ़ोटोरू बैठक करते डीएम और एसएसपी।

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है। जिलाधिकारी ने अवैध पार्किंग एवं डग्गामार वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा एसपी ट्रैफिक को दिया है। उन्होंने ओवर लोडिंग के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न होने देने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिया है। डीएम ने पीडब्लूडी तथा एनएचआई के अभियंताओं को चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर साइनेजेज लाइटिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ब्लैक स्पॉट स्थलों के सबसे नजदीक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा एम्बुलेंस के कर्मचारियों का अच्छे ढंग से प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए है। उन्होंने एनएच पर मानक के अनुसार निर्धारित गतिसीमा का साइनेज बोर्ड लगाये जाने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए जाम से निपटने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। डीएम ने स्कूली वाहनों के ड्राइवरों का प्रशिक्षण कराये जाने का भी निर्देश दिया है। साथ ही साथ उनकों प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र दिए जाने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा है कि जो स्कूली ड्राइवर प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करें। उनकों स्कूली वाहन चलाने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने सड़कों की स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायतों को स्वच्छता का विशेष अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए भी प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने छुट्टा घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को अनिवार्य रूप से गौशालाओं में व्यवस्थित किए जाने हेतु कहा है। उन्होंने अवैध होर्डिंग के विरूद्ध भी प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश सम्बंधित विभाग को दिया है। जिलाधिकारी ने दुर्घटना के समय दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की मदद करने वाले लोगो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये जाने के लिए भी कहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करें। टीम वर्क की भावना से कार्य करने पर कार्य के परिणाम अच्छे मिलते हैं।

# सिद्धपीठ रसमोदकुंज में सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी की मनाई बरही

● मंदिर में गत वर्षो की भांति जानकी की सहेली का मनाया गया बरही महोत्सवः रामप्रिया शरण

**अयोध्या।** श्रीराम नगरी के सिद्ध पीठ श्री रसमोद कुंज में माता जानकी की मुख्य सहेली सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी की बरही महोत्सव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वेश्वरी चंद्रकला जी महारानी का जन्म वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को माता जानकी के छठी के दिन हुआ था। महारानी के बरही महोत्सव पर प्रातःकाल मठ में कई धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी जू का भव्य श्रृंगार कर पूजन.अर्चन किया गया। मंदिर के पुजारी ने सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी को भोग लगाकर दिव्य आरती उतारी और सायंकाल बधाई गाई गई जिसमें अयोध्या के संत महंत सहित कई श्रद्धालु उपस्थित होकर के महारानी जी का बरही महोत्सव मनाया गया।

श्री रसमोद कुंज पीठाधीश्वर महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी जू का बरही महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सायंकाल जन्म बधाई का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपने.अपने गायन.वादन से भक्तगणों को मंत्रमुग्ध किया। कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट हुआ। मठ उत्सव के रंग में डूबा रहा। अंत में संत.महंत और भक्तगणों को प्रसाद बांटा गया। व्यास राघवेन्द्र शरण, व्यास लक्ष्मण पांडे, व्यास ओंमकार, आशीष त्रिपाठी, रामानन्द, शरण जयराम मिश्रा, माधव शरण, अनुराग त्रिपाठी, लाडली शरण जी पुजारी रामस्वरूप शरण पुजारी युगल किशोर शरण, राम मनोहर वैध, मप्र दमोह से पधारे रिक्की दूबे, श्रीहरि दूबे, लक्ष्मी दूबे, कविता दूबे, ओमी दूबे सहित भक्त गण मौजूद रहे।

# जन्म से कटे होंठ व तालू वाले मरीजों का पंजीकरण 31 से

संवाददाता। अयोध्या

**मिशन निदेशक** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय राजा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं स्माइल ट्रेन संस्था के सहयोग से जन्म से कटे होंठ व तालू वाले मरीजों के निःशुल्क आपरेशन व उपचार के लिए पंजीकरण जिला पुरुष चिकित्सालय अयोध्या मे 31 मई 2022 तक प्रातः10 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकृत बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ स्थित हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के प्लास्टिक माइक्रोवस्कुलर कॉस्मेटिक एवं क्रेनियोफेशियल सर्जरी विभाग में किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय राजा ने बताया कि कई बच्चों के होंठ व तालू जन्म से कटे होते हैं। कटे होंठ व कटे तालू की जन्मजात समस्या लगभग 3000 जीवित शिशुओं में से एक को हो सकती है। यह होंठ के दोनों तरफ या एक ही तरफ संभव है। सामान्यतः होठ के साथ तालू भी कटा होता है किन्तु कभी.कभी केवल तालू के कटे होने की भी सम्भावना होती है। इसके कारणों में किसी भी चीज की स्पष्ट भूमिका प्रमाणित नहीं है।

समय से पहचान और इलाज से इस दिक्कत से पूरी तरह निजात मिल सकती है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ0 आरके सक्सेना ने बताया कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देकर आत्मविश्वास जगाने में स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डा. वैभव खन्ना और हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की अहम् भूमिका है। यह बीमारी बच्चों में जन्मजात होती है तथा प्लास्टिक सर्जरी के द्वारा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सकती है। स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा हर आयु वर्ग के लोगों का इलाज पूर्णतया निरूशुल्क किया जाता है। उन्होंने बताया.अभी तक इस प्रोजेक्ट के तहत डा0 वैभव खन्ना के द्वारा 12,000 से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है।

यह जन्मजात विकार अन्य विकारों की अपेक्षा बहुतायत से पाया जाता है। माता.पिता शुरुआती दौर में इस बीमारी को समझ नहीं पाते हैं। समय से उचित चिकित्सीय इलाज न मिलने से इस बीमारी का इलाज मुश्किल हो जाता है। नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ0 आरके सक्सेना ने बताया कि अगर पैदायशी कटे होंठ वाला बच्चा जन्म के पाँच माह और कटे तालू वाले बच्चे का इलाज जन्म के नौ माह के बाद किया जाये तो बच्चे के चेहरे पर जीवन भर मुस्कान रहती है हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में संचालित स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट का यही वास्तविक उद्देश्य है।

## केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर बैडमिण्टन/टेबुल टेनिस खेल का समापन

**अयोध्या।** खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में डा. भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर, अयोध्या में 11.05.2022 से 25.05.2022 तक बैडमिण्टन खेल एवं टेबुल टेनिस खेल का केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया जिसमें बैडमिण्टन के बालक वर्ग में 15 एवं बालिका वर्ग में 09 तथा टेबुल टेनिस खेल के बालक वर्ग में 10 एवं बालिका वर्ग में 12 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया इन्हे प्रशिक्षित करने हेतु बैडमिण्टन खेल के बालकध्बालिका हेतु मनीष कुमार गुप्ता उपक्रीड़ाधिकारी लखनऊ एवं नाजिया बेगम उपक्रीड़ाधिकारी, अयोध्या रही एवं टेबुल टेनिस खेल बालक/बालिका हेतु धीरेन्द्र कुमार पुरूषोत्तम, उपक्रीड़ाधिकारी, अयोध्या एवं अरुणा सहायक प्रशिक्षक सहारनपुर रही। उक्त प्रशिक्षण शिविर का समापन क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा द्वारा किया गया।

## क्विक न्यूज

### अधेड़ युवक की हत्या से क्षेत्र में हड़कम्प

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अधेड़ युवक की हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्राम सभा पाती में मंगलवार की रात अच्छे लाल पुत्र श्री राम प्रतिदिन की तरह भोजन करके दरवाजे पर सो रहे थे कि रात 9 बजे हमला वरों ने घटना को अंजाम दिया। गांव के लोगों ने बताया कि अपनी ससुराल में करीब 15 वर्षो से रहता था। परिवार में पत्नी और दो बच्चे और अपनी सासु के साथ घर पर काम काज करके परिवार का पालन-पोषण करता था। लोगों ने बताया की मृतक की पत्नी गांव में एक युवक के घर संगीत कार्यक्रम में शामिल थी। लड़का भोज मे लोहरा ब्रमदपुर गया था। घर पर बीमार सासू थी जब हमला वरो ने हमला किया तो आवाज को सुनकर आस पास के ग्रामीण जब तक कुछ समझने का प्रयास किया। तब तक हमलावर फरार हो गए।

### जागरूकता की कमी के कारण नहीं हो सके नामांकित

**प्रयागराज।** जागरूकता की कमी के चलते परिवार में मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति बीमा राशि प्राप्त करने में सक्षम नहीं होता है। क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड बैंक खातों पी एफखातों गैस सिलेंडर एवं सरकारी योजनाओं जैसे पी एम जीवन सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति बीमा योजना पी एम गरीब कल्याण योजना आदि पर मुफ्त बीमा की सुविधा सभी भारतीयों के लिए है। मुफ्त बीमा धारकों में कोरोना से लड़ने वाले स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं। जिसके लिये अब मोबाइल एप भारत क्लेम्स समाधान के रास्ते लेकर आया है। भले ही सरकारी आंकड़े बीमा उद्योग की पहुंच को बढ़ाने की बात कर रहे हों मगर बीमा पॉलिसियों की जटिलताओं को लेकर सामाजिक उद्यमी एवं भारत क्लेम्स के एमडी कविंदर खुराना ने कहा मुफ्त एवं अज्ञात बीमा की जानकारी लेकर उनपर दावा करने के रास्ते को आसान बनाने वाले मोबाइल एप भारत क्लेम्स को आखिरकार प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता डाउनलोड करेगा।

### ज्वाला देवी स्कूल में दस दिनी समर कैंप का समापन

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइन प्रयागराज में 16 मई से प्रारंभ हुए समर कैंप का बुधवार को समापन हो गया। समापन दिवस के अवसर पर विद्यालय की विशाल सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुमंत पांडेय एवं डा दीप्ति उपस्थित रहीं। दस दिनों तक चले समर कैंप में छात्र छात्राओं को विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अपने अनुभवों को सभी के मध्य साझा किया साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि समर कैंप में सभी ने जो भी कुछ शिक्षा प्राप्त की है। इसे हमेशा संजोकर रखेंगे। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार पांडेय ने कहा कि समर कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना था और आप सभी को देखकर ऐसा लग रहा है कि हम सभी अपने उद्देश्य में कामयाब रहे हैं। प्रधानाचार्य ने डा दीप्ति को समर कैंप में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

### रोजगार मेले 665 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या राजकीय आईटीआई कौशल विकास मिशन जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र एवं श्रम विभाग, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 25 मई को 10 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रोहित सिंह द्वारा उदघाटन किया गया। तकनीकी/ गैर तकनीकी पदों पर क्षेत्र की 19 प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग करते हुए 665 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र परियोजना निदेशक आरपी सिंह द्वारा वितरित किया गया। सम्मिलत संयुक्त निदेशक डीके सिंह, प्रधानाचार्य केके लाल राजकीय आईटीआई सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी राम कुमार द्विवेदी एवं उप.प्रमुख, डा. राम मनोहर लोहिया अवध विवि, अयोध्या धर्मेन्द्र ने सम्बोधित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### योग से शरीर स्वास्थ्य व रोग मुक्त होता हैः राम ललित

**इन्दईपुर,** अम्बेडकरनगर। योगा करने से शरीर स्वास्थ्य एवं रोग मुक्त होता है तथा बच्चों को पढ़ने में एकाग्रता बढ़ती है एवं मन- मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। बच्चों को योगा का प्रशिक्षण देते वक्त योगा के प्रशिक्षक राम ललित तिवारी ने यह बात कही।ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैम्प के अंतर्गत पंडित त्रिलोकीनाथ स्मारक इंटर कॉलेज हथिनाराज पिपरी के कक्षा 9-12 के सैकड़ों विद्यार्थियों को योग का कुशल प्रशिक्षक राम ललित तिवारी एवं सुनील कुमार की देखरेख में दिया गया। ज्ञातव्य है कि सूबे में पहलीबार ग्रीष्मावकाश के दौरान 21 मई से 28 मई तक समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत सिलाई,योग,विद्यालयी क्रीड़ाओं,पाककला आदि विषयों से सम्बंधित विशेष कौशलों के विकास हेतु विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार 24 मई को सिलाई कढ़ाई की ट्रेनिंग देते वक्त प्रशिक्षक ज्योति यादव एवं तारा देवी ने कहा कि सिलाई-कढ़ाई और अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कौशल विकास की बेहतरीन विधाओं में एक है,जोकि हस्तकौशल के साथ ही साथ धनार्जन में भी अत्यधिक सहायक होते है।

## भाजपा सरकार का आठ वर्ष पूरा होने पर मनाया जायेगा सेवा सुशासन दिवसः राम किशोर

**अम्बेडकरनगर।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की तैयारी के लिए किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकिशोर राजभर की अध्यक्षता में अटल भवन भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित किया गया। पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री रमापति मौर्य ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार की कार्यकाल के 8 वर्ष पूरे होने पर सेवा,सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। तय कार्यक्रमों को विधानसभा और मंडल स्तर पर संपन्न कराए जायेंगे। 4 जून को वृक्षारोपण का कार्यक्रम एवं वृक्ष दान, अमृत सरोवर की साफ-सफाई, किसानों से संवाद, प्रगतिशील किसानों का सम्मान आदि अभियान सहित अन्य कार्यक्रम कर नरेंद्र मोदी सरकार के जनहित की योजनाओं से प्रत्येक परिवारों को अवगत कराया जायेगा।

# कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन की बैठक में हुआ गहन मंथन



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा 100 दिवसीय कार्य योजना में अभियोजक गण द्वारा दिए गए सूची पर मुकदमा वार परीक्षण और वार्ता सभी अभियोजक गण से किया गया एवं उनके सभी मुकदमों की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा करते हुए सभी अभियोजकों को निर्देशित किया कि सूची के मामलों का निस्तारण शीघ्रता से करवाएं एवं न्यायालय में पैरवी के दौरान साक्षियो की उपस्थिति पर यदि कोई परेशानी होती है तो इस संबंध में मुझे, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त निदेशक अभियोजन को सूचना दें, जिससे शीघ्रता शीघ्र कार्यवाही की जा सके। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजिया, संयुक्त निदेशक अभियोजन बीबी मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, अभियोजन अधिकारी गण, जिला शासकीय अधिवक्ता एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मौके पर उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलपुर बाकरगंज में फार्मासिस्ट मिले अनुपस्थित

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलपुर बाकरगंज जलालपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जलालपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पी एस सी में ओपीडी कक्ष एवं रजिस्टर एवं दवाओं के स्टाक का जायजा लिया। मौके पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि निकट भविष्य में एक्सपायर होने वाली दवाओं का वितरण मरीजों को समुचित मात्रा में दिया जाए एवं समय के अंदर दवाओं की मांग जिले से की जाए। पी एस सी सेंटर पर कुछ कक्ष बंद पाए गए जिसे खुलवा कर साफ सफाई कराकर उपयोग में लाए जाने का निर्देश दिया गया। पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को हैंडपंप लगाने का निर्देश दिया।



इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा सी एच सी जलालपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा सबसे पहले ओपीडी कक्ष का जायजा लिया गया। ओपीडी कक्ष में आयुष डॉक्टर के पास स्टेथोस्कॉप न होने के कारण नाराजगी जताई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए आयुष डॉक्टर को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत स्टाफऑन ड्यूटी कक्ष, कोविड 19 कक्ष तथा लैब कक्ष का जायजा लिया गया, जिसमें सभी व्यवस्था ठीक-ठाक पाई गई। तत्पश्चात मेडिसिन कक्ष का निरीक्षण किया गया एवं फार्मासिस्ट से दवा के बारे में जानकारी लिया गया। दवाओं के रखरखाव और एक्सपायर होने से पहले समुचित मात्रा में मरीजों को वितरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ परिसर की साफ सफाई कराने का निर्देश भी दिया गया।

राशन वितरण को लेकर भी बनाएंगे जाएंगे कैंप

# बाढ़ कटान से बचाव का 15 जून तक कर लें पूरा इंतजाम

● बाढ़ग्रस्त तीनों तहसीलों में बनेंगे राहत केन्द्र, प्रभावित गांवों में चलेंगी नाव

संवाददाता। सीतापुर



**बाढ़ आते** ही गांजरी क्षेत्र के वाशिदों को चिंता सताने लगती है, वह सब इससे बचने के लिए प्रयास जारी कर देते है। फ्लिहाल अभी बाढ़ जैसे कोई हालात तो नहीं है लेकिन तराई इलाके के लोग अपनी बचाव की तैयारियों में लग गए है। सीतापुर के बाढ़ क्षेत्र इलाके की तीन तहसीले जो हर साल जलमग्न हो जाती है। इसे बचाने के लिए इस बार प्रशासन द्वारा क्या तैयारियां की जा रही है 'पायनियर' ने जिलाधिकारी अनुज सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्र में जो परियोजनाओं का कार्य हो रहा है उसे 15 जून तक हरहाल में पूरा कर लिए जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे बाढ़ क्षेत्र के लोगो को कोई परेशान न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ राहत केन्द्र भी बनाए जाएंगे, मेडिकल टीम भी लगाई जाएंगी, पर्याप्त मात्रा में नावं की भी व्यवस्था की जाएगी। बाढ़ क्षेत्र में क्या तैयारियां अभी तक चल रही है इसको लेकर आईए सुनते है जिलाधिकारी अनुज सिंह को कि उन्होंने पायनियर से बाढ़ क्षेत्र में कार्य जल्द पूरे हो जाएंगे।

राज्यमंत्री ने महिलाओं-छात्राओं को दी सिलाई मशीन, खुशी

# केंद्र व प्रदेश की सरकारें लेकर आईं आर्थिक एजेन्डा:डा. लालजी

संवाददाता। सीतापुर



**आजादी के** बाद देश व प्रदेश की भाजपा सरकारें अनुसूचित जाति के लिए आर्थिक एजेंडा लेकर आयी है, जिसके तहत हम अनुसूचित जाति के लोगो को स्वरोजगार से जोड़ सके। यह बात अध्यक्ष अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने सिलाई मशीन वितरित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं हर एक को आज मिल रही है, जिससे प्रदेष तरक्की के रास्ते पर चल पड़ा है। उन्होंने विभाग की टेलरिंग शाप योजना के तहत 86 महिलाओं व छात्राओं को सिलाई की मशीन वितरित की व स्वालम्बी बनने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना, टेलरिंग शाप योजना, आटा चक्की मशीन योजना, बैंकिंग करस्पांडेंट योजना तथा केन्द्र सरकार की स्टैंड-अप इण्डिया योजना से दलितों के दिन बहुर रहे हैं। राज्यमंत्री डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने अपने विभाग की समीक्षा बैठक भी की। राज्यमंत्री के हाथों में सिलाई मशीन पाकर महिलाएं व छात्राएं भी खुश दिखी। जिनसे पायनियर ने बात की तो उन्होने खूब सराहा।

## क्विक न्यूज

### सीएम सामूहिक विवाह योजना रुपए 76.50 लाख से होगी 150 गरीब बेटियों की शादी

**लखीमपुर खीरी।** वर्ष 2022.23 में सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए शासन की ओर से बतौर पहली किस्त 76050 लाख जिला समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराया गया है। इस धनराशि से कुल 150 गरीब बेटियों की शादी होगी। विभाग की ओर से तैयारी शुरु कर दी गई है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि गरीब परिवारों को बेटियों की शादी एक बड़ी चुनौती होती है। इस समस्या का समाधान के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है। इसके तहत इस वर्ष 150 गरीब बेटियों की शादी के लिए शासन की ओर से बतौर पहली किस्त 76050 लाख रुपये जारी कर दिया गया है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए इसके लिए ब्लॉक व नगरीय निकाय स्तर पर पात्रों की चैन की कार्यवाही भी लगभग पूरी कर ली गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि उप्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत खीरी में 10 जून को शहनाई बजेगी। जिसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियों को पूरा कर लिया। जनपद स्तरीय कमेटी द्वारा लिए निर्णय पर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति ब्लॉक 09 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य व सभी नगरीय क्षेत्रों को मिलाकर 15 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य नियत किया है। इस योजना के तहत वधु के खाते में ?35 हजार की धनराशि अंतरित की जाएगी। वही क्रय समिति द्वारा शासन द्वारा अनुमन्य वस्तुएं वर.वधु को प्रदान की जाएंगी।

### नैपालापुर के रामकृष्णपुरी मोहल्ले में घर में घुसता नालियों का पानी

**सीतापुर।** सीतापुर से सटी ग्राम पंचायत नैपालापुर के मोहल्ला रामकृष्णपुरी के रहने वाले लोग इस समय नालियों से बहता गंदा पानी को लेकर काफी परेशान है, चोक नालियों से सड़क पर बहते गंदे पानी से निकलने को भी मजबूर है। करीब आठ साल से उस मोहल्ले की इस दशा को कोई भी अधिकारी संज्ञान में न लेकर उनकी समस्याएं और बढ़ाए हुए है। बुधवार को मोहल्ले रहने वाले पवन सिंह, विनोद यादव, करूणेश कुमार मिश्रा, नीरज मिश्रा, कंचन अग्रवाल, धीरेन्द्र मिश्रा, सागर मिश्रा, वंदना मिश्रा, गोलू सहित तमाम लोगो ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम अनुज सिंह से मिले व उनको मांगो का प्रार्थना पत्र सौंपा। डीएम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। ज्ञापन देने के बाद मोहल्ले के रहने वाले पवन सिंह ने कहा कि आश्वासन मिला है, पहले भी आश्वासन ही मिला था।

### पूर्व प्रधान पति ने आरोप बताए निराधार

**सीतापुर।** रामकोट थाने के गांव बरगदिया के पूर्व प्रधान गोपीनाथ यादव पर आशा संगिनी ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था, पीड़िता कई बार पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट चुकी थी लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई थी। आई इंडिया पर खबर चलने के बाद पूर्व प्रधान गोपीनाथ यादव ने भी आशा संगिनी द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा बताया है। पूर्व प्रधान ने पायनियर से कहा कि आशा संगिनी ने जो आरोप लगाए है वह सब निराधार है। उन्होंने कहा कि आशा संगिनी द्वारा फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर संविदा की पायी जिसकी शिकायत उन्होंने डीएम से की थी जिसको लेकर आशा संगिनी ने उनपर झूठा आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से जांच कराकर न्याय की मांग की है।

### अवैध कब्जों को हटवाया

**मोहम्मदी खीरी।** तहसील प्रशासन द्वारा बुधवार को अवैध कब्जेदारों के विरूद्व कानूनी कार्यवाही करते हुये अवैध कब्जे हटवाये गये। जिसके अन्तर्गत ग्राम सहिजना की हरवाड की गाटा संख्या 406 व गाटा संख्या 408 की पैमाइस करके अवैध कब्जा हटवाया गया। ग्राम मोहिद्दीनपुर में गाटा संख्या 1192 की पैमाइस कर भूमि को खाली करवाया गया। ग्राम मकसूदपुर में गाटा संख्या 152 भूमि खलिहान पर किशोरी ने अवैध दीवार बना ली थीए जिसको तहसील प्रशासन द्वारा बुलडोजर की मदद से गिरवा दिया गया। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा भूमिहीन असहाय व्यक्तियों की उनकी भूमियों पर कब्जा दिलवाये गये। क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर थाना पसगवां में अन्तर्गत धारा 447 के तहत अवैध अक्रमाणियों पर मुकदमा दर्ज करवाया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम रसूलपुर तफज्जु हुसैन में गाटा संख्या 1119 रकवा 00470 कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जेदारों का कब्जा हटवाया गया। ग्राम मानाखेडा में गाटा संख्या 925 की पैमाइस कर खाली करवाया गया। ग्राम भंगेली में चकमार्ग की पैमाइस करके खाली करवाया गया।

# चारागाहों की जमीनों पर बनाए जाएं गौआश्रय स्थल: सुरेश राही

● हरगांव विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजा मांत्र पत्र

संवाददाता। सीतापुर



**कारागार राज्यमंत्री** सुरेश राही ने सीतापुर की लहरपुर समेत जनपद में अन्य तहसीलों में चारागाहों की भूमि पर गोशाला/पशु आश्रय स्थल निर्माण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है। राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने अपने गृह जनपद सीतापुर में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध बंजर भूमि पर पशु आश्रय स्थल तथा गोशालाओं के निर्माण किये जाने का मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि जनपद सीतापुर की लहरपुर तहसील एवं सीतापुर में निराश्रित पशुओं एवं गोवंश की बहुलता है। पशुओं की संख्या के हिसाब से तैयार की गई गोशालायें अपर्याप्त हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत की खाली पड़ी जमीन आदि पर गोशालाओं के निर्माण कराये जाने की मांग की है। श्री राही ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि बंजर भूमि पर पशु आश्रय स्थल के निर्माण से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही पशुओं/गोवंश की सुरक्षा होगी तथा इनके सह-उत्पादों से पोषण के साथ ही आसपास के पशुपालकों के आमदनी का स्रोत भी बढ़ेगा। कारागार राज्यमंत्री ने अपने पत्र में यह भी कहा कि गांव में छोड़े गए चारागाहों पर लगातार अवैध कब्जे होते जा रहे हैं। इनका समुचित सदुपयोग के लिए गोशालाओं का निर्माण आवश्यक है। इसलिए तहसील लहरपुर एवं सीतापुर के अलावा अन्य तहसीलों में चारागाह के लिए छोड़ी गयी भूमि को चिन्हित कराकर गोशालाओं का निर्माण कराया जाये। उन्होंने कहा कि गोशाआलों के निर्माण से आवारा पशुओं से होने वाली फसलों की हानि की समस्या के समाधान के साथ-साथ निराश्रित पशुओं एवं गोवंश को संरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने गोशाला/पशु आश्रय स्थल निर्माण के लिए चारागाहों/बंजरभूमि का विवरण भी संलग्न किया है।

# भूसादान के लिए आगे आए ग्राम प्रधान कोरिगवा

● डीएम ने भेजा ब्रेकफास्ट का निमंत्रण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खीरी में डीएम** महेंद्र बहादुर सिंह गो.आश्रय स्थलों को संरक्षित एवं संवर्धन के लिए भूसा दान के लिए मुहिम चला रहे हैंए जिसमें समाज के संभ्रांत व प्रबुद्ध जनों का भरपूर सहयोग मिल रहा। 50 कुंतल से अधिक भूसा दान करने वालों को प्रशासन सूचीबद्ध कर रहा। इन सभी को चरणबद्ध रूप से डीएम आवास पर आयोजित ब्रेकफास्ट विद डीएम कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा।

भूसादान प्रोत्साहन के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने भूसादानियों को ब्रेकफास्ट विद डीएमष् मुहिम का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में 29 मई दिन रविवार को आयोजित ब्रेकफास्ट विद डीएम कार्यक्रम में तहसील मोहम्मदी के ग्राम कोरिगवा के ग्राम प्रधान अमरजीत सिंह भी शामिल होंगे। बताते चलें कि तहसील मोहम्मदी के अमरजीत सिंह प्रधान कोरिगवा ने 53 कुंतल भूसा गो आश्रय स्थल भिजवायाए वही अन्य क्षेत्रीय लोगों को भूसा दान करवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डीएम ने एसडीएम मोहम्मदी पंकज श्रीवास्तव के जरिए ग्राम प्रधान कोरिगवा को निमंत्रण भेज कर आमंत्रित किया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि ष्ब्रेकफास्ट विद डीएमष् कार्यक्रम से पूर्व जिन्होंने नजदीकी गो.आश्रय स्थल में 50 कुंतल से अधिक भूसा दान किया। उसकी सूचना प्राप्त होते ही वह संबंधित व्यक्ति को न केवल आमंत्रित करेंगे बल्कि उनके साथ ब्रेकफास्ट भी करेंगे। वही 30 कुंतल से अधिक भूसा दान करने वाले भूसा दानियों को तहसीलदार व बीडीओ सम्मानित करेंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइकसवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार युवक को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव दाबी खेड़ा निवासी 30 वर्षीय प्रीतम पुत्र बुद्धसेन कि बीती रात नवाबगंज थाना क्षेत्र के गरगैया इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जीतन कल शाम को मोटरसाइकिल से पीलीभीत निवासी अपने एक परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में ही गरगैया गांव के पास उसकी बाइक को पीछे से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी मृतक की जेब से मिले मोबाइल से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ साक्षरता शिविर का आयोजन



**मोहम्मदी खीरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में उपजिलाधिकारी मोहम्मदी की अध्यक्षता में ग्राम गुरैला परगना व तहसील मोहम्मदी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधानए क्षेत्रीय लेखपाल तान्या गुप्ता उचित दर विक्रेता एवं ब?ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में उपजिलाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा 24ए 34ए 116ए 67 आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हे पैमाइशए वरासतए नामांतरण एवं बंटवारा प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर भरण पोषण अधिनियमए राशन संबंधी समस्याए स?क सुरक्षाए महिला हेल्प डेस्कए मोटर दुर्घटना संबंधी जानकारी भी ग्रामवासियों को को प्रदान की गयी तथा ग्रामवासियों को उनके अधिकार एवं सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओंए नि:शुल्क विधिक सहायताए एक मुश्त समाधान योजनाए राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों के निस्तारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट अवश्य लगायें। ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं का भी अनुश्रवण किया गया।

# पीएम के कार्यक्रम का 31 मई को होगा सजीव प्रसारण

● जिला मुख्यालय ब्लॉक व केवीके पर होंगे भव्य कार्यक्रम बनी रूपरेखा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शिमला में** 31 मई को प्रस्तावित पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शासन के निर्देश पर जिलाए ब्लाक सहित कृषि विज्ञान केंद्र पर होगे। बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों की बैठक लेकर भव्य कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 31 मई को पीएम के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुबह 9.45 बजे से शुरू होकर 12.15 बजे तक जिला व ब्लॉक स्तर परए दोनों कृषि विज्ञान केंद्रों में होगा। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी न केवल बड़ी संख्या में जुटेंगे बल्कि उन्हें योजनाओं की सौगात भी दी जाएगी।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा वर्तमान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही। इन योजनाओं के अभिसरण के जरिए पात्र लाभार्थियों का संतृप्तिकरण सरकार का उद्देश्य हैए जिससे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने में मदद मिल सके। वर्तमान में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आयोजित कार्यक्रम में योजनाओं के क्रियान्वयनए उसके प्रभाव तथा इनके सुधार पर भी चर्चा की जाएगी।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। बताया कि कार्यक्रम दो चरणों में सुबह 9. 45 बजे से शुरू होकर 12.15 बजे तक चलेगा। प्रथम चरण में सुबह 9.45 से 10.50 के मध्य सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। दूसरे चरण में सुबह 11 से 12 रू15 के बीच शिमला कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। पीएम इस कार्यक्रम के जरिए लाभार्थियों से वार्ता व पीएम.किसान निधि ;11वीं किश्तद्ध का वितरण करेंगे। उन्होंने सभी अफसरों को कार्यक्रम आयोजन के संबंध में उनके कार्य दायित्व समझाएं।इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंहए सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर डीसी.एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास डीडी कृषि वाईपी सिंह जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी डीपीआरओ सौम्य सील सिंह डीएसओ विजय प्रताप सिंह डीपीओ सुनील श्रीवास्तव.संजय निगम बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय डीएसडब्लुओ सुधांशु शेखर सीवीओ डॉ अजीत सिंह मौजूद रहे।

# कम्युनिटी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से ही मिलेगा विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श

● ई.संजीवनी पोर्टल के जरिए मिलेगी विशेषज्ञों की ऑनलाइन सलाह

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**एनसीडी के** अंतर्गत नवीन कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सीएचओ के दूसरे बैच को बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ई.संजीवनी पोर्टल और एनसीडी पोर्टल सहित टीबी और सीएचओ के कार्य दायित्व के बारे में उन्हें प्रशिक्षित किया गया। यह सभी कम्युनिटी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएंगे।

प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉण् शैलेंद्र भटनागर ने नवीन सीएचओ को प्रशिक्षण के दौरान दिए गए। इस ई.संजीवनी पोर्टल के बारे में सवाल जवाब किए। उनसे ईसंजीवनी पोर्टल चलवा कर देखा। इस दौरान एक रिहर्सल भी किया गया। वहीं उन्होंने टीबी के बारे में भी विस्तार से सीएचओ को जानकारी दी टीबी के प्रकारए टीबी के होने के कारणए टीबी के फैलने का कारणए टीबी का इलाज और टीबी के इलाज के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ई.संजीवनी पोर्टल के बारे में उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के जरिए ग्रामीणों को होने वाली छोटी.छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों के बारे में सीएचओ ऑनलाइन अपनी पीएचसी व सीएचसी के डॉक्टर सहित जिला चिकित्सालय के डॉक्टर व लखनऊ के विशेषज्ञों से भी परामर्श लेकर जरूरी दवाएं उपलब्ध करा पाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान एसीएमओ डॉण् अश्विनी कुमारए डॉण् बीसी पंतए डॉण् अनिल कुमार गुप्ता सहित रीजनल मैनेजर अनूप श्रीवास्तवए एनसीडी एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉण् राकेश गुप्ताए डीपीएम अनिल यादवए फाइनेंस कम लॉजिस्टिक विजय वर्माए डीएमएचसी लल्ला सिंह द्वारा सभी को प्रशिक्षित किया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर मामा के साथ ननिहाल जा रही एक युवती की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शाहजहांपुर के मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा रुद्रपुर निवासी 22 वर्षीय अनामिका यादव पुत्री जितेंद्र सिंह यादव की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि अनामिका रविवार को अपने मामा रंजीत के साथ मोटरसाइकिल पर काठ थाना क्षेत्र के गांव सरधोली स्थित अपनी ननिहाल जाने के लिए अपने घर से चली थी लेकिन जब उनकी बाइक आलमपुर गांव के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े ।

# पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में अधिक होती है थायराइड की समस्या

● युवराज दत्त महाविद्यालय में मानव स्वास्थ्य और थायराइड महत्व पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**युवराज दत्त** महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग एवं जंतु विज्ञान विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेज 3 के अंतर्गत विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर मानव स्वास्थ्य और थायराइड का महत्व महिलाओं के विशेष संदर्भ में विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉण् ज्योति पंत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉण् अजय कुमार आगा ने थायराइड ग्रंथि का मानव शरीर में महत्व व इसके क्रियाकलाप मानव शरीर को किस प्रकार प्रभावित करते हैं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त थायराइड के बढ़ने या कम होने पर शरीर में किस प्रकार के लक्षण उभरते हैं। इनके बारे में भी बताया। टीएसएच टी 3 एवं टी 4 आदि के विषय में समझाया। मुख्य अतिथि जिला महिला चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉण् श्वेता अवस्थी ने थायराइड से जुड़ी महिलाओं संबंधी सामान्य समस्याओं विशेषकर मासिक धर्म की अनियमितताए अत्यधिक रक्तस्राव एवं क्लाटिंग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि महिलाओं में पुरुषों की अपेक्षा थायराइड की समस्या अधिक होती है। भारत में लगभग 5 करोड़ महिलाएं इससे प्रभावित हैं। महिलाओं को बचाव के लिए समय.समय पर थायराइड की जांच कराते रहना चाहिए। इस दौरान अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने समस्त छात्र.छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत विश्व थायराइड दिवस पर बताया कि महिलाओं को सशक्त होने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक हैए जिनसे वे समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ सकती हैं। इस दौरान अंतर्सवाद साथ में जिला महिला चिकित्सालय से आई डॉण् श्वेता अवस्थी एवं किशोरी बाल कार्यक्रम की काउंसलर दीपमाला ने छात्र.छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। मिशन शक्ति संयोजिका डॉण् नीलम त्रिवेदी ने सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम आयोजकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मनोज कुमारए दीपक कुमार बाजपेईए डॉण् ओपी सिंह आदि शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# अनुराग की आत्मनिर्भरता का आधार बना मशरूम उत्पादन

## 50-60 हजार प्रतिमाह की आय का जरिया बनी मशरूम की खेती

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**कृषि प्रधान** जिले खीरी में किसानों की आय दोगुनी करने में अब मशरूम की खेती मददगार साबित हो रही है। तहसील सदर व ब्लाक फूलबेहड़ के गांव ओदरहना के अनुराग अग्रवाल ने अफसरों की प्रेरणा से मशरूम की खेती शुरू की। इसे बेचने के लिए इन्हें किसी बाजार अथवा बिचौलिए की भी आवश्यकता नहीं है।

खीरी के अनुराग अग्रवाल जो कंप्यूटर साइंस से बीटेक हैं।कोरोना की त्रासदी में लॉकडाउन में कुछ कर गुजरने की चाहत मन में संजोए अनुराग कृषि विभाग के अफसरों के संपर्क में आए। वर्ष 2020 के सितंबर माह में उन्होंने 1500 स्क्वायर फीट में एक लाख की लागत से सीजनल मशरूम उत्पादन का काम शुरू किया। वह बताते हैं कि इसमें उन्हें अफसरों ने काफी सहयोग मिला। नतीजा यह रहा कि वह फरवरी 2021 तक मशरूम की खेती से 20 से 25 हजार की आय अर्जित की। फिर उन्होंने इस व्यवसाय को बड़े स्तर पर करने का विचार किया। अफसरों की सकारात्मक राय व सीजनल काम में हुए लाभ ने अनुराग को आगे कदम बढ़ाने पर हौसला दिया। अनुराग ने पांच हजार वर्ग फिट कारपेट एरिया में 50 लाख की लागत से वर्षभर मशरूम उत्पादन का काम शुरू किया। अनुराग के मुताबिक आज वह प्रतिमाह 45 कुंटल मशरूम का उत्पादन करके 405 से 5 लाख तक की बिक्री कर रहे है। वह इस रोजगार के जरिए 50 से 60 हजार प्रति माह की आय अर्जित कर रहे। अफसरों ने उनसे संपर्क करके मशरूम उत्पादन के प्रोत्साहन के लिए सरकार की योजना के जरिए 08 लाख का अनुदान दिलाने काम भी प्रगति पर है। अनुराग के इस मशरूम उत्पादन के जरिए छोटे.छोटे सब्जी दुकानदारों को भी मशरूम बेचकर अच्छा मुनाफा मिल रहा है। अनुराग बताते हैं कि भूसे और प्रोटीन मिश्रण से तैयार कर उत्तराखंड के देहरादून से मशरूम का बीज मंगाकर बिजाई की जाती है। उन्होंने ओदरहना गांव में मशरूम उत्पादन के चार कमरे तैयार किए। जिसमें प्रति कमरे 2400 बैग की दर से कुल 9600 बैग के जरिए मशरूम उत्पादन का काम कर रहे हैं।

### महिला ने पंखे से लटककर लगाई फांसी

**बरेली** । पति के काम पर जाने के कुछ देर बाद ही पत्नी ने पंखे से लटककर फांसी लगा ली सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव शीशम खेड़ा निवासी 25 वर्षीय रुबीना पत्नी इस्माइल की लाश आज सुबह घर में ही एक कमरे की छत से लगे पंखे से बंधे दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई मृतका के पति ने बताया कि आज सुबह वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था पत्नी रुबीना ने उसे खाना बांध कर दिया था और जाते समय 200 रुपए भी दिए थे उसका पत्नी से किसी प्रकार का विवाद भी नहीं हुआ था लेकिन उसके जाने के बाद रवीना ने फांसी लगा ली मृतका का विवाह लगभग 3 वर्ष पूर्व हुआ था उसके कोई भी बच्चा नहीं था जिसके चलते वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहती थी जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने पर घर वापस लौटे पति ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

# भाजपा ने शुरू किया बूथ मजबूत करने का अभियान

**2024 लोकसभा चुनाव**

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बुधवार को पार्टी संगठन को मजबूत करने और देश भर के उन करीब 74,000 चुनाव बूथ तक पहुंच गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सप्ताहभर के अभियान की शुरुआत की, जहां वह अपेक्षाकृत कमजोर है। भाजपा की ओर से ट्वीट किया गया कि भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को संबोधित किया। इस बैठक में देश भर के कई केंद्रीय मंत्री और नेता शामिल हुए। अभियान 31 मई तक चलेगा। भाजपा ने प्रचार के लिए पार्टी उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है। पार्टी उपाध्यक्ष दिलीप घोष, महासचिव सी टी रवि और पार्टी के अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा के प्रमुख लाल सिंह आर्य इसके सदस्य हैं। पार्टी ने देश भर में लगभग 74,000 बूथ की पहचान की है जिन्हें अभियान के तहत मजबूत किया जाना है।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी के सभी सांसदों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में 100 कमजोर बूथ को मजबूत करने के लिए कहा गया है और इसके लिए 30 सदस्ईय टीम का गठन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इसी तरह पार्टी विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में 10 कमजोर बूथ को मजबूत करने का काम सौंपा गया है। सूत्रों ने कहा कि भाजपा के राज्यसभा सांसदों को उन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है जहां पार्टी हार गई थी। उन्होंने कहा कि कमजोर बूथ की पहचान 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनावों के परिणामों के आधार पर की गई है। उन्होंने कहा कि इन बूथ को जनसांख्यिकी, संगठनात्मक ताकत और अन्य पहलुओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है। सूत्रों ने कहा कि इस अभियान के तहत भाजपा नेताओं को एक टीम बनानी होगी, उन्हें प्रशिक्षित करना होगा और फिर इन कमजोर मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में पहुंच गतिविधियों को अंजाम देना होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कवायद के पीछे व्यापक विचार भाजपा के आधार का विस्तार करना और अगले लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या बढ़ाना है। इसी तरह की कवायद भाजपा द्वारा 2016 में शुरू की गई थी और पार्टी ने छह राज्यों - ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और पूर्वोत्तर में लगभग 115 निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की थी। पार्टी उस समय तक इन निर्वाचन क्षेत्रों में कभी भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी। भाजपा नेताओं का मानना है कि इस कवायद के परिणामस्वरूप, भाजपा ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अपनी स्थिति में काफी सुधार किया और 2019 के लोकसभा चुनावों में सीटों की संख्या में वृद्धि की।

## नड्डा ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की, मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की और नरेंद्र मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले पार्टी के जनसंपर्क कार्यक्रम पर चर्चा की। बैठक में जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न भागों में मंत्रियों के दौरों पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और किरेन रीजीजू आदि ने भाग लिया। बैठक के समापन में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भाषण हुआ। भाजपा मोदी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर 30 मई से 15 जून तक सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विषय पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा ने जयपुर में हाल में अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में घोषणा की थी कि केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने के मौके पर केंद्रीय मंत्री देशभर में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे और अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर जनता की राय जानेंगे।

## अदालत ने अभिनेत्री चिताले को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र में** ठाणे की एक अदालत ने बौद्ध धर्म पर अपमानजनक बातें पोस्ट करने के आरोप में मराठी अभिनेत्री केतकी चिताले के खिलाफ नवी मुंबई द्वारा दो साल पहले दर्ज किए गए मामले में अभिनेत्री को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नवी मुंबई की रबाले पुलिस ने मार्च 2020 में दर्ज मामले के सिलसिले में पिछले बृहस्पतिवार को अभिनेत्री को गिरफ्तार किया था। यह मामला अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून के तहत दर्ज किया गया था। स्थानीय अदालत ने तब अभिनेत्री को 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

चिताले के वकील ने बताया कि उन्हें मंगलवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आंबेडकर युवा संघ के सदस्य स्थानीय निवासी स्वप्निल जगताप ने दो साल पहले पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि उन्हें एक मार्च 2020 को चिताले के फेसबुक पोस्ट का एक स्क्रीनशॉट व्हाट्सऐप पर मिला था। स्क्रीनशॉट में डॉ बी आर आंबेडकर, उनकी पत्नी रमाबाई आंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक शब्द थे। चिताले के वकील योगेश देशपांडे ने मंगलवार को अदालत के बाहर संवाददाताओं से कहा कि वे महाराष्ट्र में अभिनेत्री के खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकियों को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि ठाणे की अदालत में अभिनेत्री की जमानत के लिए एक आवेदन दायर किया गया है। देशपांडे ने कहा कि राज्य के कैबिनेट मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने भी चिताले के पोस्ट को रीट्वीट किया था, फिर अभिनेत्री के साथ अलग व्यवहार क्यों किया गया। फिल्म और टीवी अभिनेत्री चिताले (29) को इस महीने की शुरू में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## नफरत भरे भाषण के मामले में केरल की अदालत ने पीसी जार्ज की जमानत रद्द की

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मुसलमानों के विरूद्ध नफरत भरे भाषण देने के मामले में वरिष्ठ नेता पी सी जार्ज को मिली जमानत बुधवार को रद्द कर दी। जार्ज ने 29 अप्रैल को यह भाषण दिया था। अदालत ने जार्ज को एक मई को मिली राहत को रद्द करने की पुलिस की अर्जी मंजूर कर ली। पुलिस ने दलील दी थी कि जार्ज ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया इसलिए उनकी जमानत रद्द करने के लायक है।

अदालत ने पुलिस की अर्जी पर जार्ज के वकील अजीत कुमार की राय जाननी चाही। कुमार ने कहा कि उनके मुवक्किल को नफरत भरे भाषण के एक अन्य मामले में एर्नाकुलम जिले के पोलरिवत्तोम थाने में पेश होने को कहा गया। बाद में जब जार्ज थाने पहुंचे तब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कार्यकर्ताओं ने उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। टीवी चैनलों ने यह घटना प्रसारित की। शीघ्र ही वहां से पीडीपी कार्यकर्ताओं का वहां से हटाया गया। तभी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष के सुरेंद्रन एवं त्रिक्कारा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी ए एन राधाकृष्णन वहां पहुंच गए। सुरेंद्रन ने कहा कि जार्ज के विरूद्ध कार्वाई वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार के दोहरे मापदंड का संकेत देता है क्योंकि उसने कुछ उन अन्य लोगों के विरूद्ध कोई कदम नहीं उठाया जिसने सार्वजनिक रूप से सांप्रदायिक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जार्ज का समर्थन करेगी। पोलरिवत्तोम थाने में कुछ समय तक पूछताछ के बाद जार्ज अपने बेटे तथा सुरेंद्रन एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाहर आए। टीवी चैनलों पर यह नजर आया। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार उसके बाद जार्ज को एर्नाकुलम ए आर कैंप ले जाया गया जहां वह तिरुवनंतपुरम से एक पुलिस दल के आने का इंतजार कर रहे हैं।जार्ज को केरल उच्च न्यायालय ने पोलारिवत्तोम थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तारी से अंतिम राहत प्रदान की थी।

# एदियुरप्पा ने बेटे विजयेंद्र को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के संकेत दिए

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक भाजपा** के वरिष्ठ नेता बीएस एदियुरप्पा ने विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा नेतृत्व द्वारा उनके बेटे एवं पार्टी उपाध्यक्ष बी. वाई. विजएंद्र को टिकट देने से इनकार करने के एक दिन बाद बुधवार को उन्हें (विजएंद्र को) पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के संकेत दिए।

इस बीच, कांग्रेस पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए, मैसूर में विजएंद्र ने कहा कि एदियुरप्पा ने कभी भी उन्हें विधान परिषद का सदस्य (एमएलसी) या मंत्री बनाने की इच्छा व्यक्त नहीं की और पार्टी नेतृत्व यह तय करेगा कि उनका उपयोग कैसे किया जाए। उन्होंने कहा, मुझे ज्यादा चिंता नहीं है क्योंकि राज्य और राष्ट्रीय नेतृत्व इस पर फैसला करेंगे कि मुझे कौनसी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। विजएंद्र ने इन बातों को खारिज कर दिया कि उनके पिता को पार्टी में किनारे किया जा रहा है। विजएंद्र ने कहा, एदियुरप्पा और भाजपा एक हैं। एदियुरप्पा के बिना भाजपा नहीं है और भाजपा के बिना एदियुरप्पा नहीं है, क्योंकि उन्होंने 30-40 साल में पार्टी खड़ी की है और एक परिवार की तरह इसकी देखभाल की है। तीन जून को सात सीटों के लिए होने वाले विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनावों के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष विजएंद्र को टिकट देने की प्रदेश इकाई की सिफारिश को नज़रअंदाज़ करते हुए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मंगलवार को चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। चुनाव के लिए नामांकन दायर करने की समय सीमा खत्म होने से कुछ घंटों पहले यह घोषणा की गई थी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एदियुरप्पा के बेटे का नाम शामिल नहीं था। इस कदम को राजनीतिक हलकों में एदियुरप्पा के लिए झटका माना जा रहा है। एदियुरप्पा ने बुधवार को कहा, विजएंद्र को विधान परिषद का टिकट नहीं देने के खास मायने निकालने की जरूरत नहीं है। मुझे विश्वास है कि स्वाभाविक रूप से विजएंद्र को भविष्य में बड़ा मौका मिलेगा। पार्टी क्षमतावान और वफादारों को कभी निराश नहीं करेगी। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कर्नाटक में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को वापस सत्ता में लाने का लक्ष्य है और इस संबंध में सभी प्रयास अभी से ही शुरू होंगे। एदियुरप्पा ने कहा, मुझे विश्वास है कि अगले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा और वह सत्ता में वापस आएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या विजएंद्र को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी. एल. संतोष की वजह से टिकट नहीं मिला है, तो पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इसका उनसे कोई लेना-देना नहीं है।



गुवहाटी में भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क पर विचरण करता बत्तखों का झुंड

## तलाक-ए-हसन प्रथा के खिलाफ दायर याचिका पर अदालत ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें तलाक-ए-हसन की प्रथा और एकतरफा न्याएतर तलाक के अन्य सभी रूपों को मनमाना और तर्कहीन करार देते हुए अमान्य एवं असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने मामले का उल्लेख करने वाले वकील से कहा कि वह अगले सप्ताह पीठ के समक्ष इसका उल्लेख करें। तलाक-ए-हसन के अंतर्गत तलाक को महीने में एक बार, तीन महीने तक बोला जाता है। यदि इस अवधि के दौरान साथ रहना फिर से शुरू नहीं किया जाता है, तो तीसरे महीने में तीसरी बार तलाक कह देने के बाद तलाक को औपचारिक मान्यता मिल जाती है। हालांकि, यदि पहले या दूसरे महीने में तलाक शब्द के उच्चारण के बाद पति-पत्नी का साथ रहना फिर से शुरू हो जाता है, तो यह माना जाता है कि दोनों पक्षों में सुलह हो गई है।

एक मुस्लिम महिला ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से याचिका दायर की है, और केंद्र से लिंग एवं धर्म से इतर सभी नागरिकों के लिए तलाक की एक समान प्रक्रिया का दिशानिर्देश तैयार करने की भी मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए पीठ के समक्ष उल्लेख किया और बताया कि याचिका तलाक-ए-हसन को चुनौती देने से संबंधित है। उन्होंने कहा कि वकील के माध्यम से याचिकाकर्ता को तलाक-ए-हसन के लिए दो नोटिस जारी किए जा चुके हैं और तीसरा नोटिस अंतिम होगा। पीठ ने पूछा, नोटिस कब जारी किया गया था? इसके जवाब में वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि पहला नोटिस 19 अप्रैल को और दूसरा अब जारी किया गया है। पीठ ने कहा, हम (अदालत के) पुन: खुलने के बाद इस मामले को रखेंगे। कोई जल्दबाजी नहीं है। इस पर वकील ने कहा कि तब तक तो सब कुछ खत्म हो जाएगा। पीठ ने कहा, ठीक है, आप अगले सप्ताह उल्लेख कर सकते हैं। आप अगले सप्ताह एक मौका ले सकते हैं। अपनी याचिका में, याचिकाकर्ता ने कहा है कि तलाक-ए-हसन और एकतरफा न्याएतर तलाक के अन्य रूपों का प्रचलन न तो मानवाधिकारों और लैंगिक समानता के आधुनिक सिद्धांतों के साथ सामंजस्यपूर्ण है और न ही इस्लामी आस्था का अभिन्न अंग।

## जितिन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पर तंज कसा, पूछा- सिब्बल जी प्रसाद कैसा है

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता जितिन प्रसाद ने कपिल सिब्बल के कांग्रेस छोड़ने के बाद उन पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को सवाल किया कि सिब्बल जी प्रसाद कैसा है। जितिन प्रसाद ने कटाक्ष करते हुए सिब्बल के उस प्रहार का जवाब दिया जो उन्होंने पिछले साल जून में प्रसाद के कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के बाद उन (प्रसाद) पर किया था। सिब्बल ने पिछले साल 10 जून को प्रसाद पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया था, जितिन प्रसाद भाजपा में शामिल हो गए। सवाल यह है कि क्या उन्हें भाजपा से प्रसाद मिलेगा या सिर्फ उप्र चुनावों के लिए उनको शामिल किया गया है? इस तरह के सौदे में अगर विचारधारा मायने नहीं रखती, पाला बदलना आसान है। सिब्बल के कांग्रेस छोड़ने और समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद जितिन ने उन पर उनके उसी पुराने ट्वीट को लेकर पलटवार किया।

# कराची में है दाऊद, गवाह ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में एक गवाह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा है कि भगौड़ा गैंगस्टर दाउद्ध इब्राहिम पाकिस्तान के कराची शहर में है, जबकि एक अन्य गवाह ने कहा कि उसे बताया गया था कि दाउद्ध हर महीने अपने भाई-बहनों को 10 लाख रुपए भेजेगा। दाउद्ध से संबंधित संपत्ति से जुड़े धन शोधन मामले में मलिक के खिलाफ दायर ईडी के आरोप पत्र में इन दोनों गवाहों के बयान दर्ज हैं।

गैंगस्टर की बहन हसीना पारकर के बेटे अलीशाह पारकर ने जांच एजेंसी के सामने अपने बयान में कहा कि दाउद्ध उसका मामू है और वह 1986 के आसपास मुंबई में दमवारवाला बिल्डिंग के चौथे माले पर रहता था। उसने ईडी को बताया, 1986 के बाद, मैंने विभिन्न स्रोतों और परिवार से सुना कि दाउद्ध इब्राहिम पाकिस्तान के कराची में है। जब दाउद्ध इब्राहिम कराची चला गया था, तब मैं पैदा नहीं हुआ था। मैं और न ही मेरे परिवार के सदस्य उसके संपर्क में हैं। अलीशाह पारकर ने कहा कि कभी-कभी ईद, दिवाली और अन्य त्योहारों के दौरान, दाउद्ध की पत्नी उसकी पत्नी और बहनों के साथ संपर्क मैं रहती है। एक अन्य गवाह खालिद उस्मान शेख ने ईडी के समक्ष कहा , (दाउद्ध इब्राहिम के भाई इकबाल) कासकर ने मुझे बताया था कि दाउद्ध अपने आदमियों के जरिए पैसे भेजेगा। उसने कहा, उसने (कासकर ने) कहा कि उसे भी 10 लाख रुपए हर महीने मिलेंगे। कुछ मौकों पर तो उसने मुझे नोटों की गड्डियां भी दिखाई थीं और कहा था कि उसे यह धन दाउद्ध भाई से मिला। मलिक (62) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता हैं। ईडी ने उन्हें 23 फरवरी को धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जेल में हैं। ईडी का मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से दाउद्ध और उसके साथियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु में मछुआरन से सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या

**रामेश्वरम।** तमिलनाडु के रामेश्वरम के निकट वडाकाडू गांव में ओडिशा के छह श्रमिकों ने 45 साल की एक मछुआरन से कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया और फिर उसके बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पीड़िता के परिजनों ने इस घटना के बाद जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और ग्रामीणों ने रामेश्वरम राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोड रोको प्रदर्शन किया। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त एवं कठोर कार्वाई करने की मांग की। पुलिस ने कहा कि मंगलवार की सुबह समुद्री शैवाल (कादरपासी) लेने गई पीड़िता जब घर नही लौटी तो उसके परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि इस बीच, महिला का शव आज सुबह यहां एक झींगा फार्म से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि शव आंशिक रूप से जला हुआ है। उन्होंने बताया कि महिला के परिजन और पड़ोसी को यह शव मिला है जो उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच मामले में छह मजदूरों की संलिप्तता की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी और बाद में उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर धरना शुरू किया। पुलिस ने बताया कि कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या में शामिल सभी छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अन्नाद्रमुक ने भगवान शिव पर आपत्तिजनक वीडियो पर कार्रवाई की मांग की

**चेन्नई।** मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने भगवान शिव पर एक आपत्तिजनक वीडियो की निंदा करते हुए बुधवार को मांग की कि द्रमुक शासन संबंधित यूट्यूब चैनल और वीडियो क्लिप अपलोड करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे। अन्नाद्रमुक ने कहा कि वीडियो पोस्ट करने वाले यूट्यूब चैनल को तुरंत प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए क्योंकि निष्क्रियता की वजह से सांप्रदायिक सद्भाव प्रभावित होगा और कानून व्यवस्था की स्थिति को खराब होगी। मंदिर नगरी चिदंबरम में श्रद्धालुओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन शुरू करने का जिक्र करते हुए अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ओ पनीरसेल्वम ने कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की घटना की निंदा करती है जिसमें भगवान नटराज (शिव) के लौकिक नृत्य का अपमान किया गया है।

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में भाजपा के 20 नेताओं ने अपने पदों से इस्तीफा दिया

**भाषा।** जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के सांसद अर्जुन सिंह के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के कुछ दिनों बाद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में भाजपा के कम से कम 20 नेताओं ने जिला नेतृत्व पर स्थानीय पैनल में शामिल करने के एवज में पैसे लेना का आरोप लगाते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

जलपाइगुड़ी के भाजपा महासचिव अमल राय समेत पार्टी के असंतुष्ट नेताओं ने दावा किया जिन लोगों ने पार्टी के लिए काम किया एवं राज्य में चुनाव बाद हिंसा के चलते अपने घरों से भाग गए , उन्हें नवगठित मयनगुरी दक्षिण मंडल समिति में जगह नहीं मिली। राय ने आरोप लगाया कि स्थानीय पैनल में हाल में जिन लोगों को शामिल किया गया , उनके एवज में पैसे लिए गए। उन्होंने दावा, बागी नेताओं ने जिला प्रमुख को अपने त्यागपत्र सौंप दिए हैं। जब इस संबंध में संपर्क किया गया तब भाजपा के जलपाईगुड़ी जिला अध्यक्ष बापी गोस्वामी ने आरोपों पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कुछ सप्ताह पहले ही अपनी पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने प्रदेश इकाई को सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस को कड़ा मुकाबला देने के लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने की सलाह दी थी। प्रदेश भाजपा प्रवक्त शमिक भट्टाचार्य ने पैसे के एवज में स्थानीय समिति में नए सदस्यों को शामिल करने के आरोप से इनकार किया लेकिन यह जरूर माना कि संगठन में कुछ मतभेद है। उन्होंने कहा, पार्टी मामले पर गौर करेगी एवं शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जलपाईगुड़ी भाजपा का गढ़ है तथा पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में जिले में सात में से चार सीटें जीती थीं। सिंह 22 मई को तृणमूल में लौट गए थे।

# मैं बचपन से ही विद्रोही तेवर वाली हूं : फातिमा सना शेख

**भाषा।** नई दिल्ली



**अभिनेत्री फातिमा** सना शेख का कहना है कि वह बचपन से ही हमेशा अपने मन की करती आईं हैं और उनका मानना है कि जिंदगी एक ऐसा सफर है, जिसमें खुद का ख्याल रखने और इसे खुलकर जीने की जरूरत है। हाल में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई वेब सीरीज मॉडर्न लव मुंबई में अभिनय के लिए सना की काफी सराहना हो रही है। इस सीरीज में सना ने एक ऐसी महिला की भूमिका निभाई है, जिसका पति उसे छोड़ देता है, लेकिन इसके बावजूद वह अपनी जिंदगी को खुलकर जीती है।

फातिमा सना ने पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, "मैं बचपन से ही विद्रोही तेवरों वाली और स्वछंद रही हूं। बेशक, जब आपका कोई रिश्ता टूटता है, तो आपको लगता है कि सब कुछ खत्म हो गया है। लेकिन, एक पल में ही आपको एहसास होता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आपको बस अपना ख्याल रखना है। जिंदगी चलती रहती है और कुछ समय बाद सब ठीक हो जाता है।

चाची 420 और वन टू का फोर जैसी फिल्मों में बाल कलाकार के रूप में काम करने वाली फातिमा सना ने 2016 की फिल्म दंगल में अपने अभिनय का लोहा मनवाया था। सना ने कहा, जब मैं छोटी थी तब मैंने बाइक चलाना सीखा। मैंने वह सब कुछ किया है जो मैं करना चाहती थी और जिसकी समाज में एक तरह से अनुमति नहीं है। जिंदगी में आप हमेशा एक अलग भावनात्मक अवस्था में होते हैं। सना ने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज़ थार में भी काम किया है। सना फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर बनी फिल्म सैम बहादुर में भी नजर आएंगी। वह फिल्म में इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी।

## हंसल मेहता ने सफीना हुसैन से गुपचुप तरीके से रचाई शादी

**मुंबई।** फिल्मकार हंसल मेहता ने बुधवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक निजी समारोह में सफीना हुसैन के साथ शादी कर ली है। सफीना लंबे समय से उनकी साथी रहीं हैं। शाहिद , अलीगढ़ और ओमेर्टा जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले हंसल ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की जानकारी दी। हंसल (54) ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, आखिरकार 17 साल साथ रहने और दो बच्चों के बाद, अपने बेटों को बड़ा होते देख और अपने-अपने सपनों को साकार करने के लिए हमने शादी करने का फैसला किया है। हमेशा की तरह इस बार भी यह फैसला अचानक और अनियोजित लिया गया। फिल्मकार ने सैन फ्रांसिस्को के ताज कैंप्टन प्लेस में आयोजित शादी समारोह की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा कीं। दिवंगत अभिनेता युसुफ हुसैन की बेटी सफीना हुसैन एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

## पुरी धरोहर गलियारे में गड़बड़ी के लिए भाजपा नेता ने एएसआई को जिम्मेदार ठहराया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**पुरी धरोहर** गलियारा परियोजना को लेकर ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है और ऐसे में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय महापात्र ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि इस गड़बड़ी के लिए केंद्रीय एजेंसी जिम्मेदार है। परियोजना संबंधी पूरे मामले की सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से) जांच की मांग करते हुए महापात्र ने मंगलवार को कहा, जब राज्य सरकार ने मठों को गिराया और श्री जगन्नाथ मंदिर जैसे संरक्षित स्मारक से 75 मीटर के भीतर गड्ढों की खुदाई की तो एएसआई बिल्कुल चुप रहा। उन्होंने कहा कि अगर एएसआई ने अपना काम ठीक से किया होता और पहले दिन से ही आपत्ति जताई होती तो यह विवाद नहीं होता। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एएसआई को परियोजना की जांच के लिए एक तकनीकी या विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए था, लेकिन यह अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी एएसआई से सलाह मशविरा करके ऐसी समिति बना सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। महापात्र ने आरोप लगाया कि एएसआई अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में पूरी तरह से विफल रहा, जिसके कारण आज एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उसने अधिकार होने के बावजूद परियोजना को रोकने या उसका निरीक्षण करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इसके अलावा, महापात्र ने कहा कि जब उड़ीसा उच्च न्यायालय ने इस मामले को उठाया तो एएसआई के वकील चुप रहे। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद ही एएसआई ने संयुक्त निरीक्षण में भाग लिया। उन्होंने एएसआई पर कार्य के निष्पादन से पहले उक्त जगह पर प्रभाव मूल्यांकन सर्वेक्षण, जमीनी मूल्यांकन सर्वेक्षण और ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार सर्वेक्षण नहीं करने का आरोप लगाया।

# बाराबंकी में कंटेनर से टकराई बेकाबू कार, चार लोगों की मौत

भाषा। बाराबंकी



**बाराबंकी** जिले के सफदरगंज इलाके में पल्हरी चौराहे के निकट बुधवार को सुबह अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही एक कार की, सामने से आ रहे एक कंटेनर से हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज पांडेय के अनुसार, सफदरगंज थाना क्षेत्र क्षेत्र पल्हरी चौराहे के निकट सुबह करीब आठ बजे अयोध्या से लखनऊजा रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो कर सामने से आ रहे एक कंटेनर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस तथा स्थानीय ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में कार सवार चार व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। वह सभी लखनऊके ठाकुरगंज इलाके के रहने वाले बताए जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर एक मवेशी के आ जाने से कार अनियंत्रित होकर कंटेनर से टकरा गई जिससे हादसा हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

**मजदूरों से भरा लोडर खड़े डंपर से टकरायाअ दो लोगों की मौत, 11 अन्य घायल: जालौन।** जालौन जिले के उरई क्षेत्र में बुधवार को महाराष्ट्र से मजदूरों को लेकर सिद्धार्थनगर जा रहा एक लोडर सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गया। हादसे में लोडर में सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उरई क्षेत्र में निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास महाराष्ट्र से मजदूरों को लेकर सिद्धार्थनगर जा रहे लोडर के चालक को संभवत: झपकी आने के कारण वह अनियंत्रित होकर एक ढाबे के किनारे खड़े डम्पर से जा टकराया। इस हादसे में लोडर में सवार सैरी निसां और लोडर के चालक शकील की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में लोडर सवार 11 अन्य लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में से चार लोगों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

# अदालत ने सिद्धार्थ वरदराजन के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद की

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नई दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान एक युवक की मौत पर समाचार प्रकाशित करने को लेकर द वायर के संपादक सिद्धार्थ वरदराजन और एक रिपोर्टर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी बुधवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार ने सिद्धार्थ वरदराजन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा, चूंकि प्राथमिकी में लगाए गए आरोप, भारतीय दंड संहिता की धारा 153-बी और 505 (2) के तहत अपराधों के कारित होने का खुलासा नहीं करते, इसलिए कानून की नजर में यह टिकाऊनहीं हैं और रद्द किए जाने योग्य हैं। इसलिए प्राथमिकी रद्द की जाती है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र के तीन कृषि कानूनों (जिन्हें अब वापस ले लिया गया है) के खिलाफ आंदोलन के दौरान 26 जनवरी, 2021 को दिल्ली में किसानों का विरोध प्रदर्शन हुआ और आईटीओ के निकट एक दुर्घटना में रामपुर के नवरीत सिंह डिबडिबा को गंभीर चोटें आईं और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस का कहना है कि यह दुर्घटना डिबडिबा का ट्रैक्टर पलटने से हुई, जबकि कुछ चश्मदीद गवाहों का दावा है कि व्यक्ति की मृत्यु गोली लगने से हुई। द वायर ने 30 जनवरी को एक खबर प्रकाशित की जिसका शीर्षक था- पोस्टमार्टम के डाक्टर ने गोली से लगी की चोट देखी, लेकिन वह कुछ नहीं कर सकता क्योंकि उसके हाथ बंधे हैं। यह खबर वरदराजन द्वारा 30 जनवरी, 2021 को प्रकाशित की गई और उसके अगले दिन 31 जनवरी, 2021 को संजू तुरइहा नाम के व्यक्ति की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी में आरोप है कि वरदराजन ने ट्वीट के जरिए लोगों को भड़काने, दंगा फैलान, चिकित्सा अधिकारियों की छवि खराब करने और कानून व्यवस्था गड़बड़ करने की कोशिश की।

## व्यापारी को धमकाने में कथित समाजसेवी गिरफ्तार

**गोंडा।** ।जिले के थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक व्यापारी को डरा धमकाकर जबरन वसूली करने के आरोप में एक कथित समाजसेवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के बड़गांव पुलिस चौकी के सर्कुलर रोड निवासी व्यापारी भगवान दास अग्रवाल ने आठ मई, 2022 को थाने में लिखित तहरीर दी थी कि सुनील त्रिपाठी उन्हें बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार कर रहा है और झूठे गंभीर मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग कर रहा है।

# चाचा ने किया किशोरी से दुष्कर्म, पीटा-घंटों घसीटा

**बांदा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में चचेरी बहन की शादी के दिन खेत में गई किशोरी के साथ रिश्ते के चाचा ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर चाचा ने उसको जबरदस्त तरीके से पीटा और घसीटते हुए मरा समझकर खेत में छोड़कर फरार हो गया। ग्राम कहला कोतवाली नगर क्षेत्र के कहला गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी की चचेरी बहन की 14 मई की रात शादी समारोह से शौच के लिये खेत मे गई उसी समय पीछे.2परिवारिक चाचा ने पीछा करते हुऐआंख में पट्टी बांधकर बलात्कार किया इस से जब मन नही भरा तो मार-मार कर पूरे खेत मे निवस्त्र करके घसीटा लगभग एक किलोमीटर तक इस दबंग की गुंडई के सामने उस पीड़िता की चीखें दब कर रह गयीद्य इस बीच किशोरी ने चीखने का प्रयास किया तो बलात्कारी ने गाला दबा दिया जिस पर पीड़िताबेहोश हो गई पीड़िता देर रात खेत में गंभीर हालात में दर्द से कराहती हुई इससे ग्रामीणों ने पानी के ठेकेदार कर उसका प्राथमिक उपचार किया उसके स्वजन को ग्रामीणों ने घटना की जानकारी दी परिजनों ने अस्पताल में उपचार कराया लेकिन घर में मेहमानों के मौजूद होने से परिजन बदनामी के डर से घटना को दबाए रहेद्य मामला परिवारिक होने से उनके बीच में शादी के बाद समझौते की बात चलती रहीद्य जब बात आपस में नहीं बनी तो परिजन उसे कोतवाली लेकर गए जहां किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने जान से मारने का प्रयास मारपीटएबलात्कार पास्को एक्ट की धाराओं में आरोपित चाचा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कियाद्य अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने अपने बयान में बताया यह घटना सही है अतिशीघ्र बलात्कारी राक्षस पकड़ा जाएगा। पुलिस की कई टीमें लगा दी गई है द्यकहला गांव में बालिका के साथ चाचा ने किया बलात्कार फिर उसका गला दबाने का प्रयास करने लगा अपनी समझ मैं मरा समझकर बलात्कारी राक्षस ने निवस्त्र करके एक किमी खेत और मेड में घसीटाएऔर छोड़ कर भाग गया लड़की की कराह की आवाज सुनने के बाद गांव वाले कपड़ा और पानी डालाद्य और परिजन लड़की को अस्पताल लेकर ट्रामा सेंटर में भर्ती करायाद्य पीड़िता के परिजनों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है क्योंकि बलात्कारी चाचाबहुत दबंग आदमी कई सफेदपोश नेता से उसके संबंध है कहीं दबाव में नाआ जाए और पूरे मामले को झूठा ही साबित कर दें और सच्चाई को न्याय ना मिल पाए पीड़िता स्वयं और उसका परिवार सहमा हुआ है।

## महिला कल्याण अधिकारी ने भटकती महिला को रिश्तेदारों के हवाले किया



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए तमाम अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से प्रोवेशन कार्यालय अंतर्गत संचालित होने वाला महिला शक्ति केंद्रध्सखी वन स्टाप सेंटर हैं। जहां पर घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं लावारिस महिलाओं की देखभाल करना तथा भटकते हुए महिलाओं को उसके परिजनों से मिलवाने का काम करता है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना काफी कारीगर साबित हो रही है और महिलाओं के सुरक्षा में अहमभूमिका निभा रही है। जिसका जीता जागता तस्वीर जनपद की महिला शक्ति केंद्रध्सखी वन स्टाप सेंटर ने चरितार्थ कर दिखाया। मामला बंगाल से भटक कर आई महिला सीमा राजभर उर्फ रतनी देवी पति स्वर्गीय सिंगासन राजभर यह महिला 18 मई को जंगीपुर थाना क्षेत्र में भटक कर चली आई थी। जहा से जंगीपुर पुलिस ने उस महिला से पूछताछ किया लेकिन महिला कुछ नही बता पा रही थी तब जंगीपुर पुलिस ने सखी वन स्टॉप सेंटर में संपर्क किया और महिला को सुपुर्द कर दिया। महिला उस समय काफी परेशान थी उसके साथ दो बच्चे भी थे और यह महिला कुछ भी बताने के स्थिति में नहीं थी। महिला को सखी वन स्टाप सेंटर में प्रवासित किया गया जिसके बाद महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय व अंशु राय के द्वारा उस महिला का काउंसलिंग की जिसमें काफी मशक्कत के बाद महिला ने अपने दीदी के घर का पता बताया। महिला ने अपने दीदी के ससुराल का पता मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के सिलाईच गांव निवासी बताया। इस महिला के रिश्तेदार का सही पता की जानकारी होने के बाद प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार को इसकी जानकारी महिला कल्याण अधिकारी ने दी। जिसके बाद प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने उक्त महिला को उसके परिजनों से संपर्क कर सुपुर्द करने का निर्देश दिया।

## प्रधानमंत्री 31 मई को करेंगे वर्चुअल संवाद



**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई 2022 को हिमाचल प्रदेश के शिमला से राष्ट्रीय स्तर पर लाभार्थी और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे। जिसको लेकर गाजीपुर में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलने वाली योजनाओं को लेकर भी संवाद स्थापित करेंगे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता अपने.अपने केंद्रों पर वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जुड़ेंगी तो वही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलने वाली योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एआयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर भी संवाद करेंगे।जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि 31 मई को प्रधानमंत्री शिमला से वर्चुअल संवाद सुबह 10रू15 से 10.50 तक करेंगे। जिसमें उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से लाभार्थी भी शामिल होंगे। वही गाजीपुर जनपद के सभी 4127 आंगनबाड़ी केंद्रों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभाग के द्वारा दिए गए स्मार्टफोन के माध्यम से वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पोषण अभियान पर चर्चा करेंगे। जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनकर इस अभियान को और कितना बेहतर कर सकें इसके बारे में जान सकेंगे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरगोविंद सिंह ने बताया कि संवाद के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को कैसे संतृप्त किया जाए। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के सहज जीवन पर विचार करना और इन योजनाओं के सुधार पर भी विचार किया जाना है। उच्च लाभ की प्राप्ति के लिए आगे अन्वेषण किया जाना और साल 2047 हेतु नागरिकों की आकांक्षाओं पर चर्चा किया जाना है।

# मुख्तार के एक और करीबी पर शिकंजा

### सवा तीन करोड़ की अचल सम्पत्ति कुर्क, सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सरवां में बैजनाथ यादव के खिलाफ हुई कार्रवाई,अवैध तरीके से अर्जित की गई संपति पर डीएम के निर्देश पर लिया गया एक्शन

संवाददाता। मऊ



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार के आदेश पर आईएस 191 गैंग के लीडर मुख्तार अंसारी के सहयोगी बैजनाथ यादव की सदर तहसील के पास स्थित 3॰15 करोड़ रुपए की अचल सम्पत्ति गैंगेस्टर की धारा 14 ;1द्ध के तहत जब्त कर लिया गया। पूरी कार्रवाई नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार एवं क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा की देखरेख में किया गया। करोड़ों की अचल सम्पत्ति जब्त होने के बाद अफरा.तफरी मचा रहा।बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक सुशील घुले द्वारा 20 मई को आईएस 191 गैंग के लीडर मुख्तार अंसारी के सहयोगी बैजनाथ यादव की सदर तहसील के पास स्थित अचल सम्पत्ति कुर्क करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले द्वारा पत्र प्रेषित किए जाने के बाद 24मई को जिलाधिकारी अरुण कुमार अचल सम्पत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा अचल सम्पत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी होने के बाद बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमारए क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मुख्तार अंसारी गैंग के मुख्य सहयोगी बैजनाथ यादव पुत्र खुद्दी निवासी सरवां थाना सरायलखंसी द्वारा अपराध से अवैध धन से अर्जित ग्राम सरवां स्थित गाटा संख्या 797 रकबा 56 कड़ी गाटा संख्या 1109 रकबा 53 कड़ी तथा गाटा संख्या 1449 रकबा 269 कड़ी कुल तीनों गाटों का योग रकबा 378 कड़ी अर्थात 0॰153 हेक्टेयर तथा बाजार मूल्य 3॰15 करोड़ रुपए की कुर्की के लिए मुनादी कराया गया। मुनादी के उपरांत

3॰15 करोड़ रुपए की अचल सम्पत्ति को कुर्क कर दिया गया। मुख्तार गिरोह पर लगातार हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने बताया कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कुख्यात सभी अपराधियों को चिन्हित करते हुए उनकी अवैध सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई किया जाएगा।

## आम्बेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की

**मेरठ।** मेरठ जिले के हस्तिनापुर क्षेत्र में बुधवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की दो मूर्तियां संदिग्ध परिस्थितियों में टूटी मिलीं। इस घटना को लेकर क्षेत्र के दलित समाज में नाराजगी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हस्तिनापुरगणेशपुर मार्ग पर स्थित एक मूर्ति कला केंद्र के बाहर आम्बेडकर की दो मूर्तियां संदिग्ध परिस्थितियों में टूटी पाई गईं। मूर्ति क्षतिग्रस्त होने पर दलित समाज में रोष फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत किया। केन्द्र संचालक अजित ने बताया कि वह अपनी दुकान पर डॉक्टर भीमराव केन्द्र संचालक अजित ने बताया कि वह अपनी दुकान पर डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की दो मूर्तियां तैयार कर रहा था और हर रोज मूर्तियां दुकान के बाहर ही रखी रहती थीं, जिनपर वह पूरे दिन काम करता था। आज सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो वहां पर रखी दोनों मूर्तियां टूटी पाई गईं। असामाजिक तत्वों ने उन्हें गिरा कर तोड़ा था। हस्तिनापुर के थाना प्रभारी कुंवरपाल सिंह ने मूर्ति के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि तो की है लेकिन उन्होंने इस बात से इंकार किया है कि किसी ने जानबूझ कर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया है। उनका कहना है कि सम्भवत: किसी का धक्का लगने से मूर्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। बहरहाल, पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## पिटाई से क्षुब्ध भाजपा की महिला नेता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की

**शाहजहांपुर।** मेडिकल स्टोर के मालिक और आशा कार्यकर्या द्वारा कथित पिटाई से क्षुब्ध भाजपा की महिला नेता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। मरने से पहले महिला नेता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर आत्महत्या का कारण भी बताया है। पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने प्राप्त शिकायत के हवाले से बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष भाजपा नेता ममता तिवारी मंगलवार रात मेडिकल कॉलेज के सामने एक मेडिकल स्टोर पर गई थी, जहां एक्सपायर दवा को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि विवाद के बाद मेडिकल स्टोर के मालिक रामजी मिश्रा एवं आशा कार्यकर्या अनीता ने उसकी पिटाई कर दी। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद बेइज्जती के चलते ममता तिवारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, उनकी बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला नेता ने मृत्यु से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाला था जिसमें उसने रामजी मिश्रा तथा अनीता पर पिटाई का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी कारण उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**बरेली जिला जेल में कैदी ने की खुदकशी:** बरेली । बरेली जिला जेल में एक सजायाफ्ता कैदी ने बुधवार को कथित रूप से खुदकुशी कर ली। मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने यहां बताया कि पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी अभिषेक (25) का शव जेल में पंखे से गमछे से बनाए गए फंदे से लटकता मिला।

## सुविधायुक्त मुक्तिधाम का लोकार्पण

### रिमोट दबाकर मनोज सिन्हा ने किया अनावरण



**गाजीपुर।** जनपद में मुक्ति धाम के सुन्दरीकरण एवं जिर्णोद्धार के कार्यक्रम मे मै स्वयं उपस्थित रहना चाहता था। लेकिन समय की व्यस्तता और परिस्थितियों कि विवशता के कारण यह संभव नही हो पाया है। यह बात रिलांयस फाउंडेशन के द्वारा 4 करोड़, 10 लाख की लागत से गंगातट पर रजागंज मुहल्ले मे स्थित श्मशानघाट;मुक्ति धामद्ध के नवनिर्माण एवं जिर्णोद्धार सहित सुन्दरीकरण कार्यों के लोकार्पण अवसर पर आज बुधवार को सायंकाल उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कही मनोज सिन्हा ने रिमोट दबाकर मुक्ति धाम का बर्चुवली शिलापट्ट का अनावरण किया।और उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की व्यवस्था मे यज्ञोपवीत सहित विवाह के साथ साथ मृत्यु को भी एक संस्कार कहा गया है।जन्म और मृत्यु को सत्य के रूप मे जाना जाता है।मृतक के अंतिम यात्रा मे शामिल लोगों को सुविधा मिले क्योंकि मुक्तिधाम एक ऐसा स्थल है जहां मनुष्य क्षणभंगुरता और जीवन के सच्चाई के प्रति सोच और गम्भीर होता है।उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम पर गरिमापूर्ण अंत्येष्टि के विचारों के निहितार्थ इस कार्य को पहले ही पुर्ण हो जाना था लेकिन कोरोना काल के कारण लगभग डेढ वर्ष विलम्ब हुआ है।

# मुख्यालय से मिनटों का फासला और बरसों से बिजली के मोहताज

संवाददाता। बांदा





**जनपद** का एक ऐसा ब्लॉक झंडू का पुरवा मे अभी तक बिजली नहीं पहुंची है, जबकि जिला मुख्यालय से यह मात्र 9 किलोमीटर दूर है। इस बारे जब अभियंता ग्रामीण विद्युत वितरण खंड को जानकारी दी गई तो बोले-मामला संज्ञान में नहीं है, जांच करवाता हूं। बड़ोखर बुजुर्ग महुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेरा का मजरा झंडू का पुरवा में करीब 10 परिवार रहते हैं, इसमें लगभग1 सैकड़ा आबादी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 5पीढ़ी से यह परिवार इसी स्थान पर रह रहा है। झंडू के पुरवा के ग्रामीणों का कहना है कि हमारे खेत के ऊपर से हाईटेशन की लाइन गई है लेकिन हमारे गांव को विजली नहीं मिल पा रही है। सौभाग्य योजना के तहत हर मजरे में लाइट है पर यहां आज तक कोई सर्वे करने तक नहीं पहु चा है। लगभग 10 लोगों के परिवार में 100 लोग निवास करते हैं। इन्हें अंधेरे में रात गुजारनी पड़ती है। लालटेन में बच्चे पठाई करते है। जब सपा सरकार थी तब खुरहन पावर हाउस के तत्कालीन अवर अभियंता ने पुरवा में आकर सर्वे किया था आवर अभियंता का कहना है, कि आप लोगों के यहां बिजली नहीं लग सकती हैद्य लगवाना है तो आप लोग ट्रांसफार्मर का पैसा जमा कर दें। यादव बिरादरी का परिवार गरीब है और रोज कमाना रोज खाना वह लाखों रुपए विजली पाने के लिए जमा नही कर सकतेहै। रामकिशोर का कहना है कि हम लोग 2 बीघे जमीन में अपने बच्चों को पाल रहे हैंद्य और पढ़ा रहे हैं ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए रकम नहीं है। बिजली न होने से मोबाइल चार्ज करना आटा पिसाने एटेलपिराने के लिए 400किमी दूर तेरा गांव जाना पड़ता हैद्य रात के समय लालटेन में पढ़ना पड़ता है गर्मी में पंखा नसीब नहीं हैद्य ना कूलर इस बात पर जब अधिशासी अभियंता प्रभुनाथ प्रसाद से बात की गई तो ग्रामीण विद्युत वितरण खंड ने मामला संज्ञान में ना होने की बात कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश कीए लेकिन अवगत कराने पर बोले मैं इस गांव में स्वयं जाकर देखूंगा कि आखिर इतनी बड़ी चूक विभाग से कैसे हो गई क्योंकि यह मुख्यालय से मात्र 9 किलोमीटर दूर हैद्य और जितनी जल्दी हो सके बिजली पहुंचाने की कोशिश करूंगा। पत्रकारों के गांव जाने के बाद जिला कलेक्टर अनुराग पटेल से बात की जिलाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप ग्रामीण विद्युत वितरण खंड से बात की तथा चीफइंजीनियर से भी बात की और आदेशित किया प्रत्येक दशा में अति शीघ्र इस गांव को बिजली से संतृप्त करने का आदेश जारी कर दिया।

## नाबालिग लड़के के जबरन धर्मांतरण के मामले में मौलवी समेत चार लोग गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर जिले के काकादेव क्षेत्र में एक नाबालिग दलित लड़के का जबरन धर्मांतरण और निकाह कराने के आरोप में पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला, उसके माता-पिता और एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर इस कथित निकाह का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने यह कार्वाई की है। इस मामले के विरोध में बजरंग दल ने काकादेव थाने के बाहर धरना प्रदर्शन किया था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने बुधवार को बताया कि एक नाबालिग दलित लड़के का अपहरण कराने के बाद उसका जबरन धर्मांतरण कराकर उसका निकाह कराने के आरोप में मंगलवार को मोहम्मद हनीफ, उसकी बीवी जमीला बानो, बेटी सिमरन और निकाह कराने वाले मौलवी तौहीद को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों के खिलाफ अवैध धर्मांतरण निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में काकादेव के थानाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता और दारोगा शेर सिंह को जांच में लापरवाही के आरोप में मंगलवार रात निलंबित कर दिया गया। मूर्ति ने बताया कि 16 वर्षीय जिस लड़के के साथ ही यह घटना हुई वह पिछले शनिवार को गोरखपुर स्थित अपने घर से भागकर आया था और एक ढाबे में काम करता था।

# पाटीदार के शतक से आरसीबी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराकर किया बाहर

भाषा। कोलकाता




**रजत** पाटीदार के करियर के पहले शतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को 14 रन से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। आरसीबी ने पाटीदार की 54 गेंद में 12 चौकों और सात छक्कों से नाबाद 112 रन की पारी और दिनेश कार्तिक (नाबाद 37) के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 6.5 ओवर में 92 रन की अटूट साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए। पाटीदार ने विराट कोहली (25) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े।

पाटीदार और कार्तिक ने डेथ ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी की जिससे आरसीबी की टीम अंतिम पांच ओवर में 84 रन बटोरने में सफल रही। पाटीदार मौजूदा सत्र में शतक जड़ने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। सुपर जाइंट्स की टीम इसके जवाब में कप्तान लोकेश राहुल (79) के अर्धशतक और दीपक हुड्डा (45) के साथ तीसरे विकेट की उनकी 96 रन की साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 193 रन ही बना सकी। आरसीबी की ओर से जोश हेजलवुड ने 44 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हर्षल पटेल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर एक विकेट चटकाया। आरसीबी की टीम अब शुक्रवार को क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी और इस मैच की विजेता टीम का सामना रविवार को फाइनल में गुजरात टाइटंस से होगा। बारिश के कारण एलिमिनेटर लगभग 40 मिनट की देरी से शुरू हुआ लेकिन ओवरों में कोई कटौती नहीं की गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्विंटन डिकॉक (06) ने मोहम्मद सिराज पर छक्के से खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी को कैच दे बैठे। कार्तिक ने शाहबाज अहमद की गेंद पर मनन वोहरा (19) को स्टंप करने का मौका गंवा दिया जिसका फायदा उठाकर उन्होंने अगली गेंद पर छक्का जड़ दिया। वोहरा ने अगले ओवर में जोश हेजलवुड की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर शाहबाज को कैच दे बैठे। कप्तान लोकेश राहुल ने छठे ओवर में सिराज पर दो छक्कों और एक चौके के साथ अपना बाउंड्री का खाता खोला जिससे टीम ने पावर प्ले में दो विकेट पर 62 रन बनाए। दीपक हुड्डा ने हेजलवुड पर चौके से खाता खोला और फिर शाहबाज पर छक्का जड़ा। उन्होंने कप्तान के साथ मिलकर 10 ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 89 रन तक पहुंचाया। वानिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की। राहुल और हुड्डा ने 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। राहुल ने हेजलवुड पर छक्के के साथ 43 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हुड्डा ने भी इस ओवर में छक्का और फिर हसरंगा पर दो छक्के के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया लेकिन इस लेग स्पिनर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। हुड्डा ने 26 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और एक चौका मारा। मार्कस स्टोइनिस ने हसरंगा पर छक्के से खाता खोला जिससे 15वें ओवर में 18 रन बने। सुपर जाइंट्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 65 रन की जरूरत थी। राहुल ने सिराज और हसरंगा पर छक्कों के साथ रन और गेंद के बीच के अंतर को कम किया। हर्षल ने 18वें ओवर में वाइड के छह रन देने के बाद स्टोइनिस (09) को बाउंड्री पर पाटीदार के हाथों कैच कराया। इस ओवर में आठ रन बने। सुपर जाइंट्स को अंतिम दो ओवर में 33 रन की जरूरत थी। हेजलवुड ने इसके बाद राहुल को शॉर्ट थर्ड मैन पर शाहबाज के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को बड़ा झटका दिया। अगली गेंद पर कृणाल पंड्या (00) भी हेजलवुड को वापस कैच दे बैठे। इस ओवर में नौ रन बने।

## मेरा नाम हमेशा बिकता है, मुझे कोई दिक्कत नहीं है: हार्दिक पंड्या

**कोलकाता।** हार्दिक पंड्या ने अपने संक्षिप्त अंतरराष्ट्रीय कैरियर में उतार चढाव, चोट, सर्जरी, विवाद सब कुछ देख लिया लेकिन उनका कहना है कि हर बात का सामना उन्होंने मुस्कुराकर किया। इन सभी चीजों को पीछे छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के पहले सत्र में न सिर्फ वह बतौर हरफनमौला चमके बल्कि एक अच्छे कप्तान के रूप में भी उभरे और टीम को फाइनल में ले आए हैं। राजस्थान रॉयल्स को पहले क्वालीफायर में सात विकेट से हराने के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, लोग तो बातें करेंगे ही। यह उनका काम है। मैं कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हार्दिक पंड्या का नाम हमेशा बिकता है और मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। मैं मुस्कुराकर इसका सामना करता हूं। मुंबई इंडियंस के साथ मिली सफलता के बाद 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पंड्या से काफी उम्मीदें थी और उनकी तुलना विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव से की जाने लगी। फिर 2019 में कॉफी विद करण में महिलाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। बाद में उन्होंने बीसीसीआई की जांच समिति से माफी मांग ली थी। भारत के लिए आखिरी मैच वह आठ नवंबर को दुबई में टी20 विश्व कप में नामीबिया के खिलाफ खेले थे।

# कोहली, रोहित और अश्विन आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में बरकरार


विराट कोहली


रोहित शर्मा


रविचंद्रन अश्विन

भाषा। दुबई

**बांग्लादेश** के लिटन दास और श्रीलंका के अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज को दोनों टीमों के बीच ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम पुरुष टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है जबकि शीर्ष 10 खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बल्लेबाजों की सूची में मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली क्रमश: आठवें और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी सूची में पैट कमिंस (901 अंक) ने दूसरे स्थान पर मौजूद रविचंद्रन अश्विन पर 51 अंक की बढ़त बना रखी है जबकि भारत के ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीसरे स्थान पर हैं। भारत के रविंद्र जडेजा आलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं। पिछली और मौजूदा रैंकिंग के दौरान सिर्फ श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला का मुकाबला हुआ इसलिए सिर्फ इन दो देशों के खिलाड़ियों ने अंक हासिल किए। पहले टेस्ट में बांग्लादेश की एकमात्र पारी में 88 रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास तीन स्थान के फायदे के 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस मुकाबले में मैन आफ द मैच रहे मैथ्यूज पहली पारी में 199 रन बनाकर पांच स्थान के फायदे से 21वें पायदान पर हैं रैंकिंग के सप्ताहिक अपडेट में पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम और तमीम इकबाल को भी फायदा हुआ है। मुशफिकुर 105 रन की पारी की मदद से चार स्थान आगे बढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तमीम छह स्थान के फायदे से 27वें पायदान पर हैं। तमीम ने 133 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजों की रैंकिंग में बांग्लादेश के आलराउंडर शाकिब अल हसन एक स्थान आगे बढ़कर 29वें पायदान पर हैं। शाकिब ने पहले टेस्ट में चार विकेट चटकाए। आफ स्पिनर नईम हसन पहली पारी में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 105 रन पर छह विकेट चटकाने के बाद नौ स्थान के फायदे से 53वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के तेज गेंदबाज कासुन रजीता 75वें से 61वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने चार विकेट चटकाए थे। असित फर्नांडो भी शीर्ष 100 में शामिल हो गए हैं।

## क्विक न्यूज

### अजारेंका तीसरे दौर में, राडूकानू हारीं

**पेरिस।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका ने बुधवार को यहां आंद्रिया पेतकोविच को 6-1, 7-6 से हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर मे प्रवेश किया। बेलारूस की 15वी वरीय अजारेंका ने मुकाबले के दौरान 13 सहज गलतियां की जबकि प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी 42 सहज गलतियां कर बैठी। अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू दूसरे दौर मे बेलारूस की एलियाकसांद्रोवा सासनोविच से हारकर बाहर हो गई। सासनोविच ने 19 वर्षीय राडूकानू पर 3-6, 6-1, 6-1 से जीत दर्ज की। अजारेंका ने दो बार आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता है जबकि एक बार रोलां गैरां मे सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

### कोविड पॉजिटिव होने के कारण बोजकोवा फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।** चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मुकाबले से पहले बाहर हो गई। बोजकोवा पहली एकल खिलाड़ी है जो कोरोना वायरस के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर हुई है। बोजकोवा को 31वी वरीय एलिस मर्टेन्स से भिड़ना था जिन्होंने तीसरे दौर मे जगह बनाई। तेईस साल की बोजकोवा कभी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर से आगे नही बढ़ पाई। उन्हें 13 बार मे से 10 बार पहले दौर मे ही हार का सामना करना पड़ा।

### चेसेबल मास्टर्स: प्रज्ञानानंदा ने अनीश गिरी को हराया, फाइनल में लिरेन से सामना

**चेन्नई।** युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल मे पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को बुधवार को 3.5-2.5 से हराया। चार गेम का आनलाइन सेमीफाइनल मैच 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने टाइब्रेकर मे डच धुरंधर को मात दी। गिरी की यह टूर्नामेंट मे पहली हार थी। अब उनका सामना चीन के डिंग लिरेन से होगा जो दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी है। लिरेन ने दूसरे सेमीफाइनल मे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को 2.5-1.5 से हराया। सेमीफाइनल मे प्रज्ञानानंदा पहला गेम हार गए लेकिन दूसरे मे वापसी की।

### डायमंड लीग से पहले फिनलैंड में ट्रेनिंग करेंगे नीरज : साइ

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदकधारी भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा तुर्की से अपना ट्रेनिंग बेस (अभ्यास की जगह) फिनलैंड मे करेंगे जो पावो नुर्मी खेलों की मेजबानी करेगा जिसमे वह 14 जून को जोहानेस वेटर के सामने होंगे। नीरज अभी तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना मे ट्रेनिंग कर रहे है। 24 साल का यह भारतीय एथलीट 22 जून तक फिनलैंड के कुओरताने ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर मे अभ्यास के लिए गुरुवार को रवाना होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कहा कि चार हफ्ते के ट्रेनिंग सत्र को सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) द्वारा मंजूरी दी गई है और इससे खेल मंत्रालय का करीब 9.8 लाख रुपए का खर्चा होगा।

# गत चैम्पियन जोकोविच तीसरे दौर में

एपी। पेरिस



**गत** चैम्पियन नोवाक जाकोविच ने बुधवार को यहां आसान जीत से फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरूष एकल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सर्बिया के शीर्ष वरीय जोकोविच ने एलेक्स मोलकान को 6-2, 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।

वहीं जर्मनी के तीसरे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोलां गैरां में पदार्पण कर रहे अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज को 2-6, 4-6, 6-1, 6-2, 7-5 से हराया। महिलाओं के वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गईं। वह पिछले साल यहां सेमीफाइनल तक पहुंची थीं। सकारी को चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा ने 7-6, 7-6 से पराजित किया जिससे शीर्ष चार वरीय महिलाओं में से दो खिलाड़ी शुरूआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। 81वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मुचोवा ने 2021 आस्ट्रेलियन ओपन में तब की नंबर एक खिलाड़ी एश बार्टी को हराया था। दूसरी वरीयता प्राप्त और गत चैम्पियन बारबोरा क्रेजसिकोवा सोमवार को बाहर हो गई थीं। अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ ने बेल्जियम की एलिसन वान उयतवांक को 6-1, 7-6 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। गॉफ पिछले साल यहां क्वार्टरफाइनल में पहुंची थीं जो उनका मेजर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ नतीजा भी है। दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका ने दूसरे दौर में आंद्रिया पेतकोविच को 6-1, 7-6 से हराया। बेलारूस की 15वीं वरीय अजारेंका ने मुकाबले के दौरान 13 सहज गलतियां कीं जबकि प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी 42 सहज गलतियां कर बैठीं। अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू दूसरे दौर में बेलारूस की एलियाकसांद्रोवा सासनोविच से हारकर बाहर हो गईं। सासनोविच ने 19 वर्षीय राडूकानू पर 3-6, 6-1, 6-1 से जीत दर्ज की। अजारेंका ने दो बार आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता है जबकि एक बार रोलां गैरां में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं। मारी बोजकोवा कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर के मैच से पहले बाहर हो गईं जिससे उनकी प्रतिद्वंद्वी एलिसे मर्टन्स तीसरे दौर में पहुंच गईं।

## भारत अंडर-17 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करेगा: अदिति

**कोलकाता।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार गोलकीपर अदिति चौहान को लगता है कि देश में 2019 के बाद से सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता की अनुपस्थिति के बावजूद आगामी विश्व कप के लिए अंडर-17 टीम की तैयारियों में कोई कमी नहीं हुई है। भारत ने अपनी अंतिम अंडर-17 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अप्रैल 2019 में कराई थी लेकिन इसके बाद कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण सारी योजनाएं विफल हो गई थीं। लेकिन अदिति को लगता है कि भारतीय टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और अंडर-17 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक होगी। अदिति ने भुवनेश्वर से पीटीआई से कहा, यह ग्रुप पिछले कुछ समय से इसकी तैयारियों में जुटा है। उन्होंने कहा, उन्हें नियमित मैच समय मिल रहा है और अभ्यास भी नियमित रूप से हो रहा है, उम्मीद करते हैं कि उन्हें विश्व कप से पहले और अधिक मैत्री मैच खेलने को मिलेंगे। अदिति ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि खिलाड़ी विश्व कप में घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करेंगी। भारतीय अंडर-17 कोच थॉमस डेनेरबी ने पहले ही 33 संभावित खिलाड़ियों को चुन चुके हैं जो इस समय जमशेदपुर में ट्रेनिंग में जुटी हैं।


ए.लीग ऑल स्टार्स के रेनो पिस्कोपो ने सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के स्टेडियम में अपने दोस्ताना फुटबॉल मैच के दौरान एफसी बार्सिलोना के खिलाफअपनी टीम का पहला गोल किया

# भारत की नजरें इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत पर

भाषा। जकार्ता

**● जापान की जीत की भी दुआ करनी होगी**

**गत चैम्पियन** भारत को एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया को बड़े अंतर से हराने के साथ पूल ए के दूसरे मैच में जापान की पाकिस्तान पर जीत की दुआ भी करनी होगी। भारत का काम अब सिर्फ अपना मैच जीतने से नहीं चलेगा। इसके लिए जापान और पाकिस्तान के मैच के नतीजे का भी उसे इंतजार करना होगा। भारत पूल ए में जापान (छह अंक) और पाकिस्तान (चार अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है।

सरदार सिंह के मार्गदर्शन में भारत ने टूर्नामेंट में युवा टीम उतारी है जिसमें बीरेंद्र लाकड़ा और एस वी सुनील जैसे दो दिग्गज संन्यास का फैसला वापिस लेकर लौटे थे। दोनों मैचों में हालांकि ए दोनों खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए। भारत ने पहले मैच में आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद जापान ने भारत को 5-2 से हराया। अब भारत के सामने इंडोनेशिया को बड़े अंतर से हराने की चुनौती है। इसके साथ ही दूसरे मैच में जापान की पाकिस्तान पर जीत भी जरूरी है। भारत का गोल औसत माइनस तीन है जबकि पाकिस्तान का प्लस 13 है। पाकिस्तान अगर जापान से हार जाता है और भारत गोल औसत के अंतर को खत्म करके इंडोनेशिया को हराता है तो ही सुपर चार में उसे जगह मिलेगी।

भारतीय युवा खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन का कारण अनुभवहीनता रही। अंतरराष्ट्रीय हॉकी के दबाव को ए खिलाड़ी झेल नहीं पाए। दो मैचों में भारत तीनों विभागों रक्षण, मिडफील्ड और आक्रमण में जूझता नजर आया। भारत के पास मिडफील्ड में सरदार या मनप्रीत सिंह जैसा प्लेमेकर नहीं है। लाकड़ा डिफेंस में लय के लिए जूझते रहे और निर्णायक क्षणों में भारतीय डिफेंस चरमरा गया। फॉरवर्ड पंक्ति में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य रहे सिमरनजीत सिंह और युवा उत्तम सिंह कुछ नहीं कर सके। पवन राजभर ने जरूर प्रभावित किया। भारत का पेनल्टी कॉर्नर भी खराब रहा क्योंकि रूपिंदर पाल सिंह के कलाई की चोट के कारण ऐन मौके पर हटने के बाद कोई स्तरीय ड्रैग फ्लिकर टीम के पास नहीं था।

## ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम ओडिशा में शुरू

**भुवनेश्वर (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारत में पहला ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) ओडिशा में शुरू किया, जिसमें ओलंपिक से जुड़े पाठ्यक्रम को स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल किया गया है ताकि बच्चे सक्रिय, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा शुरू किया गया। अपने पहले वर्ष में कार्यक्रम का लक्ष्य भुवनेश्वर और राउरकेला शहरों के 90 स्कूलों में नामांकित 32,000 बच्चों तक पहुंचना है। इसके बाद इसका प्रसार राज्य के लगभग 70 लाख स्कूली बच्चों तक होगा। पटनायक ने वर्चुअल कार्यक्रम में कहा , देश में ओलंपिक आंदोलन में यह नई शुरूआत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूली बच्चों के समग्र विकास में यह साझेदारी अहम योगदान देगी।


कोलंबिया के सैंटियागो बुइट्रागो ने 4 घंटे 27.41 मिनट में फिनिश लाइन को पार करते हुए उत्तरी इटली में पोंटे डि लेग्नो से लावारोन तक साइकिलिंग गिरो डीइटालिया के 165 किलोमीटर 17 वें चरण को जीता

## गोकुलम केरला और सेतु एफसी के बीच मुकाबले से होगा आईडब्ल्यूएफ विजेता का फैसला

**भुवनेश्वर (भाषा)।** गोकुलम केरला गुरूवार को कलिंग स्टेडियम में सेतु एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में लगातार दूसरा इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) खिताब जीतने की कोशिश करेगा जो वर्चुअल फाइनल की तरह होगा। गुरुवार को मिली जीत से गोकुलम केरला इतिहास में भारत का एकमात्र ऐसा क्लब बन जाएगा जिसकी पुरूष और महिला टीमों ने लगातार दो दो राष्ट्रीय लीग खिताब जीते हों। साथ ही गोकुलम केरला एक ही सत्र में आई लीग और आईडब्ल्यूएल खिताब जीतने वाला भारत का एकमात्र क्लब भी बन जाएगा। इस महीने के शुरू में गोकुलम केरला की पुरूष टीम ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 2021-22 सत्र के अंतिम लीग मैच में 2-1 से हराकर लगातार दूसरा आई लीग खिताब जीता था।

गोकुलम केरला ने 2019-20 सत्र में आईडब्ल्यूएल खिताब जीता था जबकि 2020-21 में कोविड-19 महामारी के कारण टूर्नामेंट रद्द हो गया था। उन्होंने पिछले साल एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया था और तीसरे स्थान पर रहा था।

### आईडब्ल्यूएल: हंस वुमैन ने ओडिशा पुलिस को हराया

**भुवनेश्वर।** हंस वुमैन ने शानदार वापसी करते हुए इंडियन वुमैन लीग फुटबॉल के आखिरी लीग मैच में ओडिशा पुलिस को 3-2 से हरा दिया। हंस वुमैन के लिए चौथे मिनट में वाणी कालूचा ने गोल दागा। ओडिशा पुलिस के लिए शिवानी मुंदरी ने बराबरी का गोल किया। ओडिशा की टीम ने 69वें मिनट में सरोजिनी टिर्की के गोल के दम पर बढत बना ली। इसके बाद दिल्ली की हंस टीम के लिए 89वें मिनट में ज्योति अन बुरेट ने बराबरी का गोल किया। बुरेट ने तीन मिनट बाद एक और गोल करके टीम को जीत दिलाई।

# आईओए अध्यक्ष पद से हटाए गए बत्रा

भाषा। नई दिल्ली

**● अदालत के हॉकी इंडिया पद को अवैध घोषित करने के बाद उठाया गया कदम**

**दिल्ली** उच्च न्यायालय के हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्य पद को अवैध घोषित किए जाने के बाद अनुभवी खेल प्रशासक नरिंदर बत्रा को बुधवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पद से हटा दिया गया जबकि इसके आधार पर ही उन्होंने 2017 में शीर्ष संस्था का चुनाव लड़ा और जीता था। आईओए के सीनियर उपाध्यक्ष अनिल खन्ना को कार्यवाहक प्रमुख बनाया गया है।

बत्रा ने आईओए पद का अपना नामांकन हॉकी इंडिया के (आजीवन सदस्य) प्रतिनिधि के तौर पर ही भरा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उनके आजीवन सदस्य और आजीवन अध्यक्ष पद को अवैध घोषित किया क्योंकि यह राष्ट्रीय खेल संहिता के अंतर्गत नहीं था और हॉकी इंडिया के रोजर्मा के कामकाज की देखरेख के लिए तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति (आईओए) नियुक्त की। पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी और 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य असलम शेर खान की बत्रा की हॉकी इंडिया के आजीवन सदस्य के तौर पर नियुक्ति पर चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति नजमी वजीरी और न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने अपने आदेश में कहा, प्रतिवादी नंबर दो (हॉकी इंडिया) का प्रशासनिक ढांचा,



आजीवन अध्यक्ष और आजीवन सदस्यों के कारण गलत और अवैध ढंग से गठित है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ऐसे राष्ट्रीय खेल महासंघ को मान्यता नहीं दे सकती जिसका संविधान खेल संहिता के अंतर्गत नहीं हो। राष्ट्रीय खेल महासंघ में आजीवन अध्यक्ष, आजीवन सदस्य के पद अवैध हैं और साथ ही प्रबंधन समिति में सीईओ का पद भी। इन पद को हटाया जाता है। उच्च न्यायालय के फैसले के कुछ घंटे बाद आईओए ने एक बयान जारी कर कहा कि खन्ना अब संस्था के कार्यवाहक प्रमुख होंगे। बयान के अनुसार, इस फैसले के अनुसार बत्रा को आईओए अध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया है। बत्रा को हटाने से आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना होंगे जो आईओए के सीनियर उपाध्यक्ष भी हैं। उच्च न्यायालय ने बत्रा को अवैध पद से फायदा उठाने की कोशिश करने के लिए फटकार भी लगाई।बत्रा अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष भी हैं। वह 2016 में विश्व हॉकी संस्था के अध्यक्ष बने थे और पिछले साल दूसरे कार्यकाल में फिर इस पद पर काबिज हुए थे। उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा, अगर बत्रा को फायदा हुआ तो इस फायदे या पद को तुरंत खत्म कर देना चाहिए। अब मामला सीओए और भारत सरकार देखेगी।

# राशन कार्ड की जांच से भड़के कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। फतेहपुर



**राशनकार्ड की** जांच के नाम पर प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों का राशनकार्ड छीनने के विरोध में जिलाधिकारी के समक्ष कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से कलेक्ट्रेट विरोध प्रदर्शन को निकले कांग्रेसियों का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि भारी मंदी के समय लोग मंहगाई और गरीबी का दंश झेल रहे हैं। तमाम लोग गरीबी रेखा के नीचे जा पहुंचे हैं ऐसे में सरकार के तुगलकी फरमान से गरीबों का उपहास भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। राशनकार्ड जमा करने व रिकवरी के फरमान से गरीबों में डर व संशय पैदा हो गया है। सरकार को ऐसे किसी निर्णय को वापस लेकर तत्काल स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि राशनकार्ड की पात्रता का दायरा बढ़ाकर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जाए न कि घटाई जाए। प्रर्दशन में फूलसिंह यादव, मोहसिन खान, अमरनाथ कैथल, संतोष कुमारी शुक्ला, हेमलता पटेल,पंकज गौतम, वीरेंद्र सिंह चौहान, शिवाकांत तिवारी,विनय तिवारी, चंद्रप्रकाश लोधी, ओमप्रकाश गिहार, वीरेंद्र गुप्ता, विनीत मौर्य, राजन तिवारी, दिनेश शुक्ला आदि रहे।

# परौंख गांव में चल रहे विकास कार्यों को अधिकारी शीघ्र कराएं पूर्ण: जिलाधिकारी



संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी नेहा** जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री के दिनांक 3 जून 2022 को कानपुर देहात जनपद के डेरापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परौंख मे संभावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ तैयारियों के संबंध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीए जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं उनका तत्परता एवं लगन के साथ कार्य करेंए परौंख गांव में जो विकास कार्य कराए जा रहे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करें गांव में साफ सफाई नालियां शौचालय पेयजल विद्युत इत्यादि के संपूर्ण कार्य सुनिश्चित कराऐ। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेयए अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व जेपी गुप्ता उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव आदि जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# प्रवीण कुमार बने रूरा के नये थानेदार

संवाददाता। कानपुर देहात

**मानरीटिंग व** पास्को सेल के प्रभारी निरीक्षक के तौर पर तैनात प्रवीण कुमार यादव रूरा थाना के नये प्रभारी निरीक्षक तैनात किये गये है। वहीं अब तक तैनात रहे अखिलेश कुमार जायसवाल को अदला बदली के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मानरीटिंग व पास्को सेल का प्रभारी बनाया गया है।विवेचनाओं में लेटलतीफी व लापरवाही की गाज आखिरकार रूरा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार जायसवाल पर गिर ही गयी। रूरा थाना क्षेत्र में सॅगीन धाराओं में दर्ज मुकदमों में आरोपियों की गिरफ्तारी न करने, व दर्ज मुकदमों में एक वर्ष तक चार्जशीट न लगने की शिकायत अर्से से पीडित कर रहे थे, पीडित पुलिस पर आरोपियों से मिलीभिगत का आरोप भी लगा रहे थे, हलॉकि स्थानान्तरित हुये थानाध्यक्ष ने कुछ दिन पूर्व ही थाने का चार्ज सॅभाला था, मामले के विवेचक लम्बे समय से थाने में तैनात है, विवेचक की लापरवाही का खामियाजा निर्वतमान थानाध्यक्ष को उठाना पडा है, नवॉगुतक थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के पास लम्बित विवेचनाओं को समयबद्ध तरीके से निपटाने की चुनौती होगी।

## बनीपारा गॉव में दो पक्षों के बीच हुआ हिंसक संघर्ष

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के बनीपारा गॉव में दो पक्षों के बीच मॅगलवार की रात्रि हिंसक संघर्ष हो गया है, दोनों पक्षों ने थाने पर एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत की है। हिंसक घटना में घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजने के साथ पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

एक पक्ष के धीरेन्द्र सिंह उर्फ गोरे सिंह ने बताया कि बीती मॅगलवार की देर रात्रि कुलभूषण उर्फ कैलाश उर्फ पोले, सत्येन्द्र सिंह पुत्र बादल सिंह, घनश्याम सिंह पुत्र बादल सिंह, जितेन्द्र पुत्र बादल सिंह, नीरज पुत्र जुडावन सिंह, दीपक पुत्र सत्येन्द्र, लाला पुत्र सत्येन्द्र, रोशनी पुत्री सत्येन्द्र, माया पत्नी जुडावन, राजा पुत्र घनश्याम व दो अज्ञात लोग निवासीगण ग्राम बनीपारा महाराज ने जानलेवा हमला कर मुझे व मेरे आधा दर्जन से अधिक पारिवारीजनों पर हमला कर गॅभीर रूप से घायल कर दिया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी आधा दर्जन लोगों के खिलाफ शिकायत की है। नवॉगुतक थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्रीय विधायक ने मंत्रियों से मुलाकात कर विकास से सम्बन्धित पत्र सौंपे

## साड़ी व्यापारी की हत्या में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** साड़ी व्यापारी मोहम्मद शाफैज की हत्या में फरार चल रहे तीसरे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मृतक की बैंक पास बुक बरामद कर ली गई। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर आरोपित को जेल भेज दिया गया।

फतेहगढ़ के मोहल्ला मछली टोला साड़ी व्यापारी मोहम्मद शाफैज का तीन अप्रैल को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। उसका शव पांच अप्रैल को राजेपुर थाना क्षेत्र में मिला था। इस मामले में पुलिस जनपद मैनपुरी के गीतापुरम कालोनी निवासी हाकिम सिंह यादवए करहल रोड आधार धर्मशाला गाड़ीवान निवासी सराफा व्यापारी दीपक वर्मा को जेल भेजा था। अब पुलिस ने सिंहपुर कडेराहार निवासी रामविलास यादव को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर आरोपित को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि सराफा व्यापारी दीपक वर्मा की बहन से शाफैज का प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## भाजपा नेता की पिटाई करने वाले इंस्पेक्टर को मिल गया मलाईदार थाने का चार्ज

**फतेहपुर।** थाने में भाजपा नेता के साथ पिटाई करने वाले इस्पेक्टर को एक बार फिर से मलाईदार थाने का चार्ज दे दिया गया जिससे भाजपा नेताओं में खलबली मच गई। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जब इस मामले को संज्ञान में लिया था तब जाकर कार्रवाई हुई थी। साथ ही समाचार पत्रों में खबरें भी भाजपा नेता के साथ मारपीट के मामले की प्रकाशित हुई थी। बता दें कि पिछले दिनों सुल्तानपुर घोष के थानाध्यक्ष जयचंद भारती थे। इसी थाना क्षेत्र के अफाई गांव की प्रधान माधुरी सिंह के पति सन्तोष सिंह भाजपा अल्लीपुर मंडल के उपाध्यक्ष और गांव में हुई एक पंचायत के मामले पर थाने में पीड़ित का पक्ष रखने के लिए गए हुए थे। तभी थानेदार जयचंद भारती ने उनके साथ मारपीट की और गाली गलौज भी किया था। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जनप्रतिनिधि संतोष सिंह के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर प्रधान माधुरी सिंह ने अपने पति के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की थी और उसके बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया था जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जयचंद भारती को तत्काल प्रभाव से थाने से हटा दिया था और उसके बाद उन्हें न्यायालय सुरक्षा की ड्यूटी में तैनात कर दिया गया था। इस पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई। फिलहाल जांच ठंडे बस्ते में चली गई लेकिन भाजपा नेता की पिटाई करने वाले इंस्पेक्टर को मलाईदार थाने का चार्ज मिल गया जिससे अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि इससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में निराशा बनी हुई है और उन्होंने इस मामले को हाईकमान से भी अवगत कराए जाने का निर्णय ले लिया है। पूरे जिले में भाजपा नेता की पिटाई करने वाले थानेदार को मलाईदार थाना मिल जाने से तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। फिलहाल जयचंद भारती अब हाईवे के औग थाने के थानेदार बनाए गए हैं।

## दूसरी पत्नी की शिकायत पर डीएम ने निलंबित शिक्षक के खिलाफ बैठाई जांच

**फर्रुखाबाद।** ब्लाक बढ़पुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कलौली महबुल्लापुर के सहायक अध्यापक को दूसरी पत्नी की शिकायत पर निलंबित किया गया था। इस मामले में वह जेल भी गए थे। पीड़िता ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए सहायक अध्यापक को नियमानुसार बर्खास्त किए जाने की मांग की है। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को मामले की जांच कर 15 दिन में आख्या देने के आदेश दिए हैं।

थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी अजिता ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय कलौली महबुल्लापुर में तैनात शिक्षक सत्यवीर ने अपनी पहली शादी छिपाते हुए उससे दूसरी शादी जुलाई 2009 में की थी। चार माह बाद जब उसे दूसरी शादी की जानकारी हुई तो उसने विरोध किया। इस पर सत्यवीर उसके साथ मारपीट करने लगा। इस पर उसने सत्यवीर के खिलाफमेरापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में सत्यवीर सितंबर 2021 में जेल भी गया था। 24 सितंबर 2021 को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सत्यवीर को निलंबित कर दिया था। अजिता शाक्य ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ;बेसिकद्ध कानपुर मंडल कानपुर को पत्र भेजकर सत्यवीर को बर्खास्त किए जाने की मांग की थी। एडी बेसिक के निर्देश के बावजूद जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सत्यवीर को बचाते हुए बर्खास्तगी की कार्रवाई नहीं की। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र भेजकर मामले की जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। बीएसए लालजी यादव ने बताया कि जेल जाने के चलते शिक्षक सत्यवीर को निलंबित किया जा चुका है। डीएम का पत्र मिला है। जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराई जाएगी।

## झोलाछाप चिकित्सकों में छापामार कार्रवाई से मच गया हड़कम्प

**फर्रुखाबाद ।** तहसील अमृतपुर के कस्बा अमृतपुर में बासी अड्डा हनुमान मंदिर के पास संजय बंगाली राजपूत अपनी दुकान पर अवैध रूप से जनता का इलाज कर रहे थे सोशल मीडिया पर झोलाछाप डॉक्टरों की कार्य शैली पर खबरें प्रकाशित की गई । जिस के संबंध में आज एसडीएम अमृतपुर पदम सिंह की देखरेख में राजेपुर चिकित्सा प्रभारी प्रमित राजपूत पिथनापुर चिकित्सा प्रभारी सुधीर सिंह पुलिस बल के साथ बंगाली दवाखाना बासी अड्डा पहुंचे अधिकारियों व पुलिस को आता देख झोलाछाप चिकित्सक मौके से भाग निकला। 3 मरीज मौके पर मिले जिनके बोतल चल रही थी। इलाज चल रहा था पीछे लगभग एक लाख की कीमती दवाइयां भरी पाई गई चिकित्सा प्रभारी प्रमित राजपूत ने फोन पर संपर्क करना चाहा तो फोन बंद मिला जिस पर एसडीएम पदम सिंह ने ताला लगाकर दुकान को सील कर दिया। जैसे ही यह खबर अन्य झोलाछाप चिकित्सकों को लगी तो अपनी अपनी दुकानें बंद कर भाग गए।

## अतिक्रमण अभियान में प्रभावशाली लोगों को मोहलत के नाम पर मिल गई छूट

संवाददता। फर्रुखाबाद

**पिछले सप्ताह** रखा और बनखड़िया के पास जिन दुकानों और कोल्ड स्टोरेज को बंजर की जमीन पर बनी होनी बताई जा रही थीं उनको तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। इस अल्टीमेटम के एक सप्ताह बीत गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी तरह से बढ़पुर में कुछ इमारतों को अल्टीमेटम दिया गया थाए उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद जिला प्रशासन पर लोगों ने उंगली उठाना शुरू कर दिया है।

पिछले सप्ताह काश्तकार कोल्ड स्टोरेज और उसके बाहर बनीं दुकानों को अवैध बताते हुए हटाने के लिए प्रशासन का लाव.लश्कर पहुंचा था। कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्रीवाल तोड़ी भी गई थीए लेकिन दुकानों और कोल्ड स्टोरेज को नहीं तोड़ा गया था। जबकि सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने कहा था कि उक्त निर्माण बंजर की जमीन पर है। कोल्ड स्टोरेज स्वामी ने अभिलेख दिखाने की मोहलत मांगी थी। उसका एक सप्ताह बीत गया है। उधर शीतगृह स्वामी ने उसी जमीन पर फिर से चहारदीवारी बनवानी शुरू कर दी है। इसके अलावा बढ़पुर में कुछ भवनों को मोहलत दी गई थी। उसके बावजूद वह तुड़वाए नहीं गए हैं। जिन लोगों का अवैध निर्माण तोड़ा गया था वह मलवा भी नहीं हटाया गया है और लोगों ने फिर से वहीं पर निर्माण शुरू करवा दिया गया है।

### प्रशासन के खौफ से खुद तोड़ रहे मकान

**जयनरायन वर्मा** रोड पर जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण का चिह्नांकन किया गया था। इसमें कई मकान अतिक्रमण की जद में आ गए। प्रशासन ने जहां पर चूना डाला था वहां कई लोगों ने स्वयं ही अपना मकान तोड़ना शुरू कर दिया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि काश्तकार कोल्ड स्टोरेज और दुकानों के मामले में बंजर जमीन की तहसील से रिपोर्ट मांगी थी। अभी तहसीलदार ने कोई रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट आते ही बंजर जमीन खाली कराई जाएगी।

### वृद्धा ट्रेन से कटी

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम रहसूपुर के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 75 वर्षीय वृद्ध महिला ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी।

# वर्दी की हनक के आगे नहीं मिलता गरीबों को न्याय, सिपाहियों ने पीटा

संवाददाता। फतेहपुर

- दूल्हे और उसके भाई के साथ जीजा ने भी मारा ससुराल वालों को
- अधमरा लड़के को लेकर दरदर ठोकर खाते माता-पिता,प्रशासन ने नहीं दिया साथ
- समान चढ़ाने को लेकर हुए विवाद मे हल्की धाराओं मे किया गया दिखावा

**प्रदेश में योगी** की सरकार हो लेकिन गरीबों को न्याय मिलना अभी भी मुश्किल है एक वर्दीधारी दूसरी वर्दीधारी का ही सहारा बना हुआ है तो किस तरीके से गरीबों को न्याय मिलेगा। आपको बता दें कि 12 मई 2022 को ग्राम पधारा थाना बकेवर जनपद फतेहपुर के एक नामचीन मैरिज हॉल में एक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ था जिसमें दहेज के सामान को गाड़ी में चढ़ाने को लेकर जनाती और बारातियों में विवाद हो गया था ,विवाद इतना बढ़ गया कि दूल्हा-दूल्हे के भाई और जीजा ने युवक के ऊपर हमला बोल दिया और कुर्सी, डंडा और धारदार हथियार से हमला कर लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया,लेकिन घटना के लगभग 15 दिन निकल जाने के बाद भी अब तक किसी भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है जबकि उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।नवनीत गोस्वामी 12 मई 2022 को रिश्तेदार की लड़की की शादी में ग्राम पधारा थाना ओंग 12 मई 2022 को रिश्तेदार की लड़की की शादी में अश्वनी गेस्ट हाउस गया हुआ था विदाई के समय सामान लाते समय दूल्हा बृजेश गोस्वामी पुत्र सुरेश गोस्वामी निवासी बबीना थाना कदौरा जिला जालौन में व बृजेंद्र गोस्वामी का बड़ा भाई देवेंद्र गोस्वामी जो जोकि बांदा में सिपाही है तथा उसका बहनोई ललित जो कि सिपाही के पद पर आगरा तैनात है ने युवक को सामान लादने को लेकर गाली गलौज किया और जब उसके भाई ने गाली-गलौज से मना किया तो उपरोक्त लोगों ने युवक को सामान लादने को लेकर गाली गलौज किया और जब उसके भाई ने गाली गलौज से मना किया तो उपरोक्त लोगों ने लात घुसा व डंडों व कुर्सी से युवक को सीने नाक व घुटने व जबड़े में तथा कंधों में प्राणघातक गंभीर रूप से हमला किया और उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर वहां से भाग गए,मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया जो कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ मौके पर पुलिस भी पहुंची लेकिन अब तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई,मामूली धाराओं में अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनको छोड़ दिया जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई हैमां बाप उसका इलाज कराने में असमर्थ है, मां-बाप उसका इलाज कराने में असमर्थ है क्या योगीराज में इसी तरीके से गरीबों को पुलिस वाले मारते रहेंगे क्या इसी तरीके से पुलिस वालों के द्वारा मारे जाने पर लोग घायल होते रहेंगे और मां-बाप उनका बोझ उठाते रहेंगे । पीड़ित लोगों ने आज जिले के आला अधिकारी से मिलकर कर न्याय की गुहार लगाई है अब देखना यह है कि पुलिस क्या कार्यवाही करती और ।

## अनियंत्रित कार टिनशेड में जा घुसी, छह लोग घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** अनियंत्रित कार दीवार तोड़ती हुई टिनशेड में घुस गई। जिससे महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।कोतवाली कायमगंज के गांव पपड़ी निवासी फिरोज मोहम्मद बुधवार सुबह लगभग छह बजे अपने मित्र की कार से जनपद कन्नौज कोतवाली गुरसहायगंज के गांव मकनपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने स्वजन के साथ जा रहे थे। नवाबगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर गांव सिरमौरा बांगर के पास चालक आनंद कुमार म्यूजिक सिस्टम में गाना बजाने को मोबाइल को कनेक्ट करने लगा। उसी दौरान अचानक मोड़ आने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार को तोड़ती हुई टिनशेड में घुस गई। जिससे टिनशेड में बैठे गांव सिरमौरा बांगर निवासी गुलशेर खान व रामऔतार चोटिल हो गए। कार चालक गांव अताईपुर निवासी आनंद कुमारए कार में सवार फिरोज मोहम्मदए उनकी पत्नी गुलनाज बेगम व पुत्री सानियाए खुशनाज समेत अन्य स्वजन कार में फंसकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने कार में फंसे लोगों को खिड़की आदि खोलकर बाहर निकाला। सपा नेता साजिद अली खान ने अपनी कार से घायलों को कस्बा के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### दबंग पिता-पुत्र ने दो लोगों को पीट किया घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदीपुर में बुधवार की दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही दबंग पिता-पुत्र ने दो लोगों को लाठी-डंडा व सरिया मारकर घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां एक की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदीपुर गांव निवासी कपूर सिंह यादव का 30 वर्षीय पुत्र दीपक से गांव के ही फूलचंद्र साहू पुत्र गोवर्धन साहू से पुरानी रंजिश चली आ रही है।

## क्विक न्यूज

### बेटी को करंट से बचाने में पिता की जान गई



हरमोहन सिंह की फाइल फोटो

**घाटमपुर।** कोतवाली के बसौरा गांव में कपड़े फैलाने के दौरान लोहे के तार उतरे करंट की चपेट में आई बेटी को बचाने में पिता की मौत हो गई। हादसे से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हरमोहन सिंह चौहान 48 पुत्र मानसिंह खेती किसानी करते थे। परिवार में पत्नी व दो बेटियां हैं। परिजनों ने बताया कि घर के सामने से गुजरी एलटी लाइन का तार टूट कर गिर गया था। जिससे हरमोहन के घर के बरामदे में कपड़े फैलाने के लिए कच्ची दीवार में बंधे लोहे के तार में करंट उतर आया। बुधवार सुबह 06 बजे के करीब बड़ी बेटी प्रतिमा 18 कपड़े फैलाने के दौरान करंट की चपेट में आ गई। उसकी चीख सुनकर हरमोहन सिंह दौड़ कर वहां पहुंचे और बेटी को तार से छुड़ाकर अलग कियाए तभी वह भी करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पड़ासियों की मदद से परिजन उन्हें सीएचसी घाटमपुर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने हरमोहन को मृत घोषित कर दिया। घर के मुखिया की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार में रामवीर की पत्नी व बेटियों का रो.रोकर बुरा हाल था।

### विशेष लोक अदालत 29 को

**फतेहपुर।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष राय की अध्यक्षता में आज आगामी विशेष लोक अदालत 29.05.2022 के सफल आयोजन एवं आरबीट्रेशन के निष्पादन वादो के अधिकाधिक निस्तारण के सम्बन्ध में फाइनेन्स कम्पनियों के मैनेजर, लीगल एडवाइजर एवं सम्बन्धित अधिवक्ताओं के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में श्रीमती अनुराधा शुक्ला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर, शिवबरन सिंह मैनेजर श्रीराम ट्रान्सपोर्ट फाइनेन्स कम्पनी, संजय शुक्ला ब्रान्च मैनेजर श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेन्स लिमिटेड, श्री अमित कुमार तिवारी, सय्यद नाजिस रजा लीगल एडवाइस मैनेजर, अजय गुप्ता लीगल एडवाइजर, अशीष कुमार सिंह लीगल मैनेजर, आशुतोष कुमार मिश्रा लीगल एडवाइस मैनेजर उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान ने किया लाखों का घोटाला

**फतेहपुर।** अमौली विकास खंड के परसेढ़ा गांव में साफसफाई और पेयजल के नाम पर लाखों का घोटाला करने के मामला सामने आया है मामले का खुलासा होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र राज सिंह ने पूरे मामले में जांच के आदेश जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर सचिव से रिपोर्ट तलब की है बतादें कि परेसढ़ा ग्राम प्रधान ने नियमों को ताक पर रखते हुए अपने सगे-संबंधियों के खातों में विकास कार्यों का पैसा ट्रांसफर करके हजम कर लिया गया जबकि जिन विकास कार्यों के लिए पैसे को हजम किया गया है उसका एक काम भी गांव में नहीं हुआ है ग्राम प्रधान ने हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर साढ़े चार लाख, वही गांव की साफसफाई और उपकरण के नाम पर चार लाख 14 हजार रुपये विभिन्न खातों के जरिए हजम कर ली है3ऐसे ही सोलर लाईटों की मरम्मत का एक लाख 89 हजार रुपया अपने सगे भाईयों, भतीजों, पंचायत मित्र और बहू के खातों में ट्रासफर करके विकास का पैसे का गोलमोल कर दिया है गांव के विकास के लिए आया पैसा तो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया3और गांव की गलिया, नलियों गंदगी से पटी पड़ी हुई है।

### पंजाब से लौट रहे वृद्ध को जहरखुरानों ने लूटा

**फर्रुखाबाद।** पंजाब से नाती की शादी में शामिल होने आ रहे वृद्ध जहरखुरानी गिरोह के शिकार हो गए। वह बुधवार दोपहर ठंडी सड़क पर बेहोशी हालत में मिले। पुलिस ने उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे स्वजन वृद्ध को घर ले गए। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव गिलौंद निवासी वृद्ध परशुराम यादव पंजाब में नौकरी करते हैं। वह नाती की शादी में शामिल होने के लिए ट्रेन से गांव आ रहे थे। बुधवार दोपहर वह ठंडी सड़क पर बेहोशी हालत में मिले। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी यूपी 112 पर पुलिस को दी। पुलिस ने 108 एंबुलेंस से परशुराम को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। परशुराम द्वारा बताए गए पते पर पुलिस ने स्वजन को जानकारी दी। स्वजन उन्हें लोहिया अस्पताल से घर ले गए। परशुराम ने बताया कि पास में बैठे एक युवक ने पानी पिलाया था। उनके पास 10,000 रुपये और मोबाइल थाए जो गायब हैं। परशुराम के भतीजे सुरेश चंद्र ने बताया कि परशुराम के नाती की बुधवार को शादी है। शादी में शामिल होने के लिए वह आ रहे थे।

### 500 बीघा भूमि कब्जा मुक्त करा वन विभाग को सौंपी

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को 500 बीघा वन विभाग की भूमि कब्जा मुक्त कराकर वन विभाग के सुपुर्द कर दी गयी। दरअसल तहसील अमृतपुर के ग्राम सबलपुर में लगभग 1 हजार बीघा भूमि ग्रामीणों के कब्जे में दशकों से थी। लेकिन अब शासन की शक्ति के बाद से अब प्रशासन भी एक्शन में है। बुधवार को एसडीएम पदम सिंह ने सबलपुर पंहुचकर कब्जा की गयी भूमि की पैमाइश करायी। जिसमे 500 बीघा भूमि को मेड बंदी कराकर वन विभाग के सुपुर्द की गयी। इस दौरान ग्रामीणों की राजस्व टीम से नोकझोंक की गयी। बची हुई 500 बीघा भूमि भी पैमाइश कराकर कब्जे में ली जायेगी।

### बुलडोजर ने मसेनी चौराहे पर तोड़ा अतिक्रमण

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को बुलडोजर ने मसेनी चौराहे के आस-पास का अतिक्रमण तोड़ा गया। कई जगह विवाद की स्थिति भी बनी। लेकिन पुलिस बल के आगे किसी की नही चली। शहर कोतवाली के मसेनी चौराहे पर नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के नेतृत्व बुलडोजर चला। लकूला मसेनी मार्ग पर स्थित कुसुम बैकेट हालत के स्वामी बीजेपी नेता दीपक कटियार ने कहा उनका टूटा है तो आस-पास के भी भवन तोड़े जाए। यह सुनकर उनके गेस्ट हाउस के पास रह रहे सुरेन्द्र सिंह तोमर से उनकी कहा-सुनी हो गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी के खिलाफएक समान कार्यवाही की जायेगी । मसेनी मार्ग से होते हुए मसेनी से नेकपुर मार्ग पर कार्यवाही पंहुच गयी।एसडीएम व स्वास्थ्य टीम ने झोलाछाप चिकित्सक की दुकान में जड़ा ताला अन्य चिकित्सक दुकान बंद कर भागे।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**खागा (फतेहपुर)।** मृतक सतीश का शव खून से लथपथ मिलने के बाद परिजनों ने अज्ञात लोगों द्वारा नलकूप में पकड़ कर गोली मारने की आशंका जताई है। मृतक के बड़े भाई दुर्गेश ने फॉरेंसिक टीम पहुंचने के पहले ही तमंचा मोबाइल को उठा लिया था जिससे पुलिस ने फॉरेंसिक जांच में समस्या बताई है। मृतक के पिता उमेश चंद्र ने बताया कि वर्ष 2007 में एक हत्या के मामले में झूठा आरोपी बनाया गया था। अभी एक साल पहले जेल से छूट कर आए हैं। उनकी किसी से दुश्मनी या विवाद नहीं है। थानाध्यक्ष किशनपुर संजय तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आशनाई को लेकर युवक ने आत्महत्या की है। फिर भी परिजनों की आशंका के अनुसार फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर जांच कराई जा रही है।

### अधेड़ ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**खागा (फतेहपुर)।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ख्वाजीपुर थोन गांव में भोर पहर एक अधेड़ ने मानसिक संतुलन ठीक न होने के कारण जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।जानकारी के अनुसार ख्वाजीपुर थोन गांव निवासी श्रीनाथ 45 वर्ष पुत्र प्यारेलाल ने मानसिक संतुलन ठीक न रहने के कारण सुबह लगभग 7 बजे जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि सुबह जंगल की ओर जब ग्रामीणों ने शौचक्रिया हेतु गए हुए थे तभी पेड़ से लटकता हुआ देखकर हैरान हो गए और घर आकर उनके परिजनों से अवगत कराया। तभी मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। तभी परिजनों ने ग्राम प्रधान को बुलाकर पुलिस को सूचित करा दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। एक वर्ष से गांव में ही उपचार किया जा रहा था। गरीबी होने के कारण बाहर इलाज करवाने में असमर्थ थे। बताया कि मृतक के एक पुत्र धर्मेंद्र 25 वर्ष पत्नी सुषमा देवी व माता रानी देवी सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। वहीं पुलिस ने बताया कि ग्राम प्रधान की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर मून में दो दिन पूर्व आंधी-तूफान के दौरान छत ठीक कर रहे 56 वर्षीय वृद्ध नीचे गिरकर घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान देर शाम मौत हो गई। बताते चलें कि रामपुर मून गांव निवासी सहदेव का पुत्र शिवबरन दो दिन पूर्व घर की छत ठीक कर रहा था। तभी अचानक तेज तूफान आ गया। जिसके चलते वह नीचे गिरकर घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### करसवां अब्दुलगनीपुर का कोटा निरस्त करने की माँग

**फतेहपुर।** बहुआ विकास खण्ड की ग्राम पंचायत करसवां अब्दुलगनीपुर के ग्रामीणो ने ग्राम पंचायत की कोटेदार सूरजकली पत्नी राम चरन द्वारा ठीक ढंग से राशन का वितरण न किये जाने से क्षुब्ध होकर आज कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपते हुए कोटा निरस्त करायें जाने की माँग की।

# डलमऊ में भारी पड़े अतिक्रमणकारी





संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**बुधवार को** डलमऊ प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने पर पुनः व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित कर अतिक्रमण हटाने की अपील की गई साथ ही अगली कड़ी में बल पूर्वक अतिक्रमकरियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी परंतु अतिक्रमकरियों के हौसलें काबिलेतारीफ रहे जिन्होंने डलमऊ प्रशासन की पांच दिवस पहले की चेतावनी को अनसुना करते हुए अतिक्रमण में मामूली फेरबदल कर अपना इरादा स्पष्ट कर दिया बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में प्रशासन का डंडा गरीबों पर खूब चला पर रसूखदारों के आगे डलमऊ प्रशासन द्वारा पुनः समयावधि बढ़ाने पर सहमति करते हुए अतिक्रमण पर अपनी कागजी जिम्मेदारी पूरी की वहीडलमऊ नगर पंचायत के मुख्य चौराहे पर अवैध अतिक्रमणकारियों द्वारा गुमटियां रखकर उन्हें भाड़े पर देकर उनसे किराए के रूप में मोटी रकम लेने वाले अतिक्रमकारी की तरफ प्रशासन ने अपनी दृष्टि डाल पाने की हिम्मत जुटा पाये मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के फरमान के बाद अतिक्रमणकारियों की नींदे उड़ी हुई जरूर है पर अपनी रसूखदार पहुंच के कारण आश्वस्त भी है हालांकि इसमें एक बड़ा सहयोग नगर पंचायत डलमऊ की अधिशाषी अधिकारी आरती श्रीवास्तव का भी मालूम पड़ता है जिन्होंने नगर पंचायत के अंदर अवैध अतिक्रमकरियों पर कार्यवाही से बचती नजर आई।

### रजिस्टर पर मियांटोला और रशीद पर शंकर नगर वार्ड के नाम से जारी व्यापार कर

भ्रस्टाचार और अतिक्रमकरियों पर नगर पंचायत की अधिषासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव की नजर व्यापार कर रजिस्टर पर डालनी चाहिए जहां मियां टोला पर दर्ज सीरियल नंबर की रशीद पर शंकर नगर डाल कर अतिक्रमकरियों को बचाने की पुरजोर कोशिशें जारी है इससे बड़ा प्रमाण क्या चाहिए कि जिस अवैध अतिक्रमकरियों की गुमटी पर बुलडोजर चलने की कार्यवाही होनी चाहिए उसे नगर पंचायत की अधिषासी अधिकारी द्वारा ही संरक्षित किया जा रहा है।

### व्यापारियों के गुस्से का शिकार बने व्यापार मंडल अध्यक्ष

अतिक्रमकरियों पर मामूली कार्यवाही से आगबबूला हुए व्यापारी ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष और संगठन के सदस्यों पर प्रशासन के समक्ष ही अपशब्दों के साथ गाली गलौज कर डाला बढ़ते तनाव को देखते हुए उपजिलाधिकारी आशीष मिश्र व तहसीलदार अभिनव पाठक ने अतिक्रमण कारी व्यापारी पर अतिक्रमण हटा लेने व कानूनी कार्यवाही की सख्त चेतावनी देते हुए 24 घंटे की समयसीमा निर्धारित की।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप का डॉ. अमीता सिंह ने किया शुभारंभ

संवाददाता। अमेठी



**दिल्ली कैपिटल** बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा दिल्ली स्टेट रैंकिंग प्राइज मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 का शुभारंभ 23 मई को डीसीबीए अध्यक्ष व यूपी की पूर्व मंत्री रही डाव अमीता सिंह द्वारा किया गया। डा अमीता सिंह पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुकी हैं। 23 मई से 29 मई तक चलने वाले इस बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर 13 से लेकर मास्टर्स 75 तक की कैटेगरी में आयोजन किया जा रहा हैं जिसमे हजारों की संख्या में प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।इस टूर्नामेंट में सभी कैटेगरी को दो पूल में डिवाइड किया गया है। पूल । में अंडर 13ए15ए17 एवं पूल ठ में अंडर 19 से 75 तक की कैटेगरी को सम्मलित किया गया है। पूल ठ के सभी मैच 23 मई से 25 मई तक एवं पूल । के सभी मैच 25 मई से प्रारंभ होंगे। टूर्नामेंट के शुभारंभ पर अध्यक्ष डा अमीता सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की स इस अवसर पर एस पी सिंहए राजीव मेहताए पद्मश्री मधुमिता बिष्टए बैडमिंटन एकेडमी के कोचए पूर्व एवं वर्तमान बैडमिंटन खिलाडी एवं अन्य मौजूद रहे।

# एफआरयू पर महिलाओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता। अमेठी

**मातृत्व स्वास्थ्य** को सुदृढ़ बनाने पर सरकार व स्वास्थ्य विभाग का पूरा जोर है। इसके तहत हर जरूरी बिन्दुओं का खास ख्याल रखते हुए जच्चा.बच्चा को सुरक्षित बनाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। जनपद की फर्स्ट रेफरल यूनिट एफआरयू पर श्प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् सीमा मेहरा ने बताया कि जनपद में चार स्वास्थ्य केंद्रों को एफ आर यू के रूप में चिन्हित किया गया है। इस मौके पर जनपद की महिलाओ ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमे 10 महिलाओ की डिलीवरी भी कराई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमेठी में 30 महिलाओ ने जांच कराई जिसमे 5 महिलाएं एचआर पी की रही 2 प्रसव ए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरीगंज 38 महिलाओ ने जांच कराई जिसमे 7 महिलाएं एचआर पी की रही। जगदीशपुर में 102 महिलाओ ने जांच कराई जिसमे 7 महिलाएं एचआर पी की रही। इसके अलावा 4 प्रसव और फुरसतगंज में 86 महिलाओ ने जांच कराई जिसमे 5 महिलाएं एचआर पी की रहीए पांच प्रसव कराए गए। उन्होंने बताया कि जनपद मे गर्भवती की प्रसव पूर्व मुफ्त जांच के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य केन्द्रों पर एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा गर्भवती की सम्पूर्ण जांच निरूशुल्क की जाती है और कोई जटिलता नजर आती है तो उन महिलाओं को चिन्हित कर उन पर खास नजर रखी जाती हैए ताकि जच्चा.बच्चा को सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि जनपद की समस्त एफआरयू पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिकश् का आयोजन किया गया जिसमे गर्भवती को द्वितीय व तृतीय त्रैमास में विशेषज्ञ अथवा एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में निशुल्क प्रसव पूर्व गुणवत्तापरक जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की पांच निशुल्क जांच. ब्लड टेस्ट ए ब्लड प्रेशर यूरिन टेस्ट हीमोग्लोबिन अल्ट्रासाउंड की गई। इस मौके पर मंगरौली की रेशमा बानो बबुरी की सविताए निसुरा की राजवतीए महोना की दिव्याएदादरा की सुमन ने जांच कराई और योजना का लाभ लिया।

# धर्म की स्थापना व सज्जनों कल्याण के लिए होता है भगवान का अवतार : आचार्य शांतनु

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**प्रदेश के** राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के संरक्षण में आयोजित भगवान श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा वक्ता आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा की भगवान का अवतार धर्म की स्थापना और सज्जनों के कल्याण के लिए होता है।जनक पूरी की कथा बताते हुए कहा की जनकपुरी के लोग 6 गुणों से परिपूर्ण है।उनमे सुंदरताए पवित्रताए संत स्वभावए धर्म शीलए ज्ञानी और गुणी है। भगवान को देख कर राजा जनक आकर्षित होते है क्योंकि वह निर्गुणब्रम्ह के उपासक है विश्वामित्र से पूछते है की इनको देख के अनुराग क्यों हो रहा है।विश्वामित्र ने असली पहचान छुपा कर कहा की यह दशरथ पुत्र है। कथा वक्ता ने कहा की साधु वह है जो स्वयं को साध ले और सिद्ध वह है जो स्वयं को साध



कथा का श्रवण करती हुई रानी उपासना सिंह व एसडीएम फाल्गुनी सिंह

चुका हो और दूसरे को भी साध दें। संत के लिए जंगल और महल एक समान है।विद्यापति संत के घर भगवान शंकर उगना के रूप में नौकर बन कर आये और सेवा की। भगवान भी भक्तो की सेवा के लिए आते है इसलिए कभी किसी का अपमान नहीं करना चाहिए क्योंकि भगवान किसी भी रूप में आ सकते हैं। फुलवायी की सुंदर कथा के वर्णन के बाद आचार्य ने सीता राम विवाह की सुंदर कथा का वर्णन किया।कथा से पूर्व कथावाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज का गौरीगंज के पूर्व विधायक तेजभान सिंह शैलेंद्र प्रताप सिंह सदस्य विधान परिषद समाजसेवी अमरजीत सिंहए प्रदीप सिंह अरविंद शुक्ला के यजमान अंकिता सिंह बबलू सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।आचार्य ने भक्तों को प्रसाद के रुप मे अंगवस्त्र भेंट किया।

## क्विक न्यूज

### फाइलेरिया को मिटाने के लिए दवा जरूर खाएं: अधीक्षक

**खीरों, रायबरेली।** क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया बीमारी के विषय में जागरूक करते हुए इसकी रोकथाम के लिए दवा खिलाने का काम किया जा रहा है। गुरूबक्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीतर गांव निवासी एक युवक के अनुसार फाइलेरिया की दवा खाने के बाद उसे कुछ दिक्कत महसूस हुई। जानकारी होने पर आशा बहू ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। सीएमओ को मामले की सूचना दी गई। सीएचसी अधीक्षक ने प्राथमिक इलाज के लिए उसे सीएचसी में भर्ती किया। इलाज के कुछ देर बाद ही युवक की तबीयत में सुधार होने के बाद उसे घर भेज दिया गया। अधीक्षक ने बताया की जिस किसी के भी शरीर में फाइलेरिया का कीटाणु मौजूद होता है, उसकी कुछ प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं। दवा खाने के बाद बीमारी का खतरा कम हो जाता है। भीतरगांव के रहने वाले विमलेश 17 वर्ष पुत्र रघुवीर ने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाने के बाद उसे कुछ दिक्कत महसूस होने लगी। जिसके बाद उसने आशा बहू को इस बारे में जानकारी दिया। आशा बहू ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर इफ्तिखार अहमद ने बताया कि फाइलेरिया परजीवी द्वारा होने वाला रोग है, जो धागा के समान दिखने वाले फाइलेरिओडी नामक निमेटोड के कारण होता है। यह प्रायः संक्रामक उष्णकटिबन्धीय रोग है। फाइलेरिया के आठ प्रकार के निमेटोड ज्ञात हैं, जो मानवों को अपना निशाना बनाते हैं। आजकल स्वास्थ्य विभाग इसको समाप्त करने का पूरा प्रयास कर रहा है। जिसके लिए दवाई खिलवाई जा रही है। फाईलेरिया वुचेरेरिया बैन्क्रोफ्टाई परजीवी द्वारा होता है। अधीक्षक ने बताया कि युवक में फाइलेरिया के कीटाणु पहले से मौजूद थे। इसी वजह से दवा खाने के बाद उसके शरीर में कुछ प्रतिक्रिया सामने आई थी। दवा खाने के बाद युवक के शरीर में फाइलेरिया का खतरा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने के लिए हर किसी को निर्धारित दवा की खुराक जरूर खाना है। इसे लेकर मन में कोई संशय न पालें।

### उर्मिला फाउंडेशन के बैनर तले बड़ौदा यूपी बैंक मैनेजर ने क्षय रोग के 50 मरीजों को लिया गोद

**रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरचंदपुर में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम के तत्वधान में उर्मिला फाउंडेशन के बैनर तले बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर निलेश खरें ने अपने माता जी की स्मृति में क्षय रोग के 50 मरीजों की गोद लेने का बीड़ा उठाया एवं कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ शरद कुमार कुशवाहा ने बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार विनोद कुमार शुक्ल को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ने कहा टीबी का उपचार बिल्कुल निरूशुल्क है बलगम की जांच भी बिल्कुल मुफ्त है। इस मौके पर अभय मिश्रा डीपीसी, टीबी डॉ शिवानंद यादव, डॉ अभय गुप्ता , विक्रांत गुप्ता वशिष्ट यादव समेत आदि मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव पूरे लुसई मजरे पूरे प्रेम शाह स्थित रेलवे ट्रैक पर अज्ञात वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा ।समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी थी ।

### स्नान करते किशोर नदी में डूबा

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** जलभरी में आया किशोर स्नान करने के दौरान गोमती नदी में डूब गया ।मौके पर पहुंची डायल112 व स्थानीय पुलिस ने किशोर को नदी से बाहर निकलवाया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव के लोग कोछित गांव स्थित दंडेश्वर धाम के पास गोमती नदी से जलभरी को आए थे ।इसी बीच साथ में आए प्रियांशु पाठक पुत्र हरि शंकर पाठक उम्र 18 वर्ष निवासी मौर्या मार्केट शुक्ला मेडिकल हाल जगदीशपुर नदी में स्नान करने के दौरान अचानक नदी में डूबने लगा । जब तक लोग कुछ करते तबतक वह नदी में डूब गया ।सूचना पर पहुंचे डायल 112 व स्थानीय कोतवाली की पुलिस ने किशोर को नदी से बाहर निकलवाया।जिसे परिजन इलाज हेतु अपने साथ लेकर चले गए ।

### लगातार हो रही दुर्घटनाएं, प्रशासन मौन



**बछरावां रायबरेली --** बछरावां थाना के अंतर्गत कुंदन गंज स्थित सीमेंट कंपनी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रक में राखी लदे ट्रक सड़क में खड़े दूसरे ट्रक में जा घुसा जिसमे ट्रक के परखचे उड़ गए। गनीमत यह रही की ट्रक मे केवल ड्राइवर ही था और दाहिना हिस्सा बच जाने के कारण उसे केवल चोटें ही आई। कोई जन हानि नहीं हुई।जिस स्थान पर दुर्घटना हुई। उस स्थान पर हर सप्ताह में कोई ना कोई दुर्घटना का शिकार हो ही जाता है। क्योंकि कंपनी की तरफको जाने वाला मार्ग होने के कारण बहुत ट्रकों का आवागमन दिनों रात लगा रहता है और मोड़ के पास दोनों तरफट्रकों की लंबी कतार लगी रहती है। अगर यही मोड़ के दोनों तरफ 200 मीटर तक कोई ट्रक न खड़ा हो तो इन दुर्घटनाओं से कुछ बचा जा सकता है। कई बार क्षेत्र के लोगों द्वारा उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। किंतु कोई सुधार नहीं हुआ। अनगिनत लोगों की जानें चली गई। फिर भी पूरा दिन ट्रको की लंबी कतारें लगी ही रहती है। वह केवल अपनी कंपनी की तरफकी सड़क में ही ट्रकों को हटवाते हैं अगर यही मोड़ के दोनों तरफकुछ दूर तक किसी भी ट्रक को ना खड़ा होने दें तो भी कुछ सुधार किया जा सकता है। इससे क्षेत्र के लोगों में काफी रोष है। कि प्रशासन उनकी इस गंभीर समस्या की तरफकोई ध्यान नहीं दे रहा।इसे रोका जाना बहुत आवश्यक है।

### क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के लिए कबड्डी व हैंडबॉल प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**अमेठी ।** जिला क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में वर्ष 2022.23 में बालकए बालिकाओं के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु कबड्डी व हैंडबॉल प्रशिक्षण का आयोजन 11 से 25 मई के मध्य किया गया। जिसमें कबड्डी प्रशिक्षण में 21 बालकध्बालिकाओं तथा हैंडबॉल प्रशिक्षण में 35 बालकध्बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। आज समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि संजीव कुमार मौर्य उप जिलाधिकारी अमेठी द्वारा बालकध्बालिकाओं को खेल प्रमाण पत्र एवं टी.शर्ट देकर पुरस्कृत किया गया।

# शातिर चोरों के गिरोह का खुलासा सोना, चांदी और नगदी हुई बरामद

संवाददाता। रायबरेली

**जनपद रायबरेली,** हरदोई और सुल्तानपुर में चोरी करने वाले शातिर चोरों के सिंडिकेट का खुलासा रायबरेली की बछरावां पुलिस तथा एसओजी व सर्विलांस ने कर दिया। चोरों का यह सिंडिकेट बेहद ही चतुर किस्म का था कई जनपदों के शातिर चोरों का सिंडिकेट गैंग में काम कर रहा था। रायबरेली की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से काम करते हुए इन चोरों को तब पकड़ा जब यह चोरी का सामान बेचने के बाद अपने अपने घरो की ओर जा रहे थे। पुलिस 10 अभियुक्तों को कसरावां मोड़ रेलवे और ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया। तथा इनके कब्जे से 7.50 किलोग्राम चांदी 180 ग्राम सोने के जेवरात जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1लाख रुपए तथा नगद ?4,31,000 बरामद किये। पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्त में आए अभियुक्तों मे से अलग-अलग पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह बाजारों और दुकानों मैं दिन में घूम घूम कर मकानों की रेकी करते थे और मौका पाकर योजना बनाते हुए रात को चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे चोरी के माल को इकट्ठा करके उन्हें सस्ते दामों में बेच दिया करते थे और रुपए आपस में बैठकर खर्चा चलाते थे। अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों ने रायबरेली शहर क्षेत्र में दशहरा के आसपास इंदिरा नगर जहानाबाद व अप्रैल महीने में साकेत नगर वासियों की लाइन में फरवरी में गांधीनगर में ऐसे करते हुए जनपद के अलग-अलग जगहों में चोरी किया करते थे। चोरी में प्राप्त जेवरात मिर्जापुर की रहने वाली ज्ञानती जो की चूरूवा बॉर्डर पर डेरा लगाकर रहती थी उसके पास रख देते थे और वहां से चोरी के जेवरात बेचकर आपस में पैसे इकट्ठा करते थे। गिरफ्तार किए गए 10 अभियुक्तों में 8 अभियुक्त जनपद के बाहर के हैं तथा 2 सुनार रायबरेली के हैं जिनमें गुलाब सिंह निवासी प्रकाश नगर थाना कोतवाली नगर रायबरेली व दिनेश निर्मल निवासी बंदरामऊ थाना मिल एरिया है तथा अमेठी निवासी हीरा लाल सोनी यह तीनों सुनार चोरों से चोरी का जेवरात खरीदने गए थे जिन्हें मौके पर पुलिस ने धर दबोचा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बछरावां जगदीश यादव, अमरेश त्रिपाठी प्रभारी एसओजी, पंकज सोनकर प्रभारी सर्विलांस रायबरेली, संतोष सिंह सर्विलांस टीम, दुर्गेश सिंह, पंकज सिंह समेत कई पुलिसकर्मी टीम में शामिल थे।

# डीएम ने योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी** माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए मिशन की उपलब्धियों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में जन सामान्य में जागरूकता का विस्तार करने के उद्देश्य से एल0ई0डी0 मोबाईल वैन तथा नुक्कड़ नाटक टीम के माध्यम से जनपद में प्रचार-प्रसार अभियान को झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (आवासीय/अनावासीय) में जनपद के 14 से 35 आयु वर्ग के ऐसे बेरोजगार नवयुवक/नवयुवतियों, विशेषकर महिलाओं अल्पसंख्यक समुदाय, दिव्यांगों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को जो न्यूनतम कक्षा 5 उत्तीर्ण हो, उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न सेक्टरों यथा एग्रीकल्चर, हेल्थकेयर कन्स्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, अपैरल, हाइड्रोकार्बन, फूड प्रोसेसिंग, कम्प्यूटर, हैण्डीकाफ्ट एण्ड कार्पेट, ब्यूटीकल्चर आदि में अल्पकालीन रोजगारपरक योजनाओं में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार/स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाता है। सामान्य तौर पर 03 से 12 माह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के समय दो सेट वर्दी व पाठ्यक्रम सामग्री प्रदान भी किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरान्त सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। प्रमाणित होने के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने में सहायता प्रदान किया जाता है।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह सहित कौशल विकास संस्थान के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जलभराव से निपटने के लिए नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद

**बछरावां रायबरेली।** बरसात के मौसम में नगर वासियों को जलभराव से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद होकर अपने काम को अंजाम दे रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बछरावां नगर की सीमा में कभी चौदह तालाब हुआ करते थे। इन चौदह तालाबों में नगर पंचायत का पानी ही नहीं वरन आसपास के दर्जनों गांवों का पानी बह कर संरक्षित रहता था। धीरे धीरे जब दबंगों की नजर इन तालाबों पर पड़ी तो इनको पाटकर बेच दिया गया। अब केवल समाधानेश्वर मंदिर के पास छोटा सा तालाब बचा हुआ है उसका पानी नाले से होकर निकलता है उसी नाले की साफसफाई नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा मुस्तैदी के साथ लगातार जारी है। साफसफाई का निरीक्षण स्वयं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के द्वारा किया जा रहा है। आगामी बारिश को लेकर इसी तरह नगर पंचायत प्रशासन अधिशासी अधिकारी महोदया श्वेता सिंह व व नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी के दिशा निर्देशन में लगातार नगर पंचायत के सभी नाले नालियों के साफसफाई अभियान में लगा हुआ है। नाले नालियों की साफसफाई का काम लगभग पूर्णता की ओर है।

# सलोन में दूसरे दिन भी गरजा बुलडोजर,कस्बे में मचा हाहाकार

**सलोन,रायबरेली।** मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने को लेकर नगर पंचायत सलोन ने बुधवार को अतिक्रमण हटाने का काम किया।इस बीच सड़क किनारे बनाये गए पक्के चबूतरे तोड़े गए।वही सड़क किनारे रखे गुमतियो को चेतावनी के बाद भी नही हटाने पर नगर पंचायत ने कार्यवाही की।बुधवार को एक बार फिर नगर पंचायत का बुलडोजर गरजा है।कस्बे के मानिकपुर और परशदेपुर मार्ग पर दोनों तरफ किये गए



अतिक्रमण को बुलडोजर से जमीदोज कर दिया।वही भीड़ लगाए लोगो को तीतर बितर करने के लिए पुलिस को सख्ती करनी पड़ी।कुछ दुकानदार अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान अपनी दुकान बचाने को लेकर नेताओं के पास दौड़ लगा रहे थे।अधिशाषी अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि एक हफ्ते पूर्व से लोगो को डुग्गी पिटवा कर अतिक्रमण हटाने की जानकारी दी जा चुकी थी।मंगलवार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी शुरू हुई।लेकिन कुछ लोगो ने सरकारी जमीन पर पूरी तरह से कब्जा कर रखा था।ऐसे लोगो पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है।कहा कि बिना किसी भेदभाव के साथ यह कार्रवाई की जा रही है।इस मौके पर पुलिस बल मौजूद रही।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के दो ट्रेडों का छह दिवसीय प्रशिक्षण हुआ आरम्भ

संवाददाता। अमेठी

● प्रशिक्षणोपरांत सर्टिफिकेट टूलकिट व भत्ता होगा देय

**प्रदेश सरकार** के महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्थान उत्तर प्रदेश डिजाइन संस्थान द्वारा जनपद अमेठी में विभिन्न केंद्रों पर ट्रेड दर्जी एवं नाई में प्रशिक्षण आरम्भ किये गये राजकीय आई टी आई गौरीगंज में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी तेजमान सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बैंक आफ बड़ौदा के ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान में दो बैच.ट्रेड दर्जी एवं नाई के प्रशिक्षण आरम्भ किये गये। उ प्र कौशल विकास के जामों स्थित केन्द्र में दर्जी ट्रेड के 25.25 के दो बैच का प्रशिक्षण आरम्भ किया गया। मेसर्स इण्डोरामाए औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के प्रशिक्षण केन्द्र पर नाई ट्रेड के 25 प्रशिक्षार्थियों के एक बैच का प्रशिक्षण आरम्भ किया गया। यह प्रशिक्षण छः दिवसीय है। प्रशिक्षण के उपरान्त लाभार्थियों को सम्बन्धित ट्रेड की टूल किट एवं प्रत्येक लाभार्थी के खाते में रू0 1500 की धनराशि हस्तांतरित की जायेगी।

राजकीय आई टी आई गौरीगंज में प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी ने कहा कि सभी लाभार्थी मेहनत से प्रशिक्षण में कुशलता प्राप्त करके स्वयं का रोजगार स्थापित करते हुए अपने तथा अपने परिवार की आर्थिक उन्नति में सहयोग प्रदान करें। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकाक्षी योजना में भाग लेने हेतु आपको अच्छा अवसर प्रदान किया गया है। इससे आप लोग लाभ उठाते हुए अपने घर पर ही रोजगार शुरू कर सकते हैं। लाभार्थियों को प्रधानाचार्य राजकीय आई टी आई मनीष कुमार पाल एवं प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा भी विभिन्न तकनीकी कुशलता के बारे में जानकारी दी गयी।उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक द्वारा उ0प्र0 डिजाइन संस्थानए लखनऊ की आयोजक लक्ष्मी विश्वकर्मा को नियमानुसार पूर्ण गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित कराने के निर्देश दिये गये। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के प्रबंधक सुरेश कुमार पाण्डेयए कौशल विकास मिशन के

एम आई एस मैनेजर संदीप श्रीवास्तवए संदीप सिंह एवं कार्यालय सहायकए विवेक द्विवेदी द्वारा भी सहयोग किया गया।

### पेड़ काटने के विवाद के दौरान देवर ने भाभी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला

**सलोन, रायबरेली।** पेड़ काटने के विवाद को लेकर देवर ने भाभी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।आनन फानन घायल महिला को लेकर परिजन कोतवाली पहुँचे।इसके बाद पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी भेजा।यहां हालत बिगड़ने पर महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।जबकि तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची निवासी राजरानी(42)पत्नी स्वर्गीय रामकिशोर और देवर रामलाल के बीच मंगलवार की देर शाम पेड़ काटने को लेकर विवाद शुरू हो गया।इसके बाद दोनों पक्षो से मारपीट शुरू हो गई।आरोप है कि देवर की पत्नी ज्ञानवती और पुत्री पूनम ने अधेड़ महिला को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया।वही पेड़ के पास रखी कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर दिया।वही गम्भीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। डॉक्टर अमित सचान ने बताया कि धारदार औजार से सिर के नीचे हिस्से में प्रहार किया गया है।

## सांसद ने दिया जिलेवासियों को 'स्वीमिंग' पुल का तोहफा

# अब बस्ती के संवरने की बारी

- आडिटोरिएम के बाद सांसद ने की स्वीमिंग पुल देने की पहल
- आडिटोरिएम के पास सांसद निधि से 1.50 करोड़ की लागत से निर्मित होगा स्वीमिगं पुल
- पुरुष और महिलाओं के लिए आधुनिक रुप से सुसज्जित होगा स्वीमिबं पुलः हरीश द्विवेदी

संवाददाता। बस्ती

**जिले के** लोगों को स्वीमिगं पुल का आंनद शीघ्र ही मिलने वाला है। स्थानीय सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी ने जिलेवासियों को आडिटोरिएम की तरह एक और नायाब तोहफा देने जा रहे है। यह स्वीमिंग पुल आडिटोरिएम के पास ही बनेगा। महिलाओं और पुरुषों के लिए पूर्वांचल का यह पहला स्वीमिगं पुल होगा। यह जानकारी सांसदजी ने एक भेंट में दी। कहा कि उन्होंने हमेशा जिले के विकास के लिए जितना भी हो सका उससे अधिक किया, एक तरह से उनका जीवन ही जिले के विकास के लिए समर्पित है। कहा कि उन्होंने हमेशा चाहा कि जिले का नाम देश के मानचित्र पर हमेशा रहे। उनकी सोच हमेशा प्रधामंत्री मोदीजी के सपने को साकार करने की रही। इसी सोच का परिणाम आडिटोरिएम है। पहले इसे लेकर अवश्य कुछ लोगों के मन में शंका रही, मगर आज


हरीश द्विवेदी

वह शंका निराधार साबित हुई। इसकी भव्यता देख हर कोई प्रशसां करने से नहीं चूकता। इस आडिटोरिएम का जिस तरह एक आम आदमी भी प्रयोग कर रहे हैं, उससे लगता है, कि उनका मकसद सफल हुआ। बताया कि इसी सोच को लेकर वह स्वीमिंग पुल का निर्माण करवाने जा रहे है। ताकि जिले के लोग इसका आनंद ले सके। बताया कि स्वीमिंग पुल का निर्माण सांसद निधि से होगा और इसपर डेढ़ करोड़ खर्च होगा। स्वीमिगं पुल के निर्माण होने का स्वागत हो रहा है, और इसके लिए सांसद हरीश द्विवेदी को बधाई भी मिल रही है। हालांकि कुछ लोगों के गले के नीचे आडिटोरिएम की तरह स्वीमिंग पुल नहीं उतर रहा है। अब तो इसके निर्माण और इसके उपयोग के बाद ही पता चल सकेगा कि सांसदजी की सोच कितना सही और कितना गलत रहा। बहरहाल पढ़ा लिखा तबका स्वीमिंग पुल के निर्माण की सूचना से रोमांचित हो रहा है, खासतौर नवयुवकों में इसे लेकर खास हलचल देखी जा रही है। वैसे भी सांसद महाकुंभ खेल का सफल आयोजन करके स्थानीय सांसद पूरे देश में चर्चित हो चुके हैं।

## रोजगार मेले में 1416 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, परिसर कटरा मूड़घाट रोड पर बुधवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन हुआ। मेले का उदघाटन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर कहा कि रोजगार मेला का आयोजन कर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने सरायनीय कार्य किया है। कहा कि इस तरह के आयोजन से कईयों को रोजगार पाने का अवसर मिलता है। उप निदेशक सेवायोजन ने भी आयोजकों की प्रशसां की, और मौजूद बेरोजगार अभ्यर्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि इस रोजगार मेले के आयोजन में 16 निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया है। पुरुषोत्तम मिश्र संयुक्त निदेशक प्रशि/ शिक्षु ने बताया कि बेरोजगार बच्चों के लिए रोजगार मेला एक सुनहरा अवसर है, जिससे बच्चे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। सहायक निदेशक, सेवायोजन मणि मोहन ओझा ने मुख्य अतिथियों, संयुक्त निदेशक आईटीआई, एमआईएस मैनेजर कौशल विकास मिशन, एवं उपस्थित नियोजको का धन्यवाद ज्ञापित किया। रोजगार मेले में मारूती कार पार्टस, हीरो ऑटोमोबाइल पाट्र्स, वाकारो शूज कंपनी, मोबाइल असेंबलिंग कंपनी आदि 17 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा 2476 पदों के सापेक्ष 2643 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें से 1416 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में समाजसेवी राना दिनेश प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले में रमेश कुमार आर्य, मिथिलेश मिश्र जिला सेवायोजन अधिकारी सिद्धार्थनगर, प्लेसमेन्ट प्रभारी प्रमोद कुमार व अमित रावत एवं कार्यक्रम का संचालन कार्य अनुदेशक राजेश प्रताप सिंह व सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## 29 को विशेष लोक अदालत का आयोजनः जिला जज



**संतकबीरनगर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 29, मई, 2022 को जनपद न्यायालय में आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता) के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त विशेष लोक अदालत में ऐसे समस्त मामले, जो आर्बिट्रेशन निष्पादन वादों से संबंधित हैं तथा जनपद न्यायाधीश एवं अन्य अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालयों में लंबित हैं, सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जायेंगे। इस संदर्भ में समस्त संबंधित न्यायालयों द्वारा पक्षकारों को नोटिस जारी किए जा रहें हैं। आम जनता जिनके ऐसे मामले न्यायालयों में लंबित है, आगामी 29, मई, 2022 को विशेष लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करा सकते हैं। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी हरिकेश कुमार द्वारा दी गयी।

## फेल हो गया असली ब्लॉक प्रमुखों को बुलाने का फार्मूला

# खेल कर गए शातिर खिलाड़ी!

- भेद खुलने के डर से नकली प्रमुखों ने असली को आने ही नहीं दिया, पहली बार सीडीओ के बुलाने पर भी नहीं आईं आरक्षित महिलाएं
- बीडीओ के सूचित करने के बाद भी नहीं आई सल्टौआ, बनकटी, गौर और कप्तानगंज की महिला प्रमुख

संवाददाता। बस्ती


ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ एडीओ की बैठक

**असली ब्लॉक** प्रमुखों के नाम पर राज करने वाले नकली ब्लॉक प्रमुखों ने असली प्रमुखों को बैठक लेने से ही रोक दिया। एक तरह से डीएम और सीडीओ के प्रयास को कुछ नकली प्रमुखों ने नाकाम कर दिया। सीडीओ और बीडीओ के बुलाने के बाद भी सल्टौआ, गौर, बनकटी और गौर की असली महिला प्रमुख सीडीओ के सामने नहीं आई। इस बैठक में सीडीओ ने निर्वाचित प्रमुखों को ही भाग लेने का फरमान जारी किया था। वैसे यह पहली बार हैं, जब नकली प्रमुखों को बाहर बैठना पड़ा, वरना यह लोग हर बैठक शान से न सिर्फ भाग लेते थे, बल्कि सवाल जबाव भी करते थे। भले ही चाहें नकली प्रमुखों ने असली को आने से रोक दिया, मगर नकली प्रमुखों के सम्मान को बैठक में भाग न लेने का मलाल पहली रहा। अपने आपको असली प्रमुख घोषित करने वाले नकली प्रमुखों ने सपने में भी कभी यह नहीं सोचा होगा कि उनकी इतनी बेइज्जती होगी। हालांकि बैठक में सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने स्पष्ट रुप से कह दिया कि अच्छा हो कि बैठकों में निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख ही प्रतिभाग करें। कहा कि अक्सर देखने में आ रहा है, कि निर्वाचित प्रमुख और प्रधानों को यह पता ही नहीं रहता है, कि उनके नाम पर क्या हो रहा हैं, जब किसी वित्तीय अनियमितता के आरोप में निर्वाचित खासतौर से महिला जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर होता तो उसे पता चलते है, उसके नाम लोगों ने क्या-क्या किया। सीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को यह अधिकार हैं, कि वह आरक्षण के तहत मिले अधिकारों का प्रयोग कर सके। यह भी कहा कि अगर कोई आरक्षित महिला या पुरुष के नाम पर अधिकारों का हनन कर रहे हैं, तो उसे छोड़ दे। उन्होंने सभी बीडीओ कहा भी कि अगर कोई महिला नहीं आ सकती और उसने कोई उसके स्थान पर किसी और ने प्रस्ताव दिया है, तो वह उसकी छानबीन अवश्य करे। इस मामले में उन्होंने सभी से निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनका अधिकार दिलाने और देने में मदद करने की अपील की। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासन और प्रशासन को निरंतर यह शिकायत मिल रही है, कि आरक्षित महिला और पुरुष जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। कहा कि किसी विशेष परिस्थित में किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व किया जा सकता है, मगर इसे परम्परा नहीं बनाया जा सकता है। सीडीओ के इस बात का समर्थन मौजूद सभी प्रमुखों ने किया। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यो में निवार्चित जनप्रतिनिधियों कें मामले में किसी बाहरी का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी प्रमुखों से ब्लॉक का माहौल बेहतर बनाने और साफ-सुथरा रखने की अपील की।

बैठक में कई प्रमुखों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। सीडीओ ने सबसे अधिक जोर भूसा के दान देने पर दिया, कहा कि पांच क्विंटल से अधिक दान देने वाले प्रमुखों, प्रधानों और अन्य का जिले स्तर पर भव्य रुप से सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। उन्होंने सभी से भूसा दान करने में जिले को नंबरवन बनाने की अपील की। सदर ब्लॉक के प्रमुख राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उनके ब्लॉक में कई प्रधान अपने डांगल को दूसरे को दे रखा है। जिससे उसका दुरुपयोग हो रहा है। कुदरहा ब्लॉक के प्रमुख अनिल दूबे ने कहा कि बहुत सारी ऐसी फर्जी शिकायतें आती है, जो जांच में गलत पाई जाती है, उन्होंने कहा कि अगर कोई गलत शिकायत करता है, और जांच में साबित होता है, तो शिकायत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस पर सीडीओ ने कहा कि प्रमुख और प्रधान को यह अधिकार है, कि वह गलत शिकायत करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए। कहा कि प्रमुखों और प्रधानों को इस मामले में आगे आना चाहिए, ताकि फर्जी शिकायतों का सिलसिला रुक सके। रामनगर के ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह ने कहा कि कोई जरुरी नहीं कि सभी निर्वाचित महिला और पुरुष ब्लॉक प्रमुख शिक्षित हो या फिर वह ब्लॉक का कामकाज देख सके। ऐसे में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उन्होंने ने भी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनका अधिकार दिलाने की वकालत की। विक्रमजोत के प्रमुख केके सिंह ने भूसा के भंडारण की समस्या को उठाया और कहा कि दान देने वीलने बहुत मिलेगे मगर उस भूसे का भंडारण कहां होगा, इा पर सीडीओ ने कहा कि वह लोग प्रयास कर रहे है, कि मनरेगा से कोई व्यवस्था हो जाए। इस मौके पर परसुरामपुर की प्रमुख शांति देवी, हर्रैया के विकास कुमार निषाद, साउंघाट के अभिषेक कुमार शामिल रहे। बैठक समाप्त होनें के बाद बहादुरपुर के प्रमुख रामकुमार नजर आए। डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, पीडी कमलेश सोनी और डीसी एनआरएलएम सहित सभी बीडीओ और एडीओ मौजूद रहे।

## कनेक्शन के नाम पर बिजली विभाग के अधिकारी पर लगा सुविधा शुल्क का आरोप

- पूर्व विधायक संजय प्रताप ने की कार्रवाई की मांग

**बस्ती।** पड़िया खास निवासी महबूब आलम ने अधिशाषी अभियंता प्रथम पर एक स्कूल को विधुत कनेक्शन देने के नाम पर 50 हजार रुपये का सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया है। इस पर पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल बस्ती को पत्र देकर विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर धन उगाही करने के मामले में दोषी अधिकारी को दण्डित करने और कनेक्शन दिलाने और लिए गए सुविधा शुल्क को वापस दिलाने के लिए लिखा है। आरोप है, कि इस स्कूल को शहरी कनेक्शन देने के नाम पर एक लाख की मांग की गई। 50 हजार दिया भी, अवशेष रकम न देने पर कनेक्शन आवेदन को ही निरस्त कर दिया।

**मानहानि का नोटिस देने से घबड़ा कर लगाया आरोपः** इस पूरे मामले में एक्सईएन संतोष कुमार का कहना है, कि नियमानुसार अगर किसी फर्म या उपभोक्ता को ग्रामीण या फिर शहरी क्षेत्र में से एक ही कनेक्शन देने का प्राविधान हैं। एक साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का कनेक्शन नहीं दिया जा सकता। ऐसे में अगर कोई सुविधा शुल्क के रुप में एक लाखमांगने का आरोप लगाता है, तो उसे तथ्यहीन माना जाएगा, और अधिकारी की छवि खराब करने का प्रयास भी कहा जाएगा। बताया कि जिन्होंने शहरी क्षेत्र का कनेक्शन न मिलने के कारण सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया, वह सरासर गलत और तथ्यहीन है। कहते है, कि एसडीओ और जेई की स्पष्ट रिपोर्ट हैं, कि स्कूल को शहरी विधुत कनेक्शन नहीं दिया जा सकता, क्यों कि स्कूल के नाम से पहले ही पांच किलोवाट का ग्रामीण क्षेत्र का कनेक्शन दिया जा चुका है। बताया कि यह आरोप तब लगाया गया जब आरोप लगाने वाले महबूब नामक व्यक्ति को मेरी ओर से मानहानि का लीगल नोटिस दिया गया। बताया कि नोटिस 17 मई 22 को दी गई, और नोटिस मिलने के लगभग एक सप्ताह बाद तथ्यहीन आरोप को सार्वजनिक किया गया। आरोप लगाने वाले ने सात मई 22 को डीएम को पत्र के जरिए उनके उपर एक लाख मांगने का अर्नगल आरोप लगाया गया। शिकायत में एक लाख में से पचास हजार देने की बात कही गई। यह भी आरोप लगाया गया कि जब अवशेष 50 हजार नहीं दिया गया, तो कनेक्शन देने को रिजेक्ट कर दिया। यही वह 50 हजार हैं, जिसे पूर्व विधायक ने अधीक्षण अभियंता से वापस दिलाने और कनेक्शन देने को लिखा है। अधिवक्ता के जरिए भेजे गए लीगल नोटिस में कहा गया है, कि आरोप से अधिकारी का समाज और विभाग में छवि धूमिल हुई और मानसम्मान गिरा है। एक्सईएन ने बताया कि अगर समय से जबाव नहीं मिला तो मानहानि का दावा किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी आरोप लगाने वाले पर होगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर-थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम ओरीपुरवा में बुधवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनो ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम ओरीपुरवा निवासी अमरजीत की बुधवार सुबह तबियत खराब हो गई अचानक से उसके पेट मे तेज दर्द शुरू हो गया परिजन उसे इलाज के लिए वीरबल कुट्टी पर स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक के पास ले गए जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही मृतक अमरजीत की मां ने दबी जुबान से बताया कि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से अमरजीत की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते मौके ओर सीएचसी अधीक्षक रविन्द्र सोनकर पहुँच गए लेकिन परिजनो ने कोई एतराज नहीं जताया जिसके बाद वह वापस लौट गए इसके तुरंत बाद परिजनो ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## जिला पंचायत में अजब-गजब

- इंजीनियर और ठेकेदार मिलकर बना रहे सालों चलने वाली सड़क, पहली बार मानक से अधिक गुणवत्तावाली बन रही सड़क इंजीनियर के साथ ठेकेदार भी दिखा रहे ईमानदारी

**बस्ती।** इंजीनियर की सख्ती कहे या फिर ठेकेदारों की मजबूरी। हालत यह है कि वर्तमान में जिला पंचायत के ठेकेदारों में अच्छी और गुणवत्तापरक सड़कों का निर्माण करने की होड़ लगी हुई है। कौन ठेकेदार कितनी अच्छी सड़क बना सकता हैं, इसके लिए ठेकेदारों में प्रतियोगिता हो रहा है। जिन ठेकेदारों ने कभी अच्छी सड़क बनाई ही नहीं, आज वे अच्छी ही नहीं मानक से अधिक गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण कर रहे है। इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह का कहना है, कि वैसे तो प्रदेश और देश में जिला पंचायत से भी अच्छी सड़के बनी है, और वे सड़के आज रोल माडल बनी हुई। कहते हैं, कि वह भी चाहते हैं, कि जिला पंचायत की जितनी भी सड़के बने वे सभी रोल माडल बने। तभी सरकार की मंशा भी पूरी होगी। कहते हैं, कि यह खुशी की बात है, कि ठेकेदार स्वयं अच्छी सड़कों का निर्माण करने में उनकी और विभाग की मदद कर रहे है। देखा जाए तो इंजीनियर और उनकी टीम जिला पंचायत में अच्छी सड़क बनाने की परम्परा की शुरुआत कर चुके हैं। हालांकि इसे लेकर ठेकेदारों में यह जरुर कानाफूसी हो रही है, कि आखिर वह कब तक नुकसान उठाकर अच्छी सड़के बनाते रहेगें। कुछ ठेकेदारों ने तो इस परम्परा का स्वागत करते हुए कहते हैं, कि अगर जिला पंचायत से कमीशनबाजी समाप्त हो जाए तो वाकई जिला पंचायत की कई सड़के सौ साल तक चल सकती है। हालांकि वही पर अन्य लोगों का कहना है, कि अगर जिला पंचायत से कमीशनबाजी समाप्त हो गया तो कोई भी अध्यक्ष बनने के लिए न तो करोड़ों खर्चा करेगा और न होटल को ही गिरवी रखेगा।

## क्विक न्यूज

### अध्यापक के घर लाखों की चोरी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत मुहल्ला तितौवा चौकी क्षेत्र स्थित मुहल्ला मटिहना में बीती रात चोरों ने दो घरों में लगा ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर फरार हुये। गृह स्वामी और मुहल्ला निवासियो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का किया निरीक्षण। मुहल्ला मटिहना अर्न्तगत इंन्द्रजीत सिंह और उनके भाई के घर का ताला तोड़ कर लाखो के समान नगदी जेवर आदि चोरो ने चोरी की। तितौवा चौकी इंजार्ज श्रीमती प्रतिभा सिंह ने घटना स्थल का आलोकन कर उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इसी क्रम मे जनपद की एसओजी टीम ने भी घटना स्थल का निरिक्षण किया। मुहल्ला मटिहना मे अम्बेडकर पार्क के पीछे एक नयी आबादी वाला कालोनी के रूप मे बस रही है। इसी कालोनी में बीती रात चोरों ने इंद्रजीत सिंह जो पेशे से अध्यापक है जो अपने परिवार के साथ अपने गॉव गये हुये थे जहॉं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था। बीती रात कथा समापन के अंतिम दिन पूर्णाहुति और भोज कार्यक्रम मे मुहल्ले के और लोग भी उनके गॉव गये थे। रात मे ही आस पास के लोग भोजन करने बाद वापस आ गये किन्तु घर वाले सुबह आये। इसी सब के बीच चोरो ने मौका पाकर चोरी की और आराम से फरार हो गये। परिजन जब अपने पैतृक गांव से आये तो घर खुला मिला और जब वह घर के अन्दर दाखिल हुये तब उन्हे चोरी हो जाने की जानकारी हुई।

### गैंगेस्टर के तीन आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया-पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह थाना सिरसिया द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मु0अ0सं0 126⁄2022 धारा 3 ;1द्ध उ0 प्र0 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 3 वॉंछित अभियुक्त मंगरे उर्फसलामत पुत्र आशिक अलीए मुजफ्फर पुत्र मल्हू व इसराइल पुत्र असगर अली निवासीगण गुरुवा दाव भरथा कला थाना सिरसिया श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए गोवंश को चोरी से मारकर उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाएं कारित की जाती रही है।

### राशन कार्ड पर फैल रहे भ्रम को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

**श्रावस्ती।** इकौना-कांग्रेस ने जनता के बीच राशन कार्ड और लाभार्थियों से रिकवरी को लेकर फैलाये जा रहे भ्रम की कांग्रेस ने निंदा की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम इकौना को सौंपकर गलत आदेश जारी कर जनता को भ्रमित करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम इकौना आरण् पीण् चौधरी को कांग्रेसियों द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के बाद जिला उपाध्यक्ष असलम खान ने बताया कि योगी सरकार सबका साथ सबका विकास का झांसा देकर जनता का शोषण कर रही है। विभिन्न जिलों मे खाद्य अधिकारी राशन कार्ड सरेंडर करने का आदेश जारी करके खाद्य सुरक्षा कानून का उल्लंघन कर रहे हैं उन्होंने कहा हम माननिये राज्यपाल महोदय से ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते है। इस मौके पर मुजीबुर्रहमान अब्दुल्ला खां व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीडब्लूसी ने एसओ दुबौलिया को किया तलब

**बस्ती।** बाल अधिनियम का उल्लंघन करने पर सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन प्रेरक मिश्र ने एसओ दुबौलिया को तलब किया है। बार-बार पुलिस बाल अधिनियम का उल्लघंन कर रही है। गौरतलब है कि उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दुबौलिया थाने में 14 मई को दर्ज कराई थी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए 16 मई को नाबालिग बालिका को दूसरे प्रदेश से बरामद कर लिया, बरामद होने के बाद माता पिता ने बालिका को अपने घर ले जाने की इच्छा जताई लेकिन पुलिस ने कहा कि बालिका का मेडिकल करवाना है, और सीडब्ल्यूसी के सामने प्रस्तुत करना है। इसके बाद ही बालिका को सुपुर्दगी में दिया जाएगा, सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा ने बताया कि बाल अधिनियम की मंशा के अनुसार बालिका की बरामदगी के 24 घंटे के भीतर (यात्रा में लगे समय को छोड़ कर) सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत करके अगली कार्यवाही का आदेश प्राप्त करना होता है। मगर दुबौलिया पुलिस ने ऐसा करने के बजाए बालिका को 23 मई तक अपने ही पास रोके रखा 23 मई को बालिका न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति न्याय पीठ के सदस्य अजय श्रीवास्तव डॉक्टर संतोष श्रीवास्तव मंजू त्रिपाठी गोवर्धन गुप्ता की टीम ने प्रकरण की सुनवाई करते हैं बालिका को उसके माता पिता की सुपुर्दगी में देते हुए दुबौलिया के थाना अध्यक्ष एवं मामले के विवेचक को 30 मई को न्याय पीठ के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश जारी किया है।

### ग्रापए के संस्थापक बालेश्वर लाल की पुष्यतिथि 27 को

**बस्ती।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अपने संस्थापक 'स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल की 35वीं पुण्यतिथि 27 मई को सुबह 10 बजे से पत्रकारिता दिवस के रूप में धूमधाम' से मनाएगा। यह कार्यक्रम 'प्रेस क्लब बस्ती के सभागार' में होगा। मुख्य अतिथि पंडित श्रीलाल शुक्ल इफको पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कवि एवं समालोचक 'श्री अष्टभुजा शुक्ल होंगे। विशिष्ठ अतिथि 'डा.दशरथ प्रसाद यादव'(सेवानिर्वत उपनिदेशक सूचना) व 'डा.राकेश कुमार यादव'(अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष 'श्री अवधेश कुमार त्रिपाठी' करेगे।

### एन्सेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेन्टर का हुआ निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में स्थापित इन्सेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेन्टर का निरीक्षण किया गया एवं सेंटर से सम्बन्धित समस्त मानकों को व्यवस्थित किये जाने के निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान जिला एपीडमोलॉजिस्ट डॉ0 मुबारक सर, जिला ए0ई0एस0/जे0ई0 टेक्निकल असिस्टेंट शशि चंद पाण्डेय एवं जिला कॉर्डिनेटर पाथ संतोषी उपस्थित रहे।

### वार्षिक चुनाव सम्पन्न

**संतकबीरनगर।** आर्य समाज कुशाहा बाग का वार्षिक चुनाव गत 22, मई, 2022 को सम्पन्न हुआ। सर्व सम्मति से श्रीदयाल निषाद प्रधान, प्रभु नाथ यादव उपप्रधान, राजेश कुमार पाल मंत्री, अजय गुप्ता उपमंत्री, रत्नेश कुमार कोषाध्यक्ष, कृष्ण मणि मिश्रा पुस्तकालयाध्यक्ष, अंतरंग सदस्य प्रदीप कुमार, मधुर साहू, केदारनाथ निषाद चुने गये। इस अवसर पर आर्य समाज कुशाहा बाग के संस्थापक ओम प्रकाश आर्य मौजूद थे।इस अवसर पर आर्य समाज कुशाहा बाग के संस्थापक ओम प्रकाश आर्य मौजूद थे।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आज आयोजित होगी पोषण पाठशाला

संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी नेहा** प्रकाश के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अगुवाई में बाल विकास विभाग की ओर से लोगों को विभाग की सेवाओंए पोषण प्रबन्धनए कुपोषण से बचने के उपायए पोषण शिक्षा आदि के बारें में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 26 मई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पोषण पाठषाला का आयोजन किया जाएगया।

कार्यक्रम का मुख्य थीम शीघ्र स्तनपान केवल स्तनपान है। इसके लिए मई व जून में प्रदेश में नो वाटरए ओनली ब्रेस्टफीडिंग कैंपेन चलाया जा रहा है। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह ने दी है उन्होने जन सामान्य से नियत तिथि पर वेब लिंक से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों की ओर से शीघ्र स्तनपान.केवल स्तनपान की आवश्यकताए महत्वए उपयोगिता आदि के संबध में हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जायेगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का लाइव वेब कॉस्ट भी किया जायेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण.5 के अनुसार उत्तर प्रदेश में शीघ्र स्तनपान.केवल स्तनपान की दर 23००9 प्रतिशत है। छह माह तक के शिशुओं में केवल स्तनपान की दर 59००7 प्रतिशत है। उन्होने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान है। शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए यह आवश्यक है कि जन्म मे एक घंटे के अन्दर शिशु को स्तनपान प्रारम्भ करा देना चाहिए। छः माह की आयु तक उसे केवल स्तनपान कराना चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विकास विभाग की समस्त मुख्य सेविकाएंए आंगनबाडी कार्यकत्री मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री एवं आशा को भी वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुडेगी। आंगनबाडी कार्यकत्रियां अपने स्मार्टफोन के द्वारा वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुडेगी। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों पर पंजीकृत गर्भवमी महिलाएंए धात्री महिलाएं एवं उनके परिवार के सदस्य भी कार्यक्रम में जुडेगें।

## एसीएस होम व एडीजी ने तैयारियों का लिया जायजा

- एडीजी जोन, आईजी डीएम-एसपी के साथ हर प्वाइंट चेक किया

संवाददाता। संतकबीरनगर


जानकारी लेते एसीएस होम

**संत कबीर** अकादमी के लोकार्पण हेतु आगामी 05 जून 2022 को मगहर स्थित कबीर स्थली पर राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश मेश्राम एवं ए.डी.जी. ला एण्ड आर्डर प्रशान्त कुमार द्वारा कबीर स्थली मगहर पहुंचकर संत कबीर अकादमी सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा राष्ट्रपति के आगमन के दृष्टिगत विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे साफ-सफाई, सुरक्षा, विद्युत, सड़क आदि के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था से पूछतांछ करते हुये उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में आगामी 30 मई तक सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण एवं सुसज्जित कर लिया जाये। उन्होंने जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के साथ राष्ट्रपति के आगमन स्थल पर बन रहे हेलीपैड, कार्यक्रम का रुटचार्ट, मंच व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अपर मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक, सोनम कुमार से जनपद में प्रशासन एवं कानून व्यवस्था आदि से जुड़ी तमाम बिन्दुओं की जानकारी प्राप्त करते हुये कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से पूर्ण करा लिया जाये। इस अवसर पर मण्डलायुक्त गोविन्द राजू एन.एस., ए.डी.जी. अखिल कुमार, आई.जी. राजेश डी. मोदक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राम आसरे, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एस.एन. श्रीवास्तव, अध्यक्ष नगर पंचायत मगहर संगीता वर्मा, महन्थ विचारदास, उप जिलाधिकारी सदर अजय कुमार त्रिपाठी, एस.डी.एम/प्रभारी ईओ नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एन.के. सिंह, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत आर.के. सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि, सहित अन्य सम्बन्धित जनपदस्तरीय विभागीय अधिकारी, कार्यदायी संस्था वैपकास के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गोल्डन कार्ड के लिए चलाएं विशेष अभियान: जिलाधिकारी

**संवाददाता।** चित्रकूट



निर्देश देते डीएम

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गेहूं खरीद, पीएम स्वनिधि योजना, कोविड वैक्सीनेशन, पेयजल, अमृत सरोवर निर्माण, ईकेवाईसी /केसीसी आदि की दैनिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चल रहे वैक्सीनेशन बहुत धीमी गति से चल रही है। उन्होंने कहा सेकंड डोज पर भी फोकस करें। उन्होंने यह भी कहा कि सेकेंड डोज के लिए आप लोग कॉल करके बुला कर वैक्सीनेशन कराये। और इसका प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए। गोल्डन कार्ड के अंतर्गत उन्होंने कहा कि आप लोग इसमें रूचि लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा जो लोग छूटे हैं उनका गोल्डन कार्ड बनाएं। उन्होंने डॉक्टर आर के आजाद को निर्देशित किया कि जन सेवा केंद्र के ऑपरेटरों को बुलाकर उनको ट्रेनिंग दिया जाए। जिससे की अधिक से अधिक गोल्डन कार्ड बन सकें। उन्होंने कहा कि चिड़िया की आंख देखो तभी लक्ष्य प्राप्त होगी आप एक्टिव होकर कार्य करें तभी लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि यह भारत सरकार की यह योजना है जो आपरेटर नहीं कर रहे हैं उनकी आईडी डीएक्टिवेट कर दिये जाए। पीएम किसान निधि के अंतर्गत उन्होंने कहा इसकी भी जन सेवा केंद्र पर अधिक से अधिक कराएं। उन्होंने कहा कि सुबह-शाम जाकर जनसेवा केंद्रों से कराएं। अमृत सरोवर निर्माण के अंतर्गत उन्होंने कहा कि समय रहते हुए इस कार्य को जल्द से जल्द कर लिया जाए। गेहूं खरीद के अंतर्गत उन्होंने कहा कि अभी तक 33. 48 एमटी गेहूं की खरीद हुई है।उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों पर गेहूं खरीद कम हो रही है वहां जाकर निरीक्षण कर अधिक से अधिक गेहूं क्रय करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग से आर के आजाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अपर जिला अधिकारी सत्यम मिश्रा आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा चित्रकूट: रामबाबू गुप्ता



समाजसेवी का स्वागत करते हुए

## ● चित्रकूट में हुआ रेड एंड चीफ के शो रूम का शुभारंभ

**चित्रकूट।** मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित काली देवी चौराहा पर नगर पालिका की नामित सभासद सीमा निगम द्वारा खोले गये रेड एंड चीफ के शो रूम का उदघाटन पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रहे जिले के प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने कहा कि विकास के क्षेत्र में चित्रकूट नित नई ऊचांईयों को छू रहा है। ब्रांडेड कम्पनियों के शो रूम के खुलने से शहर वासियों को अच्छी क्वालिटी के फूट वेयर एवं कपडे मिलने लगे है।

मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित काली देवी चौराहा चित्रकूट जिले का प्रमुख मार्केट बन कर उभर रहा है।मंगलवार को रेड एंड चीफ के शो रूम का भव्य शुभारंभ हुआ। पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने समारोह पूर्वक फीता काटकर किया। शोरूम की प्रोपराइटर सीमा निगम ने बताया कि रेड चीफकम्पनी के ब्रांडेड जूते, लेडीस एवं जेंटस कलेक्शन उपलब्ध है।इस मौके पर समाजसेवी विक्रम शुक्ला,चित्रांश श्रीवास्तव, राजेश सोनी, अजय रिछारिया, अतुल खरे आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने की डीएम ने बनाई रणनीति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में 6 जुलाई को जनपद चित्रकूट में होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा को आयोजित कराने के लिए जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

इस मौके पर डीएम श्री शुक्ल ने बताया कि जनपद के 5 विद्यालयों में कुल 2169 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा बहुत ही संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंशा के अनुरूप समय से पहले शुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए आप लोग विद्यालयों का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा, विद्युत, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा, साफ-सफाई आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करा कर के शासन को अवगत कराएं। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी कर्वी पूजा यादव, एस के कुरील, आर के पाल आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### सांसद आर के सिंह पटेल ने डीएम से की सचिव के निलम्बन की मांग



**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने 12 मई को पहाडी ब्लाक की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए घटना को अंजाम देने में सचिव को दोषी मानते हुए एकपक्षीय पुलिस कार्यवाही की निन्दा की है। बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि एकपक्षीय कार्यवाही को गम्भीरता से लेते हुए उन्होंने जिलाधिकारी से सचिव को तत्काल निलम्बित कर पहाडी ब्लाक से हटाने की मांग की है। कमेटी गठित कर सचिव के खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही की जाये। सांसद ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि घटना की जांच कराकर दोषी सचिव के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि घटना स्थल पर जो भाजपा कार्यकर्ता/पदाधिकारी मौजूद नहीं थे, उनका नाम रिपोर्ट से हटाया जाये। ये जानकारी सांसद आरके सिंह पटेल के हवाले से प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने दी है।

### भाकियू ने चना के खरीद केंद्र खोले जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**राठ (हमीरपुर)।** किसानों को चना का समर्थन मूल्य दिलाए जाने के लिए गल्ला मंडी में खरीद केंद्र खोले जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना दिया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। भाकियू के बुंदेलखंड महासचिव रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि किसानों ने मटर की बुवाई के साथ चना भी बोया था। इस वर्ष पिछले वर्षो की अपेक्षा कृषि लागत अधिक लगाने एवं अन्य महगाई बढ़ने के बावजूद मटर एवं तिलहन के मंडी भाव पिछले साल की अपेक्षा 1द्3 ही किसानों को मिल रहा है। बताया कि मटर की बिक्री दरों में बढ़ोत्तरी कराए जाने की अपेक्षा है तथा मटर का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करवाने की मांग की है। बताया कि चना के केंद्र भी गल्ला मंडी में खोले जाए। जिससे किसान कम दामों पर बेंचने को मजबूर न हो। किसानों ने चना बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए बेवसाइड खोल शीघ्र चना की खरीद समर्थन मूल्य पर करने की मांग की है। नहीं तो भाकियू के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करने को वाध्य होंगे। इस मौके पर बृजकिशोर, रामसनेही राजपूत, बंशीधर, रामप्रकाश राजपूत आदि मौजूद रहे।

### अब गेम.शिफ्टिंग तकनीक

**कानपुर।** कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांडए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने बहुप्रतीक्षित 2022 ओएलईडी टीवी लाइनअप के उपलब्धता की घोषणा की। सीईएस 2022 मेंए इस ओएलईडी टीवी लाइनअप के अंदर उत्कृष्ट पिक्चर क्वालिटीए बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक डिजाइन की व्यापक रूप से प्रशंसा की गईए यह नए उत्पाद बेहद शानदार इमर्सिव दृश्यों के साथ अविश्वसनीय सीमलेस एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं। 2022 ओएलईडी लाइनअप के अंदर सबसे विस्तृत सीरीज़ पेश की गई हैए इसमें 246 सेमी के दुनिया के सबसे बड़े ओएलईडी टीवी से लेकर दुनिया का सबसे पहला 106 सेमी का ओएलईडी टीवी शामिल हैए जो छोटे कमरे के लिए एकदम सही है और हर गेम खेलने वाले व्यक्ति के लिए आदर्श है क्योंकि गेम खेलते वक्त वह टीवी के करीब रहना चाहता है। इसके अलावाए एलजी अपनी सी2 सीरीज़ में एलडी ओएलईडी इवो को भी पेश कर रहा है।

### बदमाशों ने बाइक की डिग्गी खोलकर 15 हजार रुपए व मोबाइल लूटा

**राठ (हमीरपुर)।** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार रास्ते में रूककर लघुशंका करने के दौरान दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बाइक की डिग्गी तोड़ कर रुपए व मोबाइल फोन लूट लिए। उक्त युवकों के विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचा दिखाकर धमकाया और रुपए और मोबाइल ले फरार हो गए। केतवाली के बहपुर गांव निवासी रामकुमार पुत्र चंद्रभान ने बताया कि मंगलवार को वह कुम्हरिया गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। रात में शादी समारोह वापस लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव का रामसिंह पुत्र जयराम मिल गया। जिसको उसने बाइक पर बैठा लिया। जैसे ही वह लोग करौंदी मोड़ पर पहुंचे तो वह लघुशंका करने के लिए रूक गए। बताया कि उसी समय दो बाइकों पर पांच नकाबपोश बदमाश आए और बाइक की डिग्गी खोलकर पर्स में रखे 15 हजार रुपए और मोबाइल निकाल लिया। बताया कि जब उन लोगों ने देखा तो विरोध किया। विरोध करने पर उक्त बदमाश तमंचा निकालकर उसमे कारतूस भरने लगे। जिससे वह डर गए और भागने के दौरान वह फिसलकर घायल हो गया। बताया कि उक्त बदमाश बाइकों पर बैठकर रुपए और मोबाइल ले कर भाग गए। जरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### हिन्दू महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रिहा, हुआ स्वागत

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभाए उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को आज सुबह जेल से रिहा कर दिया। जेल के बाहर आते ही वहां मौजूद पार्टी के मौजूद पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर जोरदार ढंग से स्वागत किया। ज्ञातव्य हो कि बीते 22 मई को हिन्दू महासभा की निकाली जाने वाली लक्ष्मण टीला संकल्प यात्रा के रद होने के बावजूद प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को हिरासत में रखने के बाद जेल भेज दिया था। वहीं उनकी गिरफ्तारी की खबर फैलते ही गुडम्बा थाने के समक्ष हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया था। आज रिहाई के वक्त अगवानी करने पहुंचे हिन्दू महासभा के वरिश्ठ पदाधिकारियों में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश संयोजक पंकज तिवारी, उपाध्यक्ष डा. एमकेण् अग्रवाल, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव, लखनऊ जिला युवक इकाई के अध्यक्ष अंशुमान त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के अरतरा गांव निवासी एक महिला मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गयी लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार अरतरा निवासी रामबाई पत्नी घसीटा अपने खेतों से घर जा रही थी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। महिला सड़क पर गिर गई लहूलुहान अवस्था में राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### पारिवारिक कलेश से त्रस्त युवा किसान फांसी पर झूला

**जालौन (उरई)।** ग्रह क्लेश से तंग आकर युवा किसान ने बबूल के पेड़ से फांसी लगा ली। फांसी लगाने के कारण युवक की मौत हो गई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी देव सिंह उर्फ पुजारी 41 वर्ष पुत्र जगदीश अपनी पत्नी नीतू व 5 बच्चों के साथ रहता है तथा माता-पिता अलग मकान में रहते हैं। मंगलवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद दम्पति सो गया। रात के समय युवक पुजारी उठे तथा चले गए। पत्नी सोती रही।

# व्यापारियों ने डीएम से मिलकर दुकान के बाहर टीन न हटाने को कहा

**हमीरपुर।** बाजार में अतिक्रमण हटाने को लेकर आज व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य जिलाधिकारी से मिलकर दुकान के बाहर लगी टीन को न हटाने का अनुरोध किया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा है कि मामले को एसडीएम व ईओ को भेजकर जांच करा ली जायेगी इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक बस स्टाप के बाद बाजार से अतिक्रमण हटाने का अभियान की शुरुआत होनी थी जिसमे वाजार के व्यापारियो का तर्क था कि दुकान के बाहर लगी टीन को यदि हटाया जायेगा तो बरसात में दुकान के अन्दर पानी भर जायेगा और सामान बर्बाद हो जायेगा। और ग्राहको को बरसात में निकलने की समस्या आयेगी इस मामले को जिलाधिकारी ने गंभीर से लेते हुये कहा कि कल एसडीएम व नगर पालिका के ईओ द्वारा जांच करा ली जायेगी और जैसी स्थिति होगी उसी के अनुसार काम किया जायेगा।

# मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर गांव-गांव जाकर उपलब्धियां गिनायेगा किसान मोर्चा

**संवाददाता।** चित्रकूट



बैठक करते भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी

**भारतीय जनता** पार्टी किसान मोर्चा चित्रकूट द्वारा टिफिन बैठक श्रंगार पैलेस बस स्टैण्ड कर्वी मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के रूप में मनाये जाने कि तैयारी बैठक हुई।

जिसमे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कानपुर बुन्देखंण्ड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी राम सागर चतुर्वेदी ने पदाधिकारयो को सम्बोधित करते हुये कहा भाजपा किसानों के हित के निरंतर प्रयास करती है चाहे किसानों की दोगुनी आमदनी का विषय या सम्मान निधि का हो। बैठक कि अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष द्रौणाचार्य ने किया। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय मुख्य अतिथि रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अभेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां बांटी गई। जिले के प्रभारी अभेश मिश्रा ने बताया के किसान मोर्चा द्वारा जिले के सभी विधानसभा में 5 जून को अमृतसर ओवरों में श्रमदान, किसानों के साथ संवाद सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा किसानों को फलदार वृक्ष बितरण एवं प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में 11 सदस्य किसान मोर्चा की कमेटियों के गठन का निर्देश दिया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में संयोजक और 10 सदस्यों का गठन करना। कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रभारी अभेष मिश्रा द्वारा सभी विधानसभा के प्रभारी वह प्रभारी मनोनीत किए गए। चित्रकूट 236 से निर्मलइंद्र प्रकाश पांडे तथा मऊ मानिकपुर विधानसभा से जितेंद्र मोहन शुक्ला को प्रभारी, महामंत्री श्रवण पटेल, अनूप त्रिपाठी, रामबाबू सिंह चौहान जिला मंत्री किसान मोर्चा, मंडल अध्यक्ष पहाड़ी रमेश राजपूत तथा विभिन्न किसान मोर्चा के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।


# ताला काटकर लाखों का जेवर उठा ले गये चोर

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के सूने घर मे अज्ञात चोरों ने ताला काटकर जेवरो सहित लाखो का सामान पार कर दिया वही दूसरी घटना में किसान के ट्यूबेल से तीन कुन्तल लाही चोर उठा ले गये। क्षेत्र के ग्राम घटघना निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित जहानाबाद में ईंट भट्ठों में मजदूरी करता है मेरे बेटे की शादी 20 जून को निर्धारित है इसलिए मेरा बेटा गाँव आ गया था। जो 23 तारीख को अपने रिश्तेदारी ग्राम बागी जालौन चला गया था ।ग्रामीणों ने मोबाइल पर सूचना दी कि आपके घर का ताला टूटा पड़ा है ।आपका आधार कार्ड व बक्सा खेत मे पड़े मिले है ।वही विगत दिनों ग्राम परछा के ट्यूबेल से अज्ञात चोरों ने 6 बोरी लाही चुरा ली पीड़ित ने जिसकी सूचना कोतवाली में दी।

## वूट फिर चौंकाएगा दर्शकों को

**कानपुर।** स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म्स में से एक वूट अपनी विस्तृत कंटेंट श्रृंखला के साथ देश में दर्शकों के मनोरंजन का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है। अपने लगातार विस्तृत होते संग्रह में गुणवत्तायुक्त कंटेंट के दायरे का विस्तार करने के प्रयास मेंए वूट समकालीन क्राईम थ्रिलर सीरीज़, साइबर वार . हर स्क्रीन क्राइम सीन लॉन्च करने वाला है। सात एपिसोड की इस आगामी सीरीज़ में दर्शकों को सनसनीखेज अनुभव प्राप्त होगा। 10 जूनए 2022 को केवल वूट पर प्रसारित होने वाली इस सीरीज़ में दर्शकों को मुंबई में फैलते साईबरक्राईम का बढ़ता खतरा दिखाया जाएगा! साईबर वार हर स्क्रीन क्राइम सीन के साथ लोकप्रिय टेलीविज़न अभिनेताए मोहित मलिक ओटीटी की दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं। इस क्राइम थ्रिलर में वो मुख्य अभिनेता का किरदार निभा रहे हैं, जिनकी नायिका सनाया ईरानी हैं।

# नहर में हाथ-पैर धोते समय युवती का पैर फिसला, लापता



**कोंच ( जालौन )।** नहर में डूबने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। बुधवार शाम करीब तीन बजे पड़री गांव की रहने वाली 18 वर्षीय युवती हाथ पैर धोने के लिए नहर पर गई थी तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर के तेज बहाव में बह कर लापता हो गई। इस हफ्ते की यह तीसरी घटना है। पुलिस और फायर बिग्रेड के लोग मौके पर पहुंचकर युवती की तलाश में जुट गए हैं। युवती के नहर में लापता होने से गांव में हड़कंप मच गया, ग्रामीणों का जमावड़ा नहर पट्टी पर लग गया है, युवती के परिजन रोना पीटना कर रहे हैं। मूल रूप से थाना टोढी फतेहपुर के एयूनी गांव की निवासी राखी (18) पुत्री छिदामी उर्फ छिद्दू बरार अपने ननिहाल ग्राम पड़री में रहती है। छिद्दू अपनी ससुराल में पत्नी अनीता और बाल बच्चों के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करके अपनी जीविका चलाता है। राखी का नाना नंदकुमार चौकीदार है। बुधवार की शाम लगभग साढे तीन बजे राखी अपनी छोटी बहन छाया के साथ लकड़ियां बीनने गई थी। हाथ पैर धोने के लिए राखी पास ही बह रही नहर पर चली गई। अभी वह हाथ पैर धो ही रही थी कि अचानक उसका पैर फिसला और वह नहर के पानी में समा गई। यह देखकर उसकी बहन सकते में आ गई और उसने परिजनों को सूचना दी। गांव में खबर पहुंचते ही हड़कंप मच गया और तमाम ग्रामीण नहर किनारे पहुंच गए। सूचना पर कोतवाल बलिराज शाही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और फायर बिग्रेड के कर्मचारियों को बुलाकर राखी की तलाश शुरू कर दी।

# गुटखा कारोबारियों की चार फर्मों पर लाखों की टैक्स चोरी पकड़ी गयी

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि जनपद में लंबे समय से गुटखा, पान मसाला, तम्बाखू का व्यापार करने वाली चार फर्मों पर आकस्मिक डिप्टी कमिश्नर व वाणिज्य कर विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही को अंजाम देते हुये वहां पर रखे गये माल का मिलान किया तो मौके पर लगभग एक करोड़ रुपये का माल मिला जिस पर 22 लाख लगभग का टैक्स बनता था लेकिन उक्त चारों फर्मों द्वारा टैक्स चोरी का मामला पकड़ा गया। अब उक्त चारों फर्मों से उप्र माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। डीएम की सख्ती का असर अब लंबे समय से संचालित पान-मसाला, तम्बाकू का व्यापार करने वाले व्यापारियों की आकस्मिक जांच डिप्टी कमिश्नर (वि.अनु.शा.) वाणिज्य कर, झाँसी सम्भाग झाँसी से कराई गयी। उपायुक्त (वि.अनु.शा.) झांसी द्वारा दिव्या कैमिकल, बालाजी ट्रेडर्स, चन्द्रिका ट्रेडर्स एवं शिवानी प्रोडक्ट कुल 4 फर्मों पर 92.23 लाख के मूल्य का माल पाया गया जिस पर रूपया 21.64 लाख कर आरोपित किया गया। इन फर्मों के विरूद्ध उप्र माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। फिलहाल उक्त कार्यवाही के चलते जहां जिला मुख्यालय ही नहीं बल्कि तहसील मुख्यालयों में गुटखा कारोबार से जुड़ी बड़ी मछलियों में हड़कंप का आलम देखा गया। इतना ही नहीं जैसे ही आकस्मिक निरीक्षण के बारे में उन्हें जानकारी मिली तो उन्होंने अपने प्रतिष्ठानों में तालाबंदी कर इधर उधर टहलते देखे गये।

गरीब बच्चों की पढ़ाई का बजट लौट जाने का मामला

# शिक्षा निदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से किया जवाब तलब

## ● बीएसए ने अपनी गरदन बचाने के लिये डीसी पर फोड़ा ठीकरा

**हमीरपुर।** गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिये शासन से आवंटित बजट बापस लौट जाने के मामले में शिक्षा निदेशक ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर से जवाब तलब किया है। हालाकि बीएसए ने अपनी गरदन बचाने के लिये जिला समन्यवक पर ठीकरा फोड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक बेसिक शिक्षा विभाग से गरीब बच्चों को कान्वेंटो में पढ़ाने के लिये शासन से यहा के पांच हजार रुपये प्रति बच्चे के हिसाब से 16 बच्चो को अस्सी हजार रुपये बजट का आवंटन किया गया था, इसके अलावा चार हजार 128 रुपये फीस के लिये आवंटित किया गया था मगर बीएसए कल्पना जायसवाल की लापरवाही के चलते दोनो बजट शासन को वापस लौट गये थे। इस मामले में लेखाधिकारी एसपी यादव पहले ही इस मामले में सफाई दे चुके है कि उनके पास संबंधित पत्रावली बीएसए ने नही भिजवायी इसलिये उनकी कोई त्रुटि नही है। इधर जो सोलह गरीब बच्चे कान्वेंट में अध्ययन कर रहे है उनके सामने फीस व अन्य सुविधाओ के लिये कान्वेंट संचालक लगातार बजट मांग रहे है। जिले में यह पहली मर्तवा हुआ है जब मासूम बच्चो का बजट वापस चला गया है। इस मामले को शिक्षा निदेशक गणेश कुमार ने गंभीरता से लेते हुये बीएसए कल्पना जायसवाल से जवाब तलब किया है मगर बीएसए अपनी त्रुटि छिपाते हुये स्पष्टीकरण में जिला समन्यवक पर ठीकरा फोड़ दिया है। जब कि इस मामले में डीसी का बजट से कोई लेना देना नही होता है। यह मामला यहां पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर बीएसए की कई शिकायते राज्य परियोजना में पहुच जाने पर विभागीय अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की है।

# एलईडी डिस्प्ले से जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों की दी गई पूरी जानकारी



सड़क सुरक्षा की लेते वाहन चालक

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**उत्तर प्रदेश** सरकार के निदेर्शों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा जनपद के सावर्जनिक स्थलों पर प्रचार वाहन के माध्यम से एवं परिवहन कायार्लय में लगे एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी गयी व सड़क पर होने वाली दुघर्टनाओं की रोकथाम के विषय में भी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में व्यवसायिक वाहन यात्री एवं माल चालकों एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े हुए नागरिकों की सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सेव लाइफ फाउण्डेशन के सहयोग से फर्स्टरिस्पांडर एवं सेफ ड्राइविंग, बिहैवियरल की ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया।

सौरभ कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन द्वारा कायार्लय में उपस्थित सभी व्यक्तियों का अभिवादन किया व सुरक्षित परिवहन के बारे में जागरुक किया गया तथा आमजन से अपील की गई कि वे हेलमेटध्सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुघर्टना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढ़ोयें। उमेश कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा उपस्थित व्यक्तियों को सुरक्षित वाहन का संचालन करने के प्रति जागरुक करते हुये सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# नालियों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया



नालियों से अतिक्रमण हटाते सफाई कर्मी

**जालौन ( उरई )।** पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में नगर पालिका द्वारा तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें बुधवार को देवनगर चौराहा से कोतवाली डाकखाने, कांजी हाउस होकर कोतवाली रोड पर स्थित अतिक्रमण को हटाया गया। मुख्यमंत्री के अतिक्रमण के खिलाफ सख्त तेवर को देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में नगर में तीसरे दिन भी नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। तीसरे दिन अभियान की शुरूआत देवनगर चौराहे से हुई। चौराहे पर सबसे पहले चुर्खी रोड पर स्थित अतिक्रमण को हटाया गया। जिसमें नालियों पर जिन लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था उन पर पत्थर आदि रखकर नालियों को बंद कर दिया गया था। पालिका प्रशासन ने नालियों को अतिक्रमणमुक्त कराया। इसके बाद टीम डाकघर होते हुए कांजी हाउस पहुंची। कांजी हाउस से कोतवाली रोड पर अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान जिन लोगों के टिन शैड आदि दुकान के बाहर निकले थे, उन्हें भी टीम ने हटवा दिया। अभियान को लेकर ईओ डीडी सिंह ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। इसलिए जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है वह अपने अतिक्रमण स्वत: हटा लें। अन्यथा पालिका द्वारा अतिक्रमण को हटाकर उनसे जुर्माना वसूला जाएगा।

# आग की चपेट में आने से वृद्धा की हुई मौत



घटना की पड़ताल करती पुलिस

**संवाददाता।** कोंच(जालौन)

## ● मच्छरों से बचने के लिए कमरे में किया था धुआं

**ग्राम चांदनी** में एक घर में मच्छरों से बचने के लिये कमरे में धुआं करना जानलेवा साबित हुआ। धुएं के साथ उठी आग की चपेट में आने से वृद्धा की झुलसकर मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चाँदनी निवासी जियालाल के चार शादीशुदा बेटे हैं जिनमें से तीन बेटे माँ बाप से अलग आसपास ही अलग अलग घर में रहते हैं जबकि एक बेटा पवन माँ बाप के साथ ही रहता है।मंगलवार की शाम पवन अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में किसी कार्यक्रम में शामिल होने हेतु गया हुआ था और घर पर जियालाल अपनी 68 वर्षीय पत्नी दयावती के साथ अकेला था।बताया जा रहा है कि रात के समय कमरे में मच्छरों से बचने के लिए दयावती ने बिस्तर के समीप ही धुआं कर लिया और फिर दोनों सो गये।इसी दरम्यान धुएं के साथ उठी आग बिस्तर को छू गई जिसके चलते आग की चपेट में आकर दयावती बुरी तरह झुलस गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ समय बाद धुआं व आग लगी देख आसपास ही रहने वाले उसके बेटे मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। सीओ शाहिदा नसरीन, प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही व सुरई चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा ने पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतका बीते करीब 20 दिनों से अत्यधिक बीमार भी चल रही थी जिसका इलाज जारी था।

# मारियुपोल में खंडहर बनी इमारत के भूतल में मिले 200 शव

**भाषा।** कीव

**मारियुपोल** में एक अपार्टमेंट की इमारत के भूतल में मलबे से करीब 200 शव मिले हैं। मेयर के एक सलाहकार पेट्रो एंड्रीशचेंको ने कहा कि शव सड़ रहे थे और बदबू फैल रही थी। उन्होंने यह नहीं बताया कि शवों को कब ढूंढा गया था, लेकिन पीड़ितों की संख्या इसे युद्ध के सबसे घातक हमलों में से एक बताती है। इस बीच, पूर्वी औद्योगिक गढ़ डोनबास से व्यापक युद्ध की सूचना मिली है। रूस के सैनिकों ने औद्योगिक शहर पर कब्जा कर लिया। रूस ने सिविएरोडोनेट्स्क और अन्य शहरों को घेरने और कब्जा करने के प्रयासों को तेज कर दिया है।

क्षेत्रीय गवर्नर के अनुसार, डोनबास के डोनेट्स्क क्षेत्र में रूसी गोलाबारी में 12 लोग मारे गए। डोनबास के लुहान्स्क क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि यह क्षेत्र आठ वर्षों में अपने सबसे कठिन समय का सामना कर रहा है। गवर्नर सेरही हैदाई ने टेलीग्राम पर लिखा, रूसी एक ही समय में सभी दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। उनके पास बड़ी संख्या में सैनिक और हथियार हैं। आक्रमणकारी हमारे शहरों को खत्म कर रहे हैं, चारों ओर सब कुछ नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लुहान्स्क भी मारियुपोल बन रहा है। मारियुपोल पर हमले के दौरान, रूस ने एक प्रसूति अस्पताल और एक थिएटर पर हवाई हमला किया जहां नागरिकों ने शरण ली थी। एसोसिएटेड प्रेस ने जांच में पाया कि थिएटर हमले में करीब 600 लोग मारे गए, जो यूक्रेन के अधिकारियों द्वारा अनुमानित आंकड़े से दोगुनी संख्या है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसियों पर संपूर्ण युद्ध छेड़ने और अपने देश पर जितना संभव हो उतना कहर ढाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।



## यूक्रेन अपनी जमीन नहीं छोड़ेगा : जेलेंस्की

**दावोस (स्विट्जरलैंड)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश रूस के युद्ध को खत्म करने के लिए मातृभूमि नहीं छोड़ेगा। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक के दौरान यूक्रेनियन ब्रेकफास्ट में वीडियो लिंक के जरिए शामिल हुए जेलेंस्की ने कहा कि वह बिल्कुल नहीं मानते हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह से समझ रहे हैं कि यूक्रेन में क्या हो रहा है। सीएनएन की फरीद जकारिया ने सवाल किया कि क्या संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत संभव है, जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन अपनी जमीन को नहीं छोड़ने जा रहा है। हम अपने देश में, अपनी जमीन पर लड़ रहे हैं। यह किसी के खिलाफ नहीं बल्कि हमारी मातृभूमि के लिए, हमारी आजादी के लिए, हमारे स्वतंत्रता के लिए और हमारे भविष्य के लिए युद्ध है।

## मार्कोस जूनियर फिलीपीन के अगले राष्ट्रपति घोषित

**मनीला (फिलीपीन) (एपी)।** फिलीपीन में फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर को चुनाव में प्रचंड जीत के बाद बुधवार को कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र में देश का अगला राष्ट्रपति घोषित किया गया। फर्डिनेंड को, उनके तानाशाह पिता को लोकतंत्र समर्थक विद्रोह में अपदस्थ किए जाने के 36 साल बाद राष्ट्रपति घोषित किया गया है। सीनेट और प्रतिनिधि सभा ने यह भी घोषणा की कि उप राष्ट्रपति पद के लिए अलग से चुनाव लड़ने वाली सारा दुतेर्ते ने व्यापक अंतर से जीत हासिल की है। वह निवर्तमान राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते की बेटी हैं, जिनका छह साल का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। दोनों नेता कोविड-19 लॉकडाउन, गरीबी, असमानता, मुस्लिम एवं कम्युनिस्ट विद्रोह, अपराध और राजनीतिक विभाजन से पीड़ित देश का नेतृत्व करेंगे। पूर्व गवर्नर, कांग्रेस सदस्य एवं सीनेटर मार्कोस जूनियर ने अपने पिता के शासन के दौरान बड़े पैमाने पर हुए मानवाधिकार उल्लंघन और लूट को स्वीकार करने या माफी मांगने से इनकार कर दिया है।

# पार्टीगेट जांच रिपोर्ट में प्रधानमंत्री कार्यालय की कार्य संस्कृति पर उठे सवाल

**लंदन।** ब्रिटेन में लॉकडाउन के दौरान नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच रिपोर्ट में शीर्ष पर बैठे लोगों समेत प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यालय में नियमों के उल्लंघन की संस्कृति को दोषी ठहराया गया है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सू ग्रे की यह बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसी संस्कृति के लिए वरिष्ठ नेतृत्वकारी दल... को जिम्मेदारी लेनी चाहिए जिसने कार्यक्रमों को होने दिया, जिनका आयोजन नहीं होना चाहिए था। ग्रे ने प्रधानमंत्री जॉनसन के कार्यालय का हवाला देते हुए कहा कि नंबर-10 नेतृत्व करने और फैसले लेने के मामले में विफल रहा। उन्होंने जॉनसन सरकार द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के मद्देनजर लागू लॉकडाउन के दौरान सामाजिक दूरी बनाए रखने समेत अन्य नियमों के उल्लंघन के संबंध में 16 कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर जांच की। रिपोर्ट के निष्कर्षों में ग्रे ने कहा कि वह डाउनिंग स्ट्रीट में हुई पार्टियों के लिए नेतृत्व की विफलता के अपने दावे पर बरकरार हैं।

मंत्रिमंडल कार्यालय में द्वितीय स्थाई सचिव ग्रे ने कहा, मंशा जो रही भी हो, लेकिन इन अधिकतर पार्टियों के दौरान जो हुआ और जिस तरह हुआ, वो उस समय के कोविड दिशा-निर्देशों के अनुरुप नहीं था। ग्रे ने इस बात का भी जिक्र किया कि इस मामले में जारी पुलिस जांच दर्शाती है कि कई लोग इसमें शामिल थे। ग्रे की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अभियान हिलमैन के अंतर्गत जांच शुरू की थी। पिछले सप्ताह पूरी हुई इस जांच के आधार पर 83 लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है, जिनमें प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, उनकी पत्नी कैरी जॉनसन और ब्रिटिश मंत्री ऋषि सुनक का नाम शामिल है।

## ब्रिटिश पीएम जॉनसन ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर कोई नियम नहीं तोड़ा

**लंदन (एपी)।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान हुई सरकारी पार्टियों पर एक अन्वेषणात्मक रिपोर्ट का जवाब देते हुए कहा है कि वह हर चीज की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि नियम तोड़ने का दोष सरकार के शीर्ष नेतृत्व पर है। जॉनसन ने फिर जोर देकर कहा कि उन्होंने जानबूझकर कोई नियम नहीं तोड़ा। उन्होंने विरोधियों की इस्तीफे की मांग को नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह विनयपूर्ण थे और उन्होंने एक सबक सीखा था लेकिन अब यह आगे बढ़ने और सरकार की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने का समय है।

## गोटबाया ने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को वित्त मंत्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को बुधवार को वित्त मंत्री के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई, ताकि वे कर्ज में डूबे देश को उबार सकें। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को वित्त, आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय नीति मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। राजपक्षे अभूतपूर्व आर्थिक संकट के लिए जनता के आक्रोश का सामना कर रहे हैं। पांच बार प्रधानमंत्री रहे विक्रमसिंघे को श्रीलंका में उत्पन्न बड़े आर्थिक संकट के कारण उभरे राजनीतिक संकट के बाद 12 मई को फिर से नियुक्त किया गया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे का स्थान लिया, जिन्होंने आर्थिक संकट से निपटने के लिए एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार नियुक्त करने की अपने भाई की योजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने द्वीपीय देश के अन्य देशों के साथ संबंधों को फिर से स्थापित किया।

# मानवाधिकार संरक्षण में कोई भी पूर्णता का दावा नही कर सकता: शी चिनफिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शिनजियांग प्रांत में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार के आरोपों को कोई तव्वजो न देते हुए बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बैश्लेट से कहा कि कोई भी मानवाधिकार संरक्षण में पूर्णता का दावा नहीं कर सकता है और भाषण देने की कोई जरूरत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त बैश्लेट बीजिंग के साथ एक लंबी समझौता प्रक्रिया के बाद उइगर मुसलमानों के मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़े आरोपों की जांच करने सोमवार को गुआंग्झू पहुंचीं। चीन का आरोप है कि अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे कट्टरपंथी संगठनों से कथित तौर पर जुड़े पूर्वी तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ईईआईएम) ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, अफगानिस्तान और कई मध्य एशियाई देशों की सीमा से लगे मुस्लिम-बहुल शिनजियांग प्रांत में अलगाववादी विद्रोह को भड़काया है। लाखों उइगर मुसलमानों को शिविरों में रखने के कदम को चीन कौशल शिक्षा करार देता रहा है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और चीन सरकार मानवाधिकारों की व्यापक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। चीन के राष्ट्रपति ने इस दौरान यह भी कहा कि मानवाधिकार संरक्षण में कोई पूर्णता का दावा नहीं कर सकता है और हमेशा सुधार की आवश्यकता होती है।

## लंदन परिषद में पहली दलित महिला को मेयर चुना गया

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी की भारतीय मूल की राजनेता, पार्षद मोहिंदर के मिधा को पश्चिम लंदन में ईलिंग काउंसिल की मेयर चुना गया है। वह दलित समुदाय से संबंधित स्थानीय लंदन परिषद की पहली महिला मेयर बन गई हैं। मिधा को मंगलवार को परिषद की बैठक में अगले साल 2022-23 के कार्यकाल के लिए चुना गया। ईलिंग में लेबर पार्टी ने एक बयान में कहा, हमें बहुत गर्व है कि काउंसलर मोहिंदर मिधा को अगले साल के लिए ईलिंग का मेयर चुना गया है।

# उत्तर कोरिया ने तीन मिसाइलों का परीक्षण किया

**सियोल (एपी)।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को समुद्र में एक संदिग्ध इंटरकॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) और दो कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की एशिया की यात्रा समाप्त होने के कुछ घंटों बाद ही उत्तर कोरिया ने यह परीक्षण किया है। बाइडन ने अपनी यात्रा के दौरान इस बात की पुन: पुष्टि की है कि अमेरिका उत्तर कोरिया के खतरे के मद्देनजर अपने सहयोगियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर पुष्टि होती है तो यह अमेरिका के साथ परमाणु कूटनीति के बंद होने के बाद उत्तर कोरिया की ओर से दो महीने में पहली बार आईसीबीएम का परीक्षण होगा। 2018 में लंबी दूरी की मिसाइलों के परीक्षण पर अपने प्रतिबंध को दरकिनार करत हुए उत्तर कोरिया ने मार्च में दावा किया था कि उसने सबसे लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण किया है जो अमेरिका तक पहुंच सकती है। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि कोविड-19 का प्रकोप उसके देश में कमज़ोर पड़ रहा है। हालांकि इसे लेकर विवाद है।



राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की आपात बैठक के बाद, दक्षिण कोरिया की सरकार ने कहा कि उत्तर कोरिया ने एक संदिग्ध आईसीबीएम और दो कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है। दक्षिण कोरियाई सरकार ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया के लगातार उकसाने वाले कदम दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त निवारक कदमों को और मज़बूत करेंगे तथा इससे उत्तर कोरिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अलग-थलग पड़ेगा। बयान में कहा गया, हमारी सरकार उत्तर कोरिया की ओर से किसी भी तरह के उकसावे का कड़ा और प्रभावी जवाब देने के लिए लगातार तैयारी रखती है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने बयान में कहा कि इसके जवाब में अपनी क्षमता दिखाने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेना ने सतह से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलें दागीं।

# दस प्रशांत देशों से व्यापक समझौते का समर्थन चाहता है चीन

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** चीन चाहता है कि 10 छोटे प्रशांत देश सुरक्षा से लेकर मत्स्य पालन तक सभी चीजों को दायरे में लाने वाले उसके द्वारा प्रस्तावित व्यापक समझौते का समर्थन करें। इस पर एक नेता ने संबंधित देशों को चेतावनी दी है कि यह क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल करने का बीजिंग का बड़ा प्रयास प्रतीत होता है। एसोसिएटेड प्रेस को मिले समझौता मसौदे से पता चलता है कि चीन प्रशांत पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देना चाहता है और पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक सुरक्षा पर संबंधित देशों से जुड़ना चाहता है तथा कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करना चाहता है।

चीन संयुक्त रूप से मत्स्य पालन के लिए एक समुद्री योजना भी विकसित करना चाहता है। चीन ने प्रशांत देशों के साथ मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थापित करने की संभावना का भी उल्लेख किया है। चीन के इस कदम के बीच चीनी विदेश मंत्री वांग ई और 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह संबंधित क्षेत्र का दौरा कर रहा है। वांग इन देशों में से उन सात देशों का दौरा कर रहे हैं, जिनके बारे में उन्हें उम्मीद है कि वे उसके साझा विकास दृष्टिकोण का समर्थन करेंगे। इन देशों में सोलोमन द्वीप, किरिबाती, समोआ, फिजी, टोंगा, वानुअतु और पापुआ न्यू गिनी शामिल हैं। वांग अन्य तीन संभावित हस्ताक्षरकर्ताओं- कुक आइलैंड्स, नीयू और फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया के साथ भी वर्चुअल बैठकें कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि फिजी में 30 मई की बैठक के बाद संयुक्त बयान के हिस्से के रूप में संबंधित देश पूर्व-लिखित समझौते का समर्थन करेंगे। इस बीच, माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने अन्य प्रशांत देशों के नेताओं को आठ पन्नों का एक पत्र लिखकर कहा है कि उनका देश योजना का समर्थन नहीं करेगा और यदि अन्य देश ऐसा करते हैं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

# विकसित अर्थव्यवस्थाएं 2024 तक पटरी पर लौटेंगी: गोपीनाथ

**भाषा।** दावोस

**अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष** (आईएमएफ) की प्रथम उप-प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने बुधवार को कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाएं 2024 तक पटरी पर लौट आएंगी, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को जिस मुकाम पर होना चाहिए उससे वे पांच प्रतिशत पीछे रहेंगी। दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं कोरोना वायरस महामारी के कारण बुरी तरह प्रभावित हुईं और अब पुनरुद्धार के मार्ग पर धीरे-धीरे लौट रही हैं। विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक-2022 में वैश्विक वृद्धि के लिए अगले कदम विषय पर आयोजित विशेष सत्र में गोपीनाथ ने कहा कि वैश्विक पुनरुद्धार को यूक्रेन में युद्ध के कारण बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा, हमें वैश्विक वृद्धि दर में गंभीर गिरावट का सामना करना पड़ रहा है और दुनिया को लगातार विपरीत हालात से जूझना पड़ रहा है, क्योंकि जीवन-यापन का संकट हमारे सामने है। ईंधन और भोजन समेत जिंसों की कीमतें दुनियाभर में बढ़ रही हैं। केंद्रीय बैंक उच्च मुद्रास्फीति की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए उन्हें ब्याज दरों में तेज वृद्धि करना पड़ रही है लेकिन इसका भी वैश्विक वित्त और व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। गोपीनाथ ने कहा कि दुनियाभर में पुनरुद्धार भी विविध प्रकार का रहा है। उन्होंने कहा, हमारे अनुमान के मुताबिक विकसित अर्थव्यवस्थाएं 2024 में वहीं पहुंच जाएंगी जहां उन्हें महामारी नहीं होने की स्थिति में होना था, लेकिन उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को जिस मुकाम पर होना था उससे वे पांच प्रतिशत पीछे रहेंगी।

# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 303 अंक और टूटा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और उपभोक्ता कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों ने बुधवार को लगातार तीसरे दिन शुरुआती बढ़त को गंवा दिया, जिससे सेंसेक्स 300 से अधिक अंक नीचे आ गया। विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने घरेलू बाजारों पर और दबाव डाला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक बार फिर शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद 303.35 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,749.26 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.35 अंक यानी 0.62 प्रतिशत फिसलकर 16,025.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 8.04 प्रतिशत की गिरावट रही। टीसीएस, विप्रो, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एमएंडएम के शेयर भी गिरावट में रहे। एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयर इस दौरान लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों को अमेरिका में मंदी की संभावना दिख रही है।







# ईडी ने धनशोधन मामले में करनाल के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करनाल के एक कारोबारी को 155 करोड़ रुपए के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अशोक कुमार मित्तल को हिरासत में लिया गया है और मंगलवार को उन्हें पंचकूला में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने मित्तल को चार दिन के ईडी रिमांड पर भेज दिया है। मित्तल जांच के दौरान सहयोग नहीं कर रहे थे। उन्होंने सूचना को छुपाने और जांच को गुमराह करने की कोशिश की। एजेंसी के मुताबिक, महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख निदेशक मित्तल ने बैंक अधिकारी के साथ सांठगांठ में साख पत्र की सीमा 21 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 195 करोड़ रुपए करवा ली। इसे राशि को फर्जी निर्यात के नाम पर सिंगापुर में मित्तल की इकाइयों को स्थानांतरित कर दिया गया। ईडी ने कहा, मित्तल ने बैंक को कुल 155 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है।

## चाय संघ ने बराक घाटी में बाढ़ पर चिंता जताई

**कोलकाता।** भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बुधवार को असम की बराक घाटी में मौजूदा बाढ़ की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। आईटीए ने ककहा कि लंबे समय से मंदी की स्थिति के कारण यह क्षेत्र पहले से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आईटीए के एक प्रवक्ता ने कहा कि मई के पहले सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी बराक घाटी भीषण बाढ़ की चपेट में है। सभी नदियां खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही हैं और क्षेत्र के कई इलाकों को जलमग्न करने के अलावा कई जगहों पर कटाव भी कर चुकी हैं। बाढ़ के कारण बराक घाटी और ब्रह्मपुत्र घाटी के बीच सड़क संचार बाधित हो गया है, जिससे कई आवश्यक आदानों और चाय की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उस क्षेत्र के प्रमुख शहरों से कई चाय बागानों के लिए सड़क संचार बाधित हो गया है। प्रवक्ता ने कहा कि पेट्रोलियम, तेल, लुब्रिकेंट और कोयले जैसे आवश्यक आदानों की कमी की बहुत आशंका है। उन्होंने कहा कि अगर मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में खाद्य सामग्री की किल्लत भी पैदा हो सकती है।

## जनवरी-मार्च तिमाही में एनएचपीसी का शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 515.90 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में 482.35 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। एनएचपीसी ने बुधवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 2,026.62 करोड़ रुपए रही, जो इससे एक साल पहले की इसी अवधि में 2,100.12 करोड़ रुपए रही थी। कंपनी का समूचे वित्त वर्ष 2021-22 का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 3,774.33 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 3,599.88 करोड़ रुपए रहा था। एनएचपीसी की वित्त वर्ष 2021-22 में कुल आय घटकर 10,152.84 रुपए रह गई। वित्त वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 10,710.86 करोड़ रुपए रहा था।

# बिजली मंत्री ने ऊर्जा बदलाव के लिए राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से समिति गठित करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय बिजली** और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ऊर्जा बदलाव को लेकर राज्यस्तरीय निगरानी समिति गठित करने तथा 2024 तक कृषि क्षेत्र में डीजल का उपयोग बंद करने को लेकर प्रयास करने को कहा है। निगरानी समिति संबंधित राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में काम करेगी। बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल से ऊर्जा बदलाव को लेकर राज्यस्तरीय निगरानी समिति गठित करने को कहा है। ऊर्जा बदलाव से आशय तापीय बिजली की जगह नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से है। बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, परिवहन, उद्योग, आवास एवं शहरी मामलों का विभाग, कृषि, ग्रामीण विकास एवं लोक निर्माण विभाग आदि के प्रधान सचिव इन समितियों के सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। समिति को मिली जिम्मेदारी के तहत राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऊर्जा बदलाव की वार्षिक रणनीति पर काम करेंगे।

मंत्री ने बयान में कहा कि कुशल तरीके से सतत विकास पर राज्यस्तरीय लक्ष्यों को पूरा करने में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जताई गई अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का एकमात्र जरिया ऊर्जा बदलाव है। सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड जैसे कुछ राज्य पहले ही ऐसी समितियों का गठन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बदलाव के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक साथ कई स्तरों पर काम करना होगा। सिंह ने कहा कि अगर हम सभी इसपर सामूहिक रूप से काम करें, तो हम न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे, बल्कि इससे नए रोजगार भी पैदा होंगे, विकास में तेजी आएगी और अंतत: देश के प्रत्एक नागरिक को लाभ होगा। मंत्री ने राज्यों से कृषि क्षेत्र में डीजल की खपत को सीमित करके 2024 तक कृषि में इस ईंधन का उपयोग शून्य स्तर पर लाने की दिशा में प्रयास करने का भी आग्रह किया। इस संबंध में पीएम-कुसुम योजना के तहत अलग-अलग कृषि फीडर के लिए सौर ऊर्जा अपनाने को लेकर आरडीएसएस (संशोधित वितरण क्षेत्र योजना)के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## श्रीलंका को नए कर्ज देने की खबरों को विश्व बैंक ने गलत बताया

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) तब तक नया कर्ज नहीं देगा जब तक कि देश की अर्थव्यवस्था संबंधी पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनाई जाती। विश्व बैंक ने बयान जारी करके यह कहा है। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि विश्व बैंक श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए ब्रिज लोन या नई ऋण प्रतिबद्धताओं के रूप में समर्थन देने की योजना बना रहा है। हालांकि बैंक ने कहा कि वह पहले से आवंटित संसाधनों में परिवर्तन कर रहा है ताकि आवश्यक दवाएं एवं अन्य नकद सहायता दी जा सके। विश्व बैंक ने एक बयान में कहा, हाल में मीडिया में आई खबरों में कहा गया था कि विश्व बैंक ब्रिज लोन या नई कर्ज प्रतिबद्धताओं के रूप में श्रीलंका की मदद करने जा रहा है। यह गलत है। इसमें कहा गया, हमें श्रीलंका के लोगों की चिंता है और हम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अन्य विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# त्योहारों में दाम न बढ़ें, इसलिए सीमित किया चीनी का निर्यात: खाद्य सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**खाद्य सचिव** सुधांशु पांडेय ने इस साल चीनी निर्यात को एक करोड़ टन तक सीमित रखने के निर्णय को सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सरकार ने अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी सीजन के दौरान चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए समय पर और एहतियाती उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अन्य जिंसों की तुलना में चीनी की कीमतें कहीं ज्यादा स्थिर हैं, लेकिन चीनी निर्यात पर अंकुश लगाने का निर्णय इस जिंस की वैश्विक कमी के बीच खुदरा कीमतों में किसी भी तरह की असामान्य वृद्धि को रोकने के लिए लिया गया है। पांडेय ने यह भी उल्लेख किया कि भारत इस साल दुनिया के सबसे बड़े चीनी उत्पादक के रूप में उभरा है। उत्पादन के मामले में भारत ने ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है। ब्राजील को साल उत्पादन में कमी का सामना करना पड़ा है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी निर्यातक भी है।

सरकार ने 24 मई को चालू विपणन वर्ष 2021-22 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी निर्यात को एक करोड़ टन तक सीमित रखने की अधिसूचना जारी की है। एक जून से 31 अक्टूबर के बीच विशेष अनुमति के साथ निर्यात की अनुमति दी जाएगी। मीडिया को संबोधित करते हुए खाद्य सचिव ने कहा, चीनी निर्यात 2016-17 के लगभग 50,000 टन से बढ़कर इस वर्ष एक करोड़ टन हो गया है। इस बात को दिमाग से निकाल दें कि यह किसी तरह की रोक है। उन्होंने कहा कि इस साल देश का चीनी निर्यात अबतक का सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पहले ही 90 लाख टन चीनी का अनुबंध हो चुका है, जिसमें से 75 लाख टन चीनी का निर्यात किया जा चुका है। विपणन वर्ष 2020-21 में चीनी का निर्यात रिकॉर्ड 70 लाख टन रहा था। उन्होंने कहा कि अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी सत्र के दौरान चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो नए चीनी विपणन वर्ष की शुरुआत भी है और उस समय चीनी की घरेलू मांग पुराने स्टॉक से पूरी की जाती है। उन्होंने कहा कि चालू विपणन वर्ष के अंत में लगभग 60-62 लाख टन चीनी का पिछला बचा स्टॉक होगा, जो अक्टूबर-नवंबर में घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा ब्राजील में कमी होने के कारण चीनी की वैश्विक उपलब्धता कम है और इस पृष्ठभूमि के मद्देनजर घरेलू उपलब्धता और मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबंध लगाना जरूरी था। पांडेय ने यह भी कहा कि चीनी निर्यात पर प्रतिबंध समय पर लिया गया फैसला और एहतियाती कदम है क्योंकि उद्योग निकाय इस्मा को भी लगता है कि इस साल एक करोड़ टन से अधिक चीनी का निर्यात नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में अन्य वस्तुओं की तुलना में चीनी की थोक और खुदरा दोनों बाजारों में कीमतें कहीं अधिक स्थिर हैं। चीनी निर्यात पर प्रतिबंध सट्टेबाजी और बेवजह की मूल्यवृद्धि को रोकेगा। उन्होंने कहा कि चीनी की मिल पर कीमतें 32-33 रुपए प्रति किलोग्राम पर चल रही हैं, खुदरा कीमतें क्षेत्र के आधार पर 33-44 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच हैं। एथनॉल के लिए 35 लाख टन गन्ने को स्थानांतरित करने के बाद चीनी का उत्पादन इस साल दुनिया में सबसे ज्यादा 3.55 करोड़ टन है। चीनी की 2.78 करोड़ टन की घरेलू जरूरत की तुलना में इसकी उपलब्धता कहीं अधिक है। पांडेय ने एथनॉल बनाने के लिए गन्ने को भेजने और निर्यात करने से चीनी मिलों को विपणन वर्ष 2021-22 में गन्ना बकाया राशि का 85 प्रतिशत यानी 1,09,283 करोड़ रुपए किसानों को वापस चुकाने में मदद मिली है। पिछले दो साल में गन्ने का बकाया कम हो गया है।